लखनऊ, शुक्रवार
18 सितंबर, 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 80, अंक - 31, पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
**मूल्य : 3 रुपये**

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



वैभव सूर्यवंशी को नहीं मिला टी-20 सीरीज में एक भी मौका

# भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है। मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के

- मोदी बोले- भारतीय चिप की दुनियाभर में सप्लाई शुरू
- इसकी कमी से फोन-कार महंगे

यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें एडिशन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। भारत के प्लांट्स से निकलने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स अब देश और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने लगी हैं।

उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर सेक्टर ऐसा नहीं है कि फैक्ट्री लगाई और काम पूरा हो गया। इसमें टेक्नोलॉजिकल



कैपेबिलिटी बनाने में दशकों लगते हैं। लेकिन भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग कैपेबिलिटी पर एकसाथ काम किया और सफलता हासिल की है। दरअसल, इस साल सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर दिखा है। एपल ने सितंबर 2026 में भारत में कुछ आईफोन मॉडल की कीमतें 41% तक बढ़ाईं। इसके साथ ही कार और ऑटोमोबाइल में भी सेमीकंडक्टर चिप की लगातार कमी बनी रही है। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा फेज लॉन्च किया है। पहले फेज की वैल्यू करीब 70,400 करोड़ रुपए थी।

दूसरे फेज के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा एआई के लिए नई टेक्नोलॉजी पर जोरः कंपाउंड सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग से लेकर सिलिकॉन फोटोनिक्स को इकोसिस्टम में शामिल करना जरूरी है। ये सभी चीजें एआई को सक्षम बनाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी हैं। पीएम ने कहा, भारत सप्लाई चेन को मजबूत करने पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई रिफॉर्म किए गए हैं।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा

# मां गंगा का दुग्धाभिषेक, 76 मीटर चुनरी अर्पित

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस विशेष अवसर पर कई

- सीएम योगी, रक्षामंत्री ने काटा केक

प्रमुख हस्तियां वाराणसी पहुंचीं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत दिग्गजों ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से पूजन किए। पूजन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने मिलकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में आयोजित यह कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, उपस्थित सभी दिग्गजों ने श्रद्धालुओं और आम जनता के बीच केक काटा और लोगों में वितरित भी किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और जनसेवा के भाव को दर्शाता है।

इस दौरान डमरू वादन भी किया गया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में



पूजन का विशेष महत्व रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी पूजन में भाग लिया। इस दौरान धाम परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य का दिन है। भारत के प्रधानमंत्री और काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर काशी में पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के आजीवन स्वस्थ रहने की कामना की, ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बाबा विश्वनाथ धाम में पूजन कर उनके स्वस्थ रहने की कामना की गई। यहां के पुरोहितों और आचार्यों का सम्मान किया गया।

# मणिपुर के राहत शिविरों में मौतों पर अदालत सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत शिविरों में हुई 30 से अधिक मौतों, खासकर अप्राकृतिक

- पूछा- सिर्फ 20 पोस्टमार्टम क्यों?

मौतों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने मुख्य सचिव से हलफनामा मांगा है और सभी अप्राकृतिक मौतों में एफआईआर, तेज जांच तथा राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मुआवजे की राशि और



पोस्टमार्टम से जुड़े मामलों पर भी राज्य से जवाब मांगा है। इसके साथ ही वहां रह रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी अदालत को दें। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं, ने राज्य के शीर्ष अधिकारी से पूछा कि राहत शिविरों में हुई मौतों के संबंध में जस्टिस गीता मित्तल समिति की ओर से दी गई जानकारी के बावजूद कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया। पीठ ने अपने आदेश में कहा,'हम मणिपुर के मुख्य सचिव को राहत शिविरों में हुई मौतों, खासकर अप्राकृतिक मौतों के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।' अदालत ने यह भी सवाल किया कि 34 मौतों में से केवल 20 मामलों में ही पोस्टमार्टम क्यों कराया गया। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट करना होगा कि राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की अप्राकृतिक मौत होने पर केवल 20,000 से 30,000 रुपये का मुआवजा क्यों दिया गया। अदालत ने इस मामले में मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) को भी अलग से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# अभिषेक सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 बॉल में सेंचुरी जमा दी। अभिषेक ने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 35 बॉल में शतक लगाया था। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 में भारत ने 12.4

**सिर्फ 30 बॉल पर सेंचुरी**

ओवर में 2 विकेट पर 162 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन और श्रेयस अय्यर पिच पर हैं। संजू सैमसन फिफ्टी लगाकर खेल रहे हैं। उन्होंने दूसरे टी-20 में भी 57 रन बनाए थे।




अभिषेक ने 34 गेंद पर 108 रन बनाए। उन्होंने 9 चौके और 11 छक्के लगाए। अभिषेक को राशिद खान ने आउट किया। राशिद ने ही तिलक वर्मा को भी रनआउट किया। भारत ने इससे पहले पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 100 रन बनाकर अपना सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बनाया था। शतक पूरा करने के बाद अभिषेक ने हेलमेट उतारकर मैदान पर बैठकर ध्यान की मुद्रा में जश्न मनाया। इस शतक के साथ अभिषेक टेस्ट खेलने वाले देशों के किसी बल्लेबाज का सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2025 की मुख्य (लिखित) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा में शामिल 10,284 अभ्यर्थियों में से 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। चयन प्रक्रिया में कुल 814 पदों पर भर्ती होनी है। लोक सेवा आयोग के सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार मुख्य परीक्षा का आयोजन 29 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक प्रयागराज और लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कराया गया था। कुल 28 प्रकार के पदों के लिए 814 रिक्तियां घोषित की गई थीं। इनमें से एक प्रकार के पद की दो रिक्तियों पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है। इन दो पदों का परिणाम अंतिम चयन परिणाम के साथ घोषित किया जाएगा। शेष 812 पदों पर लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाना है। आयोग ने इन 812 पदों के सापेक्ष 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है।

# सिंगापुर सरकार किताब पढ़ने के बदले पैसे देगी

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार अब लोगों को किताब पढ़ने के लिए पैसे देगी। इसके लिए रोज कम से कम 15 मिनट किताब या लंबे लेख पढ़ने होंगे। पढ़ने का समय सरकारी वेबसाइट पर दर्ज करना होगा। इसके बदले रिवॉर्ड




- रोजाना कम से कम 15 मिनट पढ़ना होगा
- स्मार्ट फोन और रील्स की लत छुड़ाना मकसद

पॉइंट्स मिलेंगे, जिन्हें बाद में नकद इनाम में बदला जा सकेगा। सरकार का यह 5 साल का नेशनल रीडिंग मिशन लोगों को स्मार्टफोन, रील्स और छोटे वीडियो से कुछ समय दूर करके दोबारा पढ़ने की आदत डालने की कोशिश है। सरकार की चिंता लोगों के बढ़ते स्क्रीन टाइम को लेकर है। एनएकबी की प्रमुख मेलिसा टैम के मुताबिक, छोटे वीडियो से जानकारी तेजी से मिलती है, लेकिन लगातार बहुत सारी सूचनाएं देखने से दिमाग थक सकता है। इसके मुकाबले किताब या लंबा लेख पढ़ने में ज्यादा एकाग्रता की जरूरत होती है। इससे ध्यान लगाने, सोचने और कल्पना करने की क्षमता विकसित करने में मदद मिल सकती है। इसी वजह से सरकार ने शुरुआत के लिए रोज सिर्फ 15 मिनट का लक्ष्य रखा है। योजना के तहत हर दिन 15 मिनट पढ़ने पर 20 वर्चुअल कॉइन्स मिलेंगे। एक दिन में सिर्फ एक बार रीडिंग टाइम दर्ज किया जा सकेगा। 50 दिन तक रोज 15 मिनट पढ़ने पर 1,000 कॉइन्स पूरे होंगे।

# लखनऊ में आंधी-बारिश, पहाड़ों में नदियां उफान पर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार सुबह से बरेली, मेरठ, संभल, मुरादाबाद और कानपुर समेत 10 शहरों में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। दोपहर एक बजे लखनऊ में अचानक मौसम बदल गया। दिन में अंधेरा छा गया। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बरेली में तूफानी बारिश हुई। किला पुल पर विशाल पेड़ टूटकर गिर गया। सड़क पर लंबा जाम लग गया। हाईटेंशन लाइन टूट गई। पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना में दीवार के नीचे दबकर 5 लोग घायल हो गए। कानपुर में भी 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। फिर तेज बारिश शुरू हो गई। संभल में इतनी बारिश हुई कि सड़कें

- बरेली में तूफान, पेड़ गिरे, खंभे उखड़े, महिला की मौत

तालाब बन गईं। पानी लोगों के घरों में घुस गया। मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज 66 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। लखीमपुर खीरी में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल जलमग्न हो गई है। अमरी घाट स्थित मंदिर में पानी घुस गया है। सीढ़ियां डूब गई हैं। पीलीभीत में तेंदुए जंगलों से बाहर निकल आए हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश की संभावना है। खासकर पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# दवाओं की बिक्री पर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शेड्यूल एच,

- बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी ये सभी दवाएं

एच1 और एक्स दवाओं की रेगुलेटरी निगरानी को मजबूत करने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है।

इस बदलाव के तहत देश भर के मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने की योजना है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में 8 सितंबर 2026 को ड्राफ्ट गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। मंत्रालय के मुताबिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाएं बेहद संवेदनशील हैं।

## लश्कर कमांडर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**जम्मू।** जम्मू की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्ला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, सैफुल्ला का नाम अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले समेत कई बड़ी आतंकी वारदातों से जुड़ा है। सैफुल्ला पाकिस्तान के कसूर जिले के चंगा मांगा गांव का रहने वाला बताया गया है। आतंकी संगठन में उसे साजिद जट्ट, अली भाई, हबीबुल्लाह मलिक, लंगड़ा, नूमी, नुमान, उस्मान हबीब और शानी जैसे नामों से भी जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से आतंकी गतिविधियों में सक्रिय है और लश्कर-ए-तैयबा के संचालन में अहम भूमिका निभाता रहा है।

## हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के घर छापा

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के गुरुग्राम स्थित आवास और फार्महाउस पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच रियल एस्टेट कंपनी वाटिका लिमिटेड के खिलाफ चल रहे एक मामले से संबंधित है। वाटिका लिमिटेड पर निवेशकों को वाणिज्यिक परियोजनाओं में लुभाने का आरोप है। कंपनी ने समय पर कब्जा, सुनिश्चित रिटर्न और लीज रेंटल का आश्वासन दिया था। साथ ही, बिक्री विलेख निष्पादित करने का वादा भी किया था। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में चार परियोजनाएं हैं।

## 'हिंदी को लेकर सोच बदले तमिलनाडु सरकार'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से। पूरा मामला तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय खोलने को लेकर है। ये केंद्र सरकार की मदद से चलने वाले स्कूल हैं।




**चिंतनीय** बैन के बावजूद रोज डेढ़ करोड़ लोग दांव लगा रहे, 854 इन्फ्लुएंसर प्रचार कर रहे

# भारत में ऑनलाइन सट्टे का 10 लाख करोड़ का बाजार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कानून सख्त होने के बावजूद इसका बाजार खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इसका अवैध बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कानून से बचने के लिए प्लेटफॉर्म विदेश शिफ्ट किए गए हैं। सट्टेबाजी चलाने के लिए म्यूल बैंक खाते, टेलीग्राम समूह, नए डोमेन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर 540 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज हुईं। यानी औसतन हर दिन करीब 1.48 करोड़ बार इन मंचों तक पहुंच बनाई गई। वहीं, 854 इन्फ्लुएंसर भी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के प्रचार में शामिल मिले। संसद ने 2025 में ऑनलाइन मनी गेम पर रोक लगाने वाला कानून पारित किया। यह 1 मई 2026 से प्रभावी है। कानून लक या कौशल, दोनों तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, उनके




प्रचार और भुगतान सुविधा पर रोक लगाता है। इसके बावजूद निजी मैसेजिंग समूह, सरोगेट विज्ञापन, इन्फ्लुएंसर और एजेंट विदेश से चलने वाले सट्टेबाजी मंचों तक यूजर्स को पहुंचा रहे हैं। साइबर व डेटा प्राइवेसी एक्सपर्ट ने कहा- इंटरनेट सीमाहीन है। सट्टेबाजी वेबसाइट या ऐप को ब्लॉक करना स्थायी समाधान नहीं है। कंपनी नया डोमेन, ऐप या एपीके फाइल बनाकर फिर लौट जाती है। नेटवर्क तोड़े बिना सिर्फ प्रतिबंध से इसे खत्म नहीं किया जा सकता। सभी देशों को मिलकर साझा नियम बनाने होंगे। संबंधित एजेंसियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान और लगातार निगरानी जरूरी है।ऑनलाइन सट्टा मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। अवैध रकम को क्रिप्टो में बदलकर दूसरे देशों तक पहुंचाया जा सकता है। इसलिए तकनीकी निगरानी, प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी और अंतरराष्ट्रीय समन्वय, तीनों जरूरी हैं।

## दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्कों को सट्टे की लत

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्क सट्टे की लत से जूझ रहे हैं। इसका असर सिर्फ सट्टा खेलने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। हर यूजर से औसतन 6 लोग प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60% यूजर पैसे हारते हैं। इससे इलाज और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और इसका असर पीढ़ियों तक रह सकता है। ऑनलाइन गेमिंग में पैसे वाले खेलों के दौरान भ्रामक डिजाइन, लत बढ़ाने वाले एल्गोरिदम, बॉट और एजेंट का इस्तेमाल किया जाता है। जीत मिलने पर यूजर को इनाम का अहसास होता है। हारने के बाद रकम वापस पाने के चक्कर में अगला और बड़ा दांव लगाने की कोशिश होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, लत के तीन संकेत हैं–नियंत्रण खोना, सट्टे को प्राथमिकता देना और नुकसान के बावजूद खेलते रहना।

# पति-बच्ची को छोड़ प्रेमी के घर पहुंचने का आरोप

## बेटे पर विवाहित महिला को साथ रखने का आरोप, विरोध करने पर मां को घर से निकालने की धमकी

स्वतंत्र भारत, खुटार। पति और मासूम बच्ची को छोड़कर रुद्रपुर निवासी एक विवाहित महिला के खुटार क्षेत्र में कथित रूप से अपने परिचित युवक के घर पहुंचने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी होने पर युवक की मां ने इसका विरोध करते हुए पुलिस से शिकायत कर जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह रुद्रपुर में मजदूरी करती है। इसी दौरान उसे जानकारी हुई कि उसका पुत्र कथित तौर पर एक विवाहित महिला को अपने साथ खुटार क्षेत्र स्थित एक गांव में ले आया है। महिला के उसके घर पर रहने की जानकारी मिलने पर शिकायतकर्ता ने दोनों का विरोध किया और घर छोड़ने के लिए कहा। आरोप है कि विरोध करने पर पुत्र और महिला ने शिकायतकर्ता को ही घर से निकालने की धमकी दी। इससे परेशान होकर उसने पुलिस से शिकायत कर मामले की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी स्थिति-** शिकायत के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि विवाहित महिला किन परिस्थितियों में पति और बच्ची को छोड़कर खुटार पहुंची तथा युवक और महिला के बीच संबंधों की वास्तविक स्थिति क्या है, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## काठगोदाम और सत्याग्रह एक्सप्रेस में यात्री की हालत बिगड़ी

स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।13019 हावड़ा से चलकर काठगोदाम जाने वाली काठगोदाम एक्सप्रेस के कोच नंबर एस 1नंबर बर्थ नंबर 24 पर नरेंद्र सैनी 30 वर्ष यात्रा कर रहे थे काठगोदाम जा रहे थे पेट में दर्द होने लगा और गैस की शिकायत होने लगी नरेंद्रसैनी में ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को,3नंबर पर रोका गया नरेंद्र सैनी का प्राथमिक उपचार हुआ उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया इसके बाद एक 5274 सत्ताग्रह एक्सप्रेस रक्सौल से चलकर आनंद विहार जाने वाली सत्याग्रह एक्सप्रेस की कोच नंबर स्6 बर्थ नंबर 40 पर आलम 23 वर्ष आनंद विहार जा रहे थे सीतापुर से निकलने के बाद आलम के पेट में दर्द होने लगा आलम ने ट्रेन में चलरहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर दोनों ट्रेनों के यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया उसके बाद कियागया

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने शुरू किया सेवा



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में 'सेवा, समर्पण व संकल्प' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।प्रधानमंत्री के जन्मदिन की संध्या पर लोगों से अपने घरों और कार्यालयों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करने की अपील की गई। भाजपा नेताओं ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर से भी जुड़ा है। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, भाजपा नेता अरुण यादव चैनू, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, जिला पंचायत सदस्य पति झब्बू सिंह यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह तथा प्रधान बृजमोहन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ने का संकल्प लिया।

# जरूरतमंदों को मिला परामर्श, दवा और चश्में

## विद्यावती की पुण्यतिथि पर लगाया वृहद चिकित्सा शिविर



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। सत्य विद्या फाउंडेशन संस्था ने ददरौल क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए वृहद शिविर लगाया। यह शिविर विद्या प्लाई एंड बोर्ड प्राइवेट लिमिटेड परिसर (लालपुर, जलालाबाद रोड) में लगाया गया। करीब चार घंटे चले शिविर में 425 रोगियों की जांच की गई। तकरीबन 225 नेत्र रोगियों की जांच कर जरूरतमंद को निःशुल्क चश्मे दिए गए। दंत रोग के लिए वैन में उपचार की व्यवस्था की गई थी। अशोक अग्रवाल ने बताया कि माता स्वर्गीय विद्यावती की %छठी पुण्य तिथि% पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किया गया। उनकी कोशिश है कि जो असहाय लोग हैं, उनको उचित चिकित्सीय परामर्श मिल सके। इसमें %वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज% के सहयोग से सामान्य रोग, सर्जरी (शल्य), गुप्त, नेत्र, दंत, हड्डी, नाक, कान एवं गला, छाती एवं श्वास, स्त्री एवं प्रसूति, चर्म रोग आदि की जांच विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा करके उचित परामर्श दिया गया। ßटीम में डॉ विवेक वर्मा, डॉ ऋषि पटेल, डॉ कुश पटेल, डॉ अनुराग प्रकाश, डॉ प्रिया मिश्रा, डॉ सारांश, डॉ अनस सैफी, डॉ अर्पित कुमार, डॉ अंशू यादव, डॉ धनश्री ने चेकअप किया। साथ ही फ्री दवाइयां प्रदान की गई। सौ से अधिक नेत्र रोगियों को चश्मे %हेल्प लाइन% संस्था द्वारा निःशुल्क दिए गए।ßशिविर में सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया, विधायक अरविंद सिंह, जिलाधिकारी डीपी सिंह, एडीएम रजनीश मिश्रा, जिला कारागार अधीक्षक जेपी तिवारी, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपी सिंह राठौर, उद्योगपति प्रहलाद अग्रवाल, रामचंद्र सिंघल, सुरेश सिंघल, भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह, डॉ अनिल त्रेहन, अरुण खंडेलवाल, रवि गोयल, प्रदीप गुप्ता सीए, अनुजदेव गुप्ता, अशोक अग्रवाल मोती, संजीव बंसल, मोहन मिश्रा, हितेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अजय गोयल, प्रमुदित मिश्रा, सुधीर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, असित पाठक, डॉ संजीता अग्रवाल, नीरज बाजपेई, डॉ पुनीत टंडन, राजेश वर्मा, अंकित सिंघल, विकास अग्रवाल, अभिनव ओमर, विकास अग्रवाल, रोहित गोयल आदि के साथ अग्रवाल सेवा ट्रस्ट और अग्रसेन समारोह समिति के पदाधिकारियों ने पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जनपद में आज भौतिक मॉक एक्सरसाइज का होगा आयोजन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। आपदा प्रबंधन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भौतिक मॉक एक्सरसाइज का आज आयोजन किया जाएगा। इस अभ्यास का उद्देश्य भूकंप, अग्नि एवं औद्योगिक आपदा जैसी संभावित परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तैयारियों, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना है।मॉक एक्सरसाइज द. रेनेंसा अकादमी, तिलहर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्बा जलालाबाद,पुवायाँ इंटर कॉलेज, पुवायाँ,जानकी महाराज इंटर कॉलेज, मिर्जापुर –कृभको फर्टिलाइजर लि0, ग्राम पिपरौला, मैं आयोजन होगा आम जनमानस हेतु आवश्यक अपील हैं कि उक्त गतिविधियां पूर्व निर्धारित मॉक एक्सरसाइज/अभ्यास हैं। आम नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा अनावश्यक भय में न आएं।मॉक एक्सरसाइज के दौरान सायरन, एंबुलेंस, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपदा प्रतिक्रिया दलों की गतिविधियां दिखाई दे सकती हैं। इन्हें अभ्यास का हिस्सा समझें। अभ्यास स्थलों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा आपातकालीन वाहनों एवं बचाव दलों के आवागमन में बाधा उत्पन्न न करें। सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें। किसी भी सूचना को साझा करने से पूर्व उसकी पुष्टि अवश्य करें। संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा मॉक एक्सरसाइज को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# परिषदीय अनुदेशकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने ददरौल (शाहजहांपुर) के विधायक अरविंद कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित और मांगों को पूरा करने हेतु मांग रखी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत समस्त अनुदेशक पिछले 14 वर्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद वे आज भी कई बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सौंपे गए ज्ञापन में तीन मांगो में सुप्रीम कोर्ट के 4 फरवरी 2026 के आदेशानुसार अनुदेशक पद का सृजन कर सभी अनुदेशकों को नियमित, सुप्रीम कोर्ट के उसी आदेश के तहत प्रत्येक अनुदेशक को देय बकाया एरियर का जल्द से जल्द भुगतान कराया ,वार्षिक नवीनीकरण (रिन्यूअल) और बांड व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर एक स्थायी व्यवस्था लागू की जाए।सभी अनुदेशकों को पूरे 12 महीने का नियमित वेतन प्रदान किया जाए।,महिला अनुदेशकों को उनके ससुराल और पुरुष अनुदेशकों को उनके निवास के निकट के विद्यालयों में समायोजित या स्थानांतरित किया जाए।महिला अनुदेशकों को चाइल्ड केयर लीव और मिसकैरेज अवकाश का लाभ दिया जाए।100 या उससे अधिक छात्र संख्या वाले सभी विद्यालयों को स्थानांतरण के विकल्पों में शामिल किया जाए, ट्रांसफर प्रक्रिया को ऑफलाइन मोड में पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत बनाया जाए की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 62 वर्ष निर्धारित की जाए। इस मांग पत्र पर दिनेश कुमार देव, प्रमोद सक्सेना, अजय कुमार यादव, निर्भय सिंह, हर्षित शर्मा, अरविंद कुमार, राज कुमार, सुभाष, मनोज सुमन और मनोज गौतम सहित कई पदाधिकारियों ने समर्थन जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

# आंधी-बारिश ने बिजली व्यवस्था बिगाड़ी, 100 पोल गिरे, 15 ट्रांसफार्मर फुंके



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। बंथरा, निगोही, खुदागंज समेत कई क्षेत्रों में बिजली के करीब 100 पोल गिर गए। वहीं करीब 15 ट्रांसफार्मर फुंकने के साथ ही तमाम केबिल टूटकर खराब हो गईं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट गहरा गया। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर बिजली के पोल और तार टूटकर जमीन पर गिर गए। ट्रांसफार्मर खराब होने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली निगम के सामने एक साथ बड़े पैमाने पर हुए नुकसान के बाद आपूर्ति बहाल करना चुनौती बन गया है।तिलहर विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता कृष्ण गोपाल अग्रवाल ने बताया कि तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र में करीब 100 बिजली के पोल गिरने तथा 15 ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना है। इसके अलावा कई स्थानों पर केबिल भी टूटकर खराब हो गई हैं। विद्युत निगम की टीमें मौके पर लगाई गई हैं और लगातार नुकसान का आकलन किया जा रहा है। गिरे हुए पोल, खराब ट्रांसफार्मर और टूटी केबिल को बदलकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु करने के लिए काम किया जा रहा है।

# कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अवनीश बने जिलाध्यक्ष



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश कटियार के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष बाल कुमार पटेल के दिशानुसार अखिल भारतीय कुर्मि क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष कुंवरसेन गंगवार की निष्क्रियता के कारण उनको पद मुक्त किया जाता है उनके स्थान पर अवनीश गंगवार पुत्र कल्यान राय निवासी ग्राम जल्लापुर पोस्ट कमलापुर के जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए डॉक्टर भरत पटेल ने बताया कि संगठन में निष्क्रिय लोगों की कोई जगह नहीं है ।

# स्मार्ट रोड पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चला



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम द्वारा 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत वार्ड संख्या 09, सुभाषनगर स्थित स्मार्ट रोड पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान स्मार्ट रोड की विशेष साफ-सफाई, सड़क पर जमा पानी की निकासी, सड़क किनारे उगी घास की कटाई तथा पेड़-पौधों की छंटाई का कार्य कराया गया। साथ ही क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्रीमती सौम्या गुरुरानी जी एवं अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी सहित नगर निगम के अधिकारीगण, सफाई मित्र एवं सम्मानित पार्षदगण द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया गया। अभियान के माध्यम से 'सेवा मेरा योगदान' की भावना के साथ स्वच्छता को सामूहिक जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया गया। अभियान के उपरांत स्मार्ट रोड क्षेत्र की स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। जल निकासी, घास की कटाई एवं पेड़-पौधों की छंटाई से सड़क किनारे का क्षेत्र अधिक व्यवस्थित एवं स्वच्छ हुआ तथा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा मिला। नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता को अपनी दैनिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनाएं, कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें, अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर शाहजहाँपुर के निर्माण में अपना योगदान दें।

# भगवान विश्वकर्मा की मनाई जयंती



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजाहाँपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई। पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और भगवान विश्वकर्मा जी के महान योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके में पूर्व विधायक राजेश यादव,पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा,पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा,ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव,सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नेता डॉक्टर दोदराम वर्मा, सपा नेता अरविंद पाल, सपा अप जनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया नीलम, सविता कठेरिया,जाफरीन,लल्ला सिंह यादव,विपिन यदुवंशी,विपिन यादव,अभय शंकर,महावीर सिंह यादव,महावीर सिंह पाल,पासी राजकुमार रावत,तौसीफ अहमद, सचिन भोजवाल,आनंद शुक्ला,रमाकांत राजवंशी, रेखा सतीश पासी,वकार खान, तस्लीम खान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, अवनीश कनौजिया,अखिलेश यादव,टिंकू सिंह,अनूप कुमार वर्मा,धर्मवीर सिंह यादव, श्लोक मौर्य, आरिफ खान,रानू खान आदि मौजूद रहे।

# भगवान विश्वकर्मा से ही संसार शोभायमान : बादशाह



स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। संसार में हमें जो कुछ भी दिखाई दे रहा उसके रचनाकार भगवान् श्री विश्वकर्मा जी ही हैं। भगवान श्री विश्वकर्मा जी कृपा से ही यह संसार शोभायमान है। विश्वकर्मा की कृपा के बिना संसार की कोई भी गतिविधियां और चराचर जगत का कोई भी कार्य संभव नहीं है। उक्त विचार गायत्री शक्तिपीठ के आचार्य बादशाह शर्मा ने बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा समस्त तकनीकी विद्या और शिल्प कला के जन्मदाता हैं। इसीलिए देश विदेश के सभी कल-कारखानों में विभिन्न मत पंथ संप्रदाय के मानने वाले समान रूप से पूजते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक प्रयोजनों विशेष रूप से विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। इस अवसर पर कालोनी निवासी त्रिभुवन लाल कुशवाह,रतीराम वर्मा,राजीव अग्रवाल, सर्वेश सचान, मनोज दीक्षित, पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला, संत कुमार विश्वकर्मा, नरेश पांचाल,अभय शर्मा, विश्राम शर्मा, यशवंत मैथिल,रामू शर्मा, सुनील शर्मा, रामसेवक शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, श्रीपाल शर्मा,देवज्ञ रुप शर्मा, रामसागर शर्मा, सुभाष शर्मा, शिवदास शर्मा, मनोज शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, संदीप शर्मा सहित अनेकों विश्वकर्मा बंधुओं ने सहभागिता की। इसके अलावा विसरात घाट स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में विश्वकर्मा पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। बंडा में मनसुख शर्मा द्वारा बाबा चरन दास मंदिर परिसर में बने विश्वकर्मा मंदिर में यज्ञ और भंडारा आयोजित किया गया। सिंधौली में मुड़िया मोड़ पर शंकर बेल्डिंग वर्कशॉप पर यज्ञ और भंडारा आयोजित किया गया। सिंधौली में ही रामसनेही शर्मा के प्रतिष्ठान पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इसके अलावा जनपद के सभी सरकारी व गैर-सरकारी कल-कारखानों में विश्वकर्मा पूजनोत्सव पूरे हर्षोल्लास से किया गया।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में विधायक समेत जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। नगर पालिका परिषद की ओर से बृहस्पतिवार सुबह सात बजे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सलोना कुशवाहा की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सभासदों और पालिका अधिकारियों-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान की शुरुआत शहीद कुटी से हुई। यहां से विधायक, सभासद, जनप्रतिनिधि और पालिका के अधिकारी-कर्मचारी स्वच्छता अभियान में शामिल हुए और लोगों को आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया। अभियान विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचकर समाप्त हुआ।इस मौके पर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार समेत सम्मानित सभासदगण, नगर के जनप्रतिनिधिगण तथा पालिका के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से स्वच्छता अभियान में सहयोग करने और नगर को साफ-सुथरा रखने की अपील की।

## विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर । क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रोजा जंक्शन रेलवे पावर हाउस कार्यालय सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय रेल पथ निरीक्षक कार्यालय वरिष्ठ सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय शिव शक्ति राइस मिल गर्ग राइस मिल श्री राम फ्लोर मिल उमा एग्रो राइस मिल स्टेशन कॉलोनी रेलवे कॉलोनी पावर ग्रिड आदि क्षेत्र में हवन पूजन कर विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई उसके बाद कन्या भोज कराकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर चंदन कुमार अवधेश कुमार अमित भागवत मिश्रा राजकुमार नवीन कुमार दिगंबर प्रसाद रामवीर मुख्य लोको को निरीक्षक सहित कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक रात के खनन में, बदली भैंसी नदी की तस्वीर

## नदी को पुनर्जीवित करने के लिए डीएम ने चलाया था अभियान, सैकड़ों लोगों ने दिया था अपना श्रमदान



स्वतंत्र भारत पुवायां। जिस भैंसी नदी पुनर्जीवित करने के लिए डीएम ने लाखों रुपए खर्च किए व सैक?ो लोगों ने अपना श्रमदान दिया। उस पर अब खनन माफियाओं का कब्जा हो गया है एक ही रात में खनन माफियाओं ने भैंसी नदी की तस्वीर ही बदल डाली। लोगों का आरोप है कि खनन करने से पहले माफिया कोतवाली आए थे उसके बाद उसी रात में भैंसी नदी में जेसीबी गरजी। पुवायां में कुछ वर्ष पूर्व भैंसी नदी में खनन माफियाओं के हावी होने के कारण नदी धीरे धीरे गायब हो गई थी। नदी के विलुप्त होने की जानकारी डीएम धर्मेंद्र प्रताप को हुई तो उन्होंने लाखों रुपये खर्च करके नदी की साफ सफाई ओर करवाकर, लोगों ने अपना श्रम दान देकर इस नदी को पुनर्जीवित किया ओर जिसमें पानी की धारा बहने लगी थी। जिसके बाद डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अगर कोई भी यहां खनन करते पक?ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी साथ ही अधिकारियों को भी जानकारी देते हुए कहा कि इस नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सैक?ो लोगों ने धन मन धन से सहयोग किया है। इसलिए इसकी सुरक्षा करना भी जरूरी है ताकि खनन माफिया इस नदी में खनन न कर सके। लेकिन सोमवार की रात खनन माफियाओं ने अपना आतंक शुरू कर दिया ओर नदी में जेसीबी गरजी ओर करीब पांच छह ट्रॉलियां में रेत रात भर निकाली गई। जब रात भर खनन माफियाओं का तांडव होता रहा लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नही लगी। लोगों का आरोप है खनन माफियाओं व पुलिस की साठगांठ से ही भैंसी नदी में खनन किया गया है। इससे पहले भी कई बार हो चुका है लेकिन एक दो ट्रॉलियां ही रेत निकाली गई जिस कारण नदी में बने गड्ढे पट गए लेकिन सोमवार को पूरी रात जेसीबी चलती रही जिस कारण भैंसी नदी की तस्वीर बदल गई।

भैंसी नदी में खनन की कोई शिकायत नही मिली है। मौके पर टीम भेजकर जांच कराई जाएगी ओर खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सदानन्द सरोज एसडीएम पुवायां

# ददियुरी में सरकारी संपत्तियों पर हो रहे अवैध कब्जे के मामले ने पकड़ा तूल



**स्वतंत्र भारत बन्डा शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत ददीउरी में सरकारी संपत्तियों पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। गांव के मुख्य तालाब और एक मात्र खेल के मैदान पर कब्जे करने की कोशिश की जा रही है । जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर हिन्दू युवा संगठन ने मोर्चा संभाल लिया है।

बंडा संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी शाहजहांपुर से तत्काल हस्तक्षेप कर कार्यवाही की मांग की है। तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी ने बताया कि ग्राम ददीउरी का तालाब कभी पूरे क्षेत्र में गांव की पहचान हुआ करता था। गांव की जल-आपूर्ति, पशुओं और पर्यावरण के लिए यह तालाब जीवनरक्षक था लेकिन आज स्थिति बिल्कुल विपरीत है। स्थानीय दबंगों द्वारा तालाब की जमीन पर धीरे-धीरे अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है । प्रशासनिक अनदेखी और ग्राम पंचायत द्वारा साफ-सफाई न कराए जाने से तालाब कचरा घर में तब्दील हो गया है। तालाब में प्लास्टिक, कूड़ा-करकट और जलकुंभी का अंबार लगा है।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में गंदगी के कारण जलभराव की गंभीर समस्या हो जाती है और मच्छरों के प्रकोप से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वहीं दूसरी ओर गांव के युवाओं के लिए खेल-कूद के लिए बनाया गया एक मात्र खेल का मैदान भी कब्जे की चपेट में आ गया है। आरोप है कि मैदान के एक बड़े हिस्से पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। इस कारण गांव के बच्चों और युवाओं को खेलने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खेल का मैदान न होने से युवा नशे और गलत संगत की ओर जा रहे हैं और उनकी खेल प्रतिभा गांव में ही दम तोड़ रही है। जिसे लेकर तहसील अध्यक्ष ने ग्राम ददीउरी के तालाब की पैमाइश कराकर उसे अवैध कब्जे से तत्काल मुक्त कराये जाने तालाब की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण किय जाने और कू?ा करकट वाले खेल मैदान को खेल मैदान बनाए जाने की मांग की है ।

# गायों के अवशेष मिलने पर विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने जताया रोष

स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर। भूख के कारण हुई गायों की मौत की जानकारी पर विश्व हिंदू रक्षा संगठन की टीम गौशाला पहुंची जहां सड़ा भूसा और पास के नाले में अवशेष मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है। गांव मुड़गिवा मैं अस्थाई गौशाला बना है जिसके गोपालक प्यारेलाल ने बताया कि 95 गाय बांधी थी उनके खाने के लिए सिर्फ दो कुंतल सड़ा हुआ भूसा बचा है। जिससे भूख के कारण तीन गायों की मौत हो गई इसी गांव के नन्हेंलाल और मुकेश ने बताया कि भूख से धीरे-धीरे कई गायों की मौत हो चुकी है मौत हो जाने के बाद गौशाला के निकट पूरब में बने नाले में फेंक दिया जाता है जिसकी शिकायत अधिकारियों से की गई संज्ञान नहीं लेने पर मुख्यमंत्री से भी शिकायत की जा चुकी है भूख के कारण गायों की मौत की जानकारी पर विश्व हिंदू रक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा और जिला अध्यक्ष मनोज यादव ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम त्रिवेदी के साथ टीम गौशाला पहुंची और मौके पर 79 गाय बधीं देखकर खाने के लिए सिर्फ दो कुंतल सड़ा हुआ भूसा देखकर नाराजगी जताई और फिर पास के नाले में अवशेष देखकर मुख्य विकास अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। सपा नेता राजवीर सिंह ने भूख से गायों के मरने पर चिंता जताते हुए शासन प्रशासन से दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की उन्होंने बताया कि यदि व्यवस्था में सुधार होने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उनकी पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया कि गौशाला में थोड़ा भूसा है वह भी खराब है अच्छे भूसे के साथ हरे चारे की भी व्यवस्था कराई जाएगी और दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर में

## चीनी मिल में विश्वकर्मा पूजन कर मशीनरी की पूजा



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बृहस्पतिवार को चीनी मिल में पंडित राम जी शास्त्री द्वारा विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। सुबह करीब 10 बजे चीनी मिल के जीएम शैलेंद्र अस्थाना ने स्टाफ के साथ पंडित राम जी शास्त्री ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद चीनी मिल की मशीनरी का भी पूजन किया गया। इस दौरान मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा से चीनी मिल के सुचारू संचालन और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। विश्वकर्मा पूजा को लेकर नगर में भी उत्साह रहा। विभिन्न राइस मिलों, कारखानों और प्रतिष्ठानों में मशीनों एवं उपकरणों की साफ-सफाई कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। कर्मचारियों और श्रमिकों ने श्रद्धा के साथ पूजन कर प्रसाद वितरित किया।

## पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं, सभासदों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर नगर स्थित महादेवन मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुधीर सिंह ने स्वयं झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सभासदों, नगर पंचायत कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी मौजूद रहे। वहीं, शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना को लेकर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा देश की प्रगति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान सभासद सौरभ गुप्ता, रमेश कुमार, मुकेश कश्यप, प्रकाश राठौर, बालकृष्ण राठौर, मनवेंद्र सिंह तथा समाजसेवी सियाराम नायक सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में हुआ हवन पूजन

## विश्वकर्मा जयंती पर मन्दिर निर्माण पूर्ण कराने पर हुआ मंथन



स्वतंत्र भारत पुवायां, शाहजहांपुर। गुरुवार को स्थानीय निर्माणाधीन विश्वकर्मा मन्दिर पर भगवान विश्वकर्मा के प्राकट्य दिवस विश्वकर्मा विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। विधि विधान से पूजन अर्चन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। विश्वकर्मा मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि पुवायां में मन्दिर निर्माण का शुभारंभ 16 साल पहले हुआ था, पर्याप्त आर्थिक और सामाजिक सहयोग के अभाव में मन्दिर निर्माण का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर सामाजिक और आर्थिक सहयोग से शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष और समिति के सचिव सर्वेश शर्मा ने कहा कि सृष्टि के आदि शिल्पी भगवान् विश्वकर्मा जी के मन्दिर निर्माण का कार्य अभी भी अधूरा है प्रयास करके सामाजिक सहयोग से इसे जल्दी ही पूरा कराया जाएगा। जिसके उपरांत भगवान् विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कराई जायेगी। विश्वकर्मा मन्दिर समिति के अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, उपाध्यक्ष महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा, सचिव सर्वेश शर्मा ,जागेश्वर दयाल शर्मा ,श्रीपाल शर्मा रामबचन शर्मा ,रामनिवास सूरज विश्वकर्मा ,आनंद शर्मा, दिनेश शर्मा ,हरिश्चंद्र शर्मा, मेवाराम पहलवान, प्रमोद शर्मा, समुलिया प्रधान आशीष शर्मा ,कवि प्रदीप वैरागी, शगुन शर्मा ,अंजलि, सुमन रामवीर आदि उपस्थित रहे।

## रामगंगा नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

स्वतंत्र भारत जैतीपुर। थाना गढ़िया रंगीन के गांव डभौरा के सर्वेश की रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसके शव को नदी से बरामद किया मृतक अपने खेत पर फसल को देखने गया था। ग्रामीणों के अनुसार 32 वर्षीय सर्वेश पुत्र उदयराज अपने खेत पर फसल को देखने गया था इसी दौरान रामगंगा नदी से सटी तलहटी में अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में चला गया आसपास में खेत की फसल की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने सर्वेश को डूबता देख शोर बचाना शुरू कर दिया जिससे तमाम किसान मौके पर इकट्ठा हो गए काफी मशक्कत के बाद करीब दो ढाई घंटे बाद सर्वेश के शव को बरामद किया गया। सूचना पर थाना प्रभारी ओम प्रकाश अपनी टीम के साथ पहुंचे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर पौधारोपण, मरीजों को बांटे फल



स्वतंत्र भारत खुटार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने ब्लॉक परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अखिलेश मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल संयोजक रोशनी बाल्मिकी, मुनीश कुमार राठौर, प्रदीप मिश्रा, जलज पांडे, खंड विकास अधिकारी रामचंद्र यादव सहित ब्लॉक के कर्मचारियों ने पौधे लगाए। सभी ने पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित सहित अन्य लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचे, जहां मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान मरीजों का हालचाल भी जाना गया।

## बछड़े से टकराई वंदे भारत, इंजन का नोज क्षतिग्रस्त

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। गुरुवार को बनारस से मेरठ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस (22489) उस समय हादसे का शिकार होते-होते बच गई, जब करीब 4=31 बजे रेलवे ट्रैक पर आए गाय के बछड़े से ट्रेन के इंजन के अगले हिस्से में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेन के इंजन का नोज क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना के बाद ट्रेन को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण किया। जांच के बाद ट्रेन को करीब 13 मिनट बाद 4=44 बजे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के चलते यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। हालांकि ट्रेन के रवाना होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

रेलवे ट्रैक पर मवेशियों के पहुंचने से ट्रेनों के संचालन में खतरा बना रहता है। वंदे भारत जैसी तेज रफ्तार ट्रेनों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। घटना के बाद रेलवे ने ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता महसूस की।

## मकसूदापुर चीनी मिल में हुआ हवन पूजन



**स्वतंत्र भारत बंडा शाहजहांपुर।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर एवं बजाज एनर्जी में भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। संपूर्ण सृष्टि के निर्माण कर्ता भगवान विश्वकर्मा की पूजा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड के वर्कशॉप में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक की गई ।मंदिर के पुजारी रामनिवास मिश्रा ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी- देवताओं का पवित्र मंत्रों से आवाहन कर पूजा -अर्चन किया और छोटी-बड़ी सभी मशीनों की चीनी मिल के युनिट हेड डाक्टर हरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पूजा की। इस अवसर पर हुए हवन में मिल के यूनिट हेड सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व कर्मचारियों ने यज्ञ कुंड में आहुति डाली, तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उधर बजाज एनर्जी में युनिट हेड निशांत श्रीवास्तव ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया तथा प्रसाद वितरण कर सभी भंडारे में शामिल हुए।

## पुलिस ड्राइवर के संरक्षण में धड़ल्ले से चल रहा अवैध मिट्टी खनन

स्वतंत्र भारत खुटार। थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार धड़ल्ले से चलने के आरोप लगाए जा रहे हैं। थाना के एक ड्राइवर पर पद का कथित दुरुपयोग करते हुए रुपयों की सांठगांठ के जरिए नगर और क्षेत्र के कई गांवों में दिन-रात अवैध मिट्टी खनन कराए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित पुलिसकर्मी की कथित देखरेख में खनन करने वाले लोग बेखौफ होकर जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी का खनन और परिवहन कर रहे हैं। आरोप है कि खनन का यह सिलसिला लंबे समय से जारी है, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन के संबंध में उच्चाधिकारियों से पूर्व में कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने और यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो अवैध खनन में शामिल लोगों के साथ-साथ संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर चिकित्सा अधीक्षक ने किया रक्तदान

### सीएचसी में आयोजित रक्तदान शिविर में डॉ. ओमेंद्र राठौर ने स्वयं किया रक्तदान



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तिलहर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओमेंद्र राठौर ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया।डॉ. ओमेंद्र राठौर ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि जरूरत के समय मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके।शिविर में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने चिकित्सा अधीक्षक के इस कदम की सराहना की। रक्तदान करने वाले लोगों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सेवा और मानवता का संदेश दिया गया।

# आंधी तूफान के साथ हुई बारिश से गिरे पेड़ और टूटे बिजली के खम्भे



स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक तेज आंधी के साथ हुई बारिश से तिलहर-निगोही मार्ग पर जनजीवन प्रभावित हो गया। डड़िया गांव, गढ़ा और बिरसिंहपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर विशाल पेड़ और बिजली के खंभे टूटकर सड़क पर गिर गए। इससे मार्ग पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जहांनपुर से बिरसिंहपुर के बीच कई पेड़ सड़क पर गिरने के साथ बिजली के तार भी सड़क पर बिखर गए। इससे तिलहर-निगोही मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी देर तक परेशानी झेलनी पड़ी। बताया गया कि करीब 15 से 20 मिनट तक चली तेज आंधी से क्षेत्र में कई जगह नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें चौपट हो गई । वहीं बिजली के खंभे टूटकर गिरने से कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो हुई! मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सड़क पर गिरे बिजली के तारों और टूटे खंभों से दूर रहने तथा बिना पुष्टि के विद्युत आपूर्ति चालू होने की स्थिति में तारों के पास नहीं जाने की सलाह दी ! वाहन चालकों से भी पेड़ और बिजली के तारों से प्रभावित मार्ग पर सावधानी से गुजरने तथा मौसम खराब होने पर अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की गई है। आंधी थमने के बाद ग्रामीणों और राहगीरों ने सड़क से गिरे पेड़ों और बिजली के तारों को हटाकर आवागमन सुचारू कराने की मांग की। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से जल्द से जल्द मार्ग को साफ कराने तथा विद्युत व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाने का कार्य किया, वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों ने भी रोड़ से पेड़ों को हटवाने में मदद की। जिससे मार्ग पर बाधित आवागमन को सुचारू कराने में मदद मिली।

इस मौके पर देवेश यादव, आशीष यादव, सत्यपाल बर्मा, सोनू यादव, समरेंद्र मास्टर साहब, दिलीप कुमार, श्री कृष्णा यादव, काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से हवन पूजन कर विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया



स्वतंत्र भारत निगोही शहजहांनपुर। निगोही क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजा दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में मशीनरी कारखाना बिजली घर, आदि प्रतिष्ठानों पर लोगों ने शास्त्रों की पूजा कर हवन कराया । 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा दिवस के रूप में भारत देश मनाता है! जिसमें कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा मशीनरी शस्त्रों के निर्माता हैं! भगवान विश्वकर्मा मजदूर शिल्पकार जो भी मशीनरी से जुड़ा हुआ है ,उन सभी के भगवान विश्वकर्मा देवता हैं । निगोही थाना निकट लकी कोचिंग सेंटर विश्वकर्मा पूजा दिवस के रूप में मनाया गया! जिसमें शास्त्रों का पूजन हवन किया गया! निगोही के बिजली घर में यज्ञ हवन कर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया! निगोही क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर चकोरा में भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा की गई ,जिसमें सभी कारीगरों ने अपने औजारों का पूजन कर हवन का आयोजन किया! समस्त क्षेत्र वासियों ने अपने अपने-अपने प्रतिष्ठान मशीनरी कारखाने पर पूजन किया! इस पूजन में लकी कोचिंग सेंटर पर रमेश चंद्र शर्मा अरुण कुमार शर्मा मनोज कुमार राज बहादुर गजेंद्र शर्मा राजीव शर्मा राजा भईया, बिजली घर में ह्रद्द2 उदित कुमार मौर्य पर्वेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार रामवीर जितेंद्र वर्मा सौरभ अनिल दमन आदि लाइनमैन ने पूजन किया! विक्रमपुर चकोरा में ब्रह्मानंद विश्वकर्मा में पूजन का आयोजन किया जिसमें सुधीर शर्मा रणजीत शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष पति अजय कुमार यादव सर्वेश यादव प्रधान चकोरा ओमपाल मौर्य सूरज पाल शर्मा ने पूजा कर प्रसाद का आनन्द लिया ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोडा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेबिल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-- विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हेतमनगला विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**
**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत हेतमनगला में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोड़ा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेबिल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**

# सांप के डसने से नवविवाहिता की मौत

## बिस्तर में घुस गया सांप, उंगली में डसा

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)। तहसील क्षेत्र जलालाबाद के गांव याकूबपुर में बुधवार रात सांप के डसने से 25 वर्षीय नवविवाहिता की मृत्यु हो गई। सांप के डसने के बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़-फूंक कराने के लिए भगत के पास लेकर पहुंचे। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कस्बे के निकटवर्ती गांव याकूबपुर निवासी आकाश की पत्नी किरन बुधवार रात घर के बाहर नाले के पास मच्छरदानी लगाकर बिस्तर पर सो रही थी। रात करीब 12 बजे बिस्तर में घुसे सांप ने



उसके हाथ की उंगली में डस लिया। किरन ने पास में सो रहे पति आकाश और जेठ लखन को जगाकर सांप के काटने की जानकारी दी। परिजनों ने बिस्तर की तलाशी ली तो उसमें सांप दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने सांप को मार डाला। सांप के डसने के बाद परिजन किरन को पड़ोसी गांव गुरुग्वां एक भगत के पास झाड़-फूंक कराने ले गए। वहां से मना किए जाने के बाद परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान किरन ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि किरन की शादी करीब एक वर्ष पहले फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज निवासी आकाश से हुई थी। नवविवाहिता की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया।

# टैम्पो चालक और उसके अज्ञात साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर -शाहजहांपुर।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर टैंपो चालकों के विवाद में अनुसूचित जाति के टैंपो चालक के रिश्तेदार छात्र के साथ मारपीट की घटना के तीन माह बाद अनुसूचित जाति के छात्र के पिता ने दूसरे टैंपो चालक और उसके दो तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढाई निवासी वीरपाल कठेरिया ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 24 जुलाई 2026 को उसका पुत्र शनि शिवमंगल सिंह पीजी कॉलेज मिर्जापुर से पढ़कर घर लौट रहा था। तभी कस्बे के मुख्य चौराहे पर उसके रिश्तेदार टैंपो चालक राकेश कठेरिया और मिर्जापुर कस्बे के टैम्पो चालक सचिन प्रजापति पुत्र कल्लू प्रजापति से झगड़ा हो रहा था। पीड़ित छात्र के पिता वीरपाल कठेरिया का कहना है कि उसके पुत्र शनि ने रिश्तेदार से हो रहे झगड़े में बीच बचाव किया। तभी सचिन प्रजापति ने अपने दो तीन अज्ञात साथियों के साथ उसके पुत्र शनि कठेरिया को दो तीन थप्पड़ मारते हुए जाति सूचक गालियां दीं। अगले दिन इन्हीं लोगों ने जलालाबाद में भी इसी रंजिश में उसके रिश्तेदार टैम्पो चालक राकेश कठेरिया के साथ मारपीट की। आरोप है कि घटना की तहरीर देने के बाद पुलिस ने तत्काल उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। काफी सिफारिश करवाने के बाद पुलिस ने 24 जुलाई 2026 की घटना की रिपोर्ट बीते दिवस आरोपी सचिन प्रजापति और उसके दो तीन अज्ञात साथियों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की विवेचना सीओ जलालाबाद कर रहे हैं।

# दहेज हत्या मामले में पति सहित चार पर रिपोर्ट

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)। दहेज हत्या मामले में मृतका के पिता की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगों पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना आरंभ कर दी है। घटना गत 6 सितंबर रविवार की है। हरदोई के थाना शाहबाद अल्लापुर तिगाह निवासी राम प्रताप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी छाया (22) का विवाह आज से लगभग सवा साल पहले थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव कुम्हरुआ निवासी धर्मवीर के साथ किया था। तहरीर में आरोप लगाया कि दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर आए दिन उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित करते थे पति धर्मवीर सास गुड्डी, ससुर अशोक व देवर प्रसून आए दिन मारपीट कर मायके से दहेज की मांग पूरी करने के लिए दबाव बनाते थे गत 6 सितंबर रविवार सुबह पति-पत्नी में खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ उसके बाद विवाहिता के साथ मारपीट की गई पिता ने बेटी छाया को मारपीट कर फंसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति धर्मवीर के अलावा सास, ससुर व देवर सहित चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी है। कोतवाल अरविंद सिंह चौहान से पूछने पर उन्होंने बताया कि मृतका छाया की मौत फांसी पर लटकने से हुई है पिता द्वारा थाने पर तहरीर दी गई है रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है।

# आंधी-बूंदाबांदी से कई गांवों में धान की फसल खेतों में बिछी

स्वतंत्र भारत परौर शाहजहांपुर। गुरुवार शाम क्षेत्र में अचानक तेज आंधी के साथ हुई हल्की बूंदाबांदी से किसानों की चिंता बढ़ गई। तेज हवा के कारण काकोड़ा, जरौली, गहवरा, मोहनपुर, दहेलिया, कुंडरी समेत आसपास के कई गांवों में खेतों में लगभग तैयार हो चुकी धान की फसल जमीन पर गिर गई। कटाई से ठीक पहले फसल गिरने से किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है। किसानों के मुताबिक धान की फसल इस समय पकने की कगार पर है। कई खेतों में बालियां पूरी तरह निकल चुकी हैं और कटाई की तैयारी चल रही थी। इसी बीच तेज हवा चलने से धान के पौधे खेतों में बिछ गए। हल्की बूंदाबांदी के बाद किसानों को आशंका है कि यदि आने वाले दिनों में तेज बारिश हुई तो गिरी हुई फसल को और नुकसान हो सकता है। किसानों ने बताया कि धान की फसल तैयार करने में खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च हुआ है। ऐसे समय में फसल गिरने से उत्पादन प्रभावित होने के साथ कटाई में भी अतिरिक्त परेशानी हो सकती है। किसानों ने मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई है, जिससे खेतों में गिरी फसल को जल्द काटकर सुरक्षित किया जा सके। क्षेत्र में तेज आंधी के बाद किसानों ने अपने खेतों का रुख कर फसल का जायजा लिया। किसानों का कहना है कि यदि मौसम फिर बिगड़ा तो तैयार धान की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से गिरकर घायल हुए यात्री की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** बुधवार शाम 6~ बजे रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 12469 कानपुर जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर घायल हुए यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई जिससे परिवार में कोहरा म मच गयागया राकेश कुमार 62 वर्ष पुत्र हरद्वारी लाल ग्राम बकैन थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर निवासी बुधवार शाम हरदोई रेलवे स्टेशन से लुधियाना जा रहे थे हरदोई रेलवे स्टेशन पर भीड़अधिक होने के कारण स्लीपर क्लास के डिब्बे में घुस गए रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्टॉपेज नहीं है लेकिन किसी कारण बस ट्रेन रुक गई इस समय राकेश कुमार ने अपना डिब्बा बदलने के लिए रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उतरे तभी ट्रेन चलती चलती ट्रेन पर चढ़ते समय राकेश कुमार का पैर फिसल गया और पर प्लेटफार्म और रेल पटरीके बीच में आ गयाजिससे उनकी दोनों टांगें कट गई घायल यात्री को राजकीय रेलवे पुलिस ने जिला अस्पताल भर्ती कराया है जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते हैं उनके परिवार में कोहराम मच गया राजकीय रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिसोदिया ने बताया देर रात यात्री राकेश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जलाए दीपक

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर शाम को पुवायां में सरकारी कार्यलयों व जनप्रतिनिधियों के दीपक जलाकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस बीच नगर में कहीं भी दीपक जलते नजर नही आये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर नगरपालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता ने राजीव चौक पर सभासदों के साथ दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से जन्मदिन मनाया ओर सांसद मिथलेश कुमार के आवास पर भी दीपक जलते मिले। लेकिन सरकारी कार्यालयों को छोड़कर अधिकांश स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित होते नजर नहीं आए। सरकारी कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान दीप जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस बीच नगर में कहीं भी दीपक जलते नजर नही आये है। व्यापारियों की दुकानों या अन्य कहीं भी दीपक नही जले क्षेत्र में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर हुए आयोजनों की चर्चा दिनभर रही। हालांकि, सार्वजनिक स्तर पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रमों की कमी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

### पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने व्यक्त की शोक संवेदना



स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ नारायणपुर पट्टी करमू पहुंचकर लवकुश सिंह के निधन पर परिजनों को सांत्वना देकर संवेदना व्यक्त की। ददरौल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह यादव एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के नारायणपुर पत्ती पहुंचे जहां लवकुश सिंह यादव की मृत्यु हुई थी उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिवार को शांत नदी श्री वर्मा ने उनके पुत्रों अनिल यादव संदीप यादव सनी यादव से हर समय सुख-दुख में साथ रहने की बात कही इस दौरान पूर्व प्रमुख सर्वेश कुमार वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह, धर्मवीर सिंह यादव, सत्यपाल सिंह यादव, शीशपाल सिंह विनीत वर्मा, श्याम पाल वर्मा, अनूप वर्मा सहित कई सपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर जलाये दीप

स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा विधायक श्रीमती सलोना कुशवाहा व ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह ने हमजापुर स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किए गए इस मौके पर श्रीमती कुशवाहा ने कहा की नये भारत के शिल्पकार नरेंद्र मोदी ने अपनी अनवरत जन सेवा राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूरे करने जा रहे हैं ! यह यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को शुरू हुई थी 12 वर्ष 7 माह तक गुजरात के सफल मुख्यमंत्री के रूप में कार्य-भार संभाला! नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में प्रथम बार शपथ ली तब से लेकर आज तक उन्होंने जनसेवा से राष्ट्र



सेवा के मंत्र को कर दिखाया! सतत जारी है ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने जीवन के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर इसी तरह क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर व अन्य कार्यक्रम करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन, विषेश रूप से मनाया गया! नगर पंचायत निगोही में सभासदों एवं सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्यक्रम किया तो वहीं वन विभाग ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही प्रभारी नितिन चौधरी की देख देख में मरीजों का बेहतर इलाज के साथ, फल वितरित किए गए। इस दौरान मरीजों का हालचाल भी जाना गया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सरकारी कार्यालयों से घरों तक जले दीप

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बृहस्पतिवार शाम नगर और क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और भाजपा नेताओं के कार्यालयों के साथ ही लोगों ने अपने घरों पर भी दीप जलाए।सीएचसी परिसर में शाम सात बजे सीएचसी प्रभारी डॉ. ओमेंद्र राठौर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री राजेश्वर पटेल, जिला महामंत्री अरुण यादव 'चैनू', ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह चौहान और वरुण यादव उर्फ रसूली क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता ने अस्पताल स्टाफ के साथ दीप प्रज्वलित किए। इसके बाद सभी हनुमान मंदिर पहुंचे और बाबा के दर्शन कर मंदिर परिसर में भी दीप जलाए।कोतवाली परिसर में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने कोतवाल प्रभास चंद्र,सुनील यादव उप निरीक्षक देवेश कुमार, गौरव शर्मा महिला उप निरीक्षक नेहा सैनी कॉन्स्टेबल प्रियंका, अंजली और बंशी ने पुलिस स्टाफ के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। तहसील परिसर में एसडीएम आदित्य श्रीवास्तव,नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार और चीनी मिल में जीएम शैलेंद्र अस्थाना समेत कर्मचारियों ने दीप जलाए। इसके अलावा विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कार्यक्रम हुए। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यालयों व आवास पर दीप प्रज्वलित किए। नगर और क्षेत्र के लोगों ने भी घरों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र की कामना की।

# पुलिया पर बना गड्ढा दे रहा हादसों को दावत

स्वतंत्र भारत परौर। रामगंगा का बाढ़ का पानी घटने के बाद कुंडरी गांव को जोड़ने वाले एकमात्र रास्ते पर बनी पुलिया की हालत सामने आने लगी है। पुलिया पर सड़क का बड़ा हिस्सा टूट जाने से गहरा गड्ढा बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस गड्ढे में अब तक कई राहगीर और दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से अभी तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। बाढ़ के दौरान पुलिया और रास्ते पर पानी भरा होने के कारण क्षतिग्रस्त हिस्से का पता नहीं चल पा रहा था। अब पानी उतरने के बाद पुलिया पर बना बड़ा गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। खासकर रात के समय अंधेरा होने पर गड्ढा दिखाई नहीं देने से हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि कुंडरी गांव के लिए यही एकमात्र रास्ता है, जिससे ग्रामीण रोजाना आवागमन करते हैं। इसी रास्ते से बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और किसान गुजरते हैं। रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि पुलिया का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढे को भरवाया जाए और क्षतिग्रस्त हिस्से की स्थायी मरम्मत कराई जाए।

# किशोरी से मोबाइल नंबर मांगने के विवाद में पिता से मारपीट

स्वतंत्र भारत, खुटार। क्षेत्र के एक गांव में करीब 13 वर्षीय किशोरी से मोबाइल नंबर मांगने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर दो युवकों ने किशोरी के पिता के साथ मारपीट की और दरांती से हमला करने का प्रयास किया। घटना के बाद मामले में समझौता कराने के प्रयास किए जाने की भी चर्चा है। पीड़ित के अनुसार, उसकी पुत्रियां खेत पर काम कर रही थीं। इसी दौरान बरकलीगंज गांव निवासी दो युवक वहां पहुंचे और कथित तौर पर किशोरियों से मोबाइल फोन और मोबाइल नंबर मांगने लगे। किशोरियों द्वारा विरोध किए जाने पर शोर सुनकर उनके पिता मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान कहासुनी के बाद युवकों ने उनके साथ मारपीट की और दरांती से हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी। इसके बाद 17 सितंबर 2026 को थाना खुटार में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद कुछ लोग पुलिस के माध्यम से मामले को दबाने और समझौता कराने का दबाव बना रहे हैं। मामला नाबालिग किशोरी से जुड़ा होने के कारण पुलिस की निष्पक्ष जांच और तहरीर के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई महत्वपूर्ण है। पुलिस की जांच और कार्रवाई के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# वंदे भारत से टकराया मवेशी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** गोमती नगर से चलकर सहारनपुर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस अपने समय से चल रही थी शाहजहांपुर से चलने के बाद ट्रेन अपनी फुल स्पीड में चल रही थी तभी बंथराऔर तिलहर रेलवे स्टेशन के बीच अचानक जानवरों का झुंड आ गया ट्रेन के चालक ने काफी दूर से सीटी बजाई सभी जानवर एक और चले गए लेकिन एक जानवर फिर भी इंजन से टकरा गया मवेशी टकराने पर ट्रेन चालक ने अपने ट्रेनों को और इंजन को चेक किया मवेशी के फंसे हुए अवशेष इंजन से निकले बाकी ताकि से स्टेशन मास्टर और कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर पीछे से आने वाली ट्रेन को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रोका गया मवेशी के फंसे हुए अवशेष इंजन से निकलने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया है जिस कारण 10 मिनट ट्रेन घटनास्थल पर खड़ी रही।

# बिजली कटौती को लेकर करणी सेना ने भरी हुंकार

## करणी सेना ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** रात को ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से नाराज क्षत्रिय करणी सेना ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। साथ ही कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नही किया गया तो आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग की लापरवाही के चलते मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीओ राजू को दिया। दिए हुए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात को बिजली काट दी जाती है जिसके ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है, कटका फीडर ट्यूबल की लाइट सुबह 6 बजे से शाम चार बजे तक होनी चाहिए लेकिन कुछ लोगों से आर्थिक सांठगांठ करके एसडीओ द्वारा रात सा? बारह बजे से सुबह नौ बजे तक किया जाता है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है। क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों का कहना है जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नही किया गया तो हमारी सेना उग्र आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंघापुरपनई विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत सिंघापुरपनई में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाड़ी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोड़ा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **प्रधान/प्रशासक**


# प्रधानमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## तिकोला देवी मंदिर पर 551 दीप जले प्रमुख द्वारा आरती की

स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहाँपुर)। प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ऐतिहासिक माता तिकोला देवी मंदिर पर 551 दीप जलाकर जन्मदिन मनाया। विकास खंड जलालाबाद की ओर से तिकोला तालुके दुलरामई ग्राम पंचायत स्थित तिकोला देवी मंदिर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया इस दौरान मंदिर प्रांगण में 551 दीप प्रज्वलित किए गए तथा ब्लॉक प्रमुख लता सिंह द्वारा मंगल आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत तिकोला के अलावा आस पड़ोस की कई ग्राम पंचायत से जनप्रतिनिधि और ग्रामीण माता



तिकोला देवी के मंदिर पर पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस पूर्व आज पूरा दिन सफाई अभियान चलाकर मंदिर के इर्द- गिर्द साफ सफाई व्यवस्था की गई जिसमें क्षेत्रीय भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने भी योगदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति अमित कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी विकास किशोर, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रमेश चंद्र मिश्रा, मेयरपति राजेश सिंह वर्मा, ब्रह्मा कुमार दीक्षित, तिकोला गांव के प्रधान मूंगा लाल वर्मा एवं कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था को पंख लगाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल कुमार, प्रधान पति राजेश कुमार गौतम, प्रधान पति श्रीपाल वर्मा, अमित कुमार वर्मा आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन स्मृति महोत्सव के तहत प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर। जय भारत महाराजा अग्रसेन स्मृति महोत्सव श्रृंखला के तहत महाराजा अग्रसेन स्मृति महोत्सव के 20वें आयोजन का द्वितीय कार्यक्रम आकांक्षा इंटर कॉलेज में अत्यंत गरिमापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जय भारत संस्था के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल एवं विद्यालय की डायरेक्टर उर्मिला सक्सेना द्वारा ज्ञानदायिनी मां शारदे, भारत माता एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की विधिवत शुरुआत की।



इस महोत्सव के अंतर्गत आज नगर के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के बच्चों ने %कॉमनवेल्थ गेम्स 2026% विषय पर आधारित कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए बेहद आकर्षक और सुंदर कोलाज बनाए, जिसमें खेल और देश के गौरव की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर जय भारत संस्था के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि उनका समाजवाद आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक और सार्थक है, जितना आज से 5130 वर्ष पूर्व था। उनके आदर्श समाज को एकजुट करने की प्रेरणा देते हैं। समारोह के सफल संचालन में संयोजक वंदना अग्रवाल की मुख्य भूमिका रही। इस भव्य आयोजन में आकांक्षा इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, लीड कॉन्वेंट, सेंट पॉल इंटर कॉलेज, आकांक्षा पब्लिक स्कूल, डॉ एम लाल मेमोरियल स्कूल, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, ग्लोबल इंटरनेशनल और सुदामा प्रसाद स्कूल सहित नगर के तमाम प्रमुख विद्यालयों के सैकड़ों बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता सक्सेना ने जय भारत संस्था का आभार प्रकट किया। इस मौके पर समाजसेवी राजीव सिंह, ममता सेठ, प्रिया अग्रवाल, शोभित अग्रवाल और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत विकास खण्ड बंडा जिला शाहजहांपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना (ग्राम पं/मेमो/ 2026- 27)**

**जनपद की विकास खंड बंडा, शाहजहांपुर की ग्राम पंचायत-**

1. मुड़िया कुर्मियात 2. मुड़गिवाँ 3. सबलापुर
4. ठुकरी बुजुर्ग 5. मानपुर पिपरिया 6. बिराहिमपुर
7. बिलंदापुर सुंदरपुर 8. मरेना 9. इंदलपुर
10. ददिउरी 11. तिहारएजनपुर

में 6 वां राज्य वित्त आयोग/ 16 वां केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त ग्राम पंचायतो में वितीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म मालिक 18/09/2026 से 21/09/26 समय दोपहर 2 बजे तक निविदाएं प्राप्त कर सकते है। 21.09.2026 को ही दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालयों पर निविदाएं खोली जाएगी सामिग्री आपूर्ति का विवरण विद्यायल में कायाकल्प बाउंड्री, हरिशंकरी,ट्री गार्ड रास्ता जल भराव विकास शौचालय, पंचायत घर,सामुदायिक शौचालय आंगनबाडी कायाकल्प हेतु खण्डजा रोडा ईंटे प्रथम श्रेणी रेता महीन, मौरंग बजरी सरिया सीमेंट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर इंटरलॉक ईंटे फर्नीचर ह्यूम, पाइप, सफाई किट बाल पेंटिंग सेनेटाइजर, टेली स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट स्थापना/ मरम्मत समरसेविल विधुत फिटिंग बाल पेंटिंग मूत्रालय दिव्यांग शौचालय मिट्टी कर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हार्डवेयर बिल्डिंग संबंधी माल। तरल अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु कराए जाने बाले कार्यो में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु समर क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जाएगा अग्रिम नहीं। नोट-विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव** **समस्त प्रधान/प्रशासक**

# गोकशी के मामले में चार गिरफ्तार, मुठभेड़ में एक घायल

स्वतंत्र भारत

**संसारपुर/मैलानी-खीरी।** मैलानी थाना पुलिस ने गोकशी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार तड़के सिंघाताली पुलिया के पास हुई मुठभेड़ में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके तीन साथियों को भी घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 14 सितंबर को संसारपुर के झाला गांव में दो गोवंश के अवशेष मिले थे। मामले में अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। गुरुवार सुबह करीब 4:30 बजे सिंघाताली पुलिया के पास पुलिस टीम की आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में गोला थाना क्षेत्र के भुड़वारा निवासी वसीम पुत्र हनीफ के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने रूहीन और मोहसीम निवासी गुलाबनगर, मैलानी तथा नीलकंठ उर्फ राकेश निवासी झाला को गिरफ्तार कर लिया। घायल वसीम को उपचार के लिए भेजा गया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, चापड़, छुरी, लकड़ी का ठीहा,



प्लास्टिक की बोरियां और रस्सियां बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार वसीम के खिलाफ गोवध, गैंगस्टर और शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित

**मितौली-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार भार्गव उर्फ पप्पू और मंडल अध्यक्ष मन्नालाल राठौर रहे। अतिथियों ने केक काटकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की और अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेंद्र



सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत का गौरव और सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह ने अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र पर 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, क्षेत्रीय नागरिक तथा चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर और फल वितरण

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में रक्तदान शिविर और सेवा कार्य आयोजित किए गए। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी नीरज वर्मा, सदर विधायक योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महामंत्री आशु मिश्रा और युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला मौजूद रहे। अतिथियों ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व अन्य अधिकारियों के साथ अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को फल वितरित किए और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में सदर विधायक योगेश वर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। दूसरी ओर






सशस्त्र सीमा बल मजरा फार्म में भी रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा और डॉ. प्रमोद रावत ने शिविर का जायजा लेकर रक्तदान कर रहे जवानों का उत्साह बढ़ाया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वहां आयोजित विश्वकर्मा पूजा में भी सहभागिता की। इस दौरान प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

# स्वच्छता अभियान में पालिकाध्यक्ष ने किया श्रमदान

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रथम दिवस नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खुटार रोड स्थित पश्चिमी दीक्षिताना वार्ड के मां मंगला देवी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र, सभासदों, पालिका कर्मचारियों और वार्डवासियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि जनभागीदारी से बड़े कार्य भी संभव हैं। स्वच्छ और सुंदर नगर के लिए प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, अवर अभियंता सिविल अनिल कुमार यादव, सफाई नायक दिलीप वाल्मीकि सहित पालिका कर्मचारी, सभासद और भाजपा नगर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना भी की।

# सीमा पर 13 बोरी यूरिया के साथ तीन तस्कर पकड़े

स्वतंत्र भारत

**तिकुनियां-खीरी।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सशस्त्र सीमा बल ने 13 बोरी यूरिया खाद के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई कमांडेंट प्रमोद देवरानी के मार्गदर्शन और निरीक्षक सुभाष कुमार की निगरानी में की गई। अभियान के दौरान एक तस्कर बाइक छोड़कर अंधेरे और गन्ने की फसल का फायदा उठाकर भाग निकला। मुखबिर की सूचना पर सीमा चौकी खखरौला और रननगर की संयुक्त टीम ने पिलर संख्या 708 से करीब 800 मीटर अंदर नाका लगाया। इसी दौरान नेपाल की ओर जा रही चार मोटरसाइकिलों को रोककर 13 बोरी यूरिया बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने खाद नेपाल में अधिक कीमत पर बेचने के लिए ले जाने की बात बताई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित कुमार, चंदन कुमार और सर्वजीत सिंह निवासी बनवीरपुर-रननगर के रूप में हुई। एसएसबी ने चार मोटरसाइकिलें यूपी31सीपी1484, एचपी17बी8513,



यूपी77सी8273 और यूपी43एफ8894 तथा खाद जब्त कर तीनों आरोपियों को कस्टम के सुपुर्द कर दिया। सीमा पर जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं।

# महीनों से बंद एटीएम सुविधा फिर हुई शुरू

**बेलरायां-खीरी।** जिला सहकारी बैंक बेलरायां में महीनों से बंद पड़ी एटीएम सुविधा दोबारा शुरू हो गई है। बैंक ने वर्षों पूर्व क्षेत्र में पहली एटीएम सुविधा शुरू की थी, जिसका लाभ ग्रामीणों के साथ भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवान भी लेते थे। तकनीकी खराबी के कारण एटीएम कई महीनों से बंद था। जिला सहकारी बैंक बेलरायां के शाखा प्रबंधक सत्यनारायण ने बताया कि तकनीकी खराबी दूर कर मशीन को चालू कर दिया गया है। अब बैंक ग्राहक दोबारा एटीएम सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। एटीएम सेवा बहाल होने से क्षेत्रीय लोगों में खुशी है। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# गोला चीनी मिल में विश्वकर्मा पूजा



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला इकाई में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धापूर्वक हुई। इकाई प्रमुख राकेश यादव समेत अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पंडित विजलवान ने विधि-विधान से पूजन कराया। पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने इकाई की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की।

# 20 को एक घंटे का होगा शट डाउन

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** 132 केवी उपकेंद्र छाउछ पर 33 केवी मेन बस-बार के अनुरक्षण के कार्य के चलते 20 सितम्बर को इस फीडर से निर्गत सभी शहरी व ग्रामीण फीडरों पर सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक शट-डाउन लिया जाएगा। इसके चलते इन क्षेत्रों में एक घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत पारेषण खण्ड के अधिशासी अभियंता अकील अहमद ने दी। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से शट डाउन से पूर्व पानी इत्यादि की आपूर्ति एवं बिजली से जुड़े समस्त कार्य करने की अपील की है ताकि किसी को कोई समस्या न हो।

# दुकान से बर्तन, साइकिल और कुल्हाड़ी चोरी

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा थाना क्षेत्र के तारागंज गांव में बीती रात चोर ने एक दुकान से बर्तन, देशी साइकिल और कुल्हाड़ी चोरी कर ली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई तो पीड़ित ने फुटेज खंगाली। तारागंज निवासी रावेन्द्र मिश्रा उर्फ श्रवण की तारागंज तिराहे पर मिश्रा मार्केट के नाम से दुकानें और दूध की दुकान है। बताया गया कि रात करीब ढाई बजे पास के गांव के एक व्यक्ति ने दुकान से सामान चोरी किया। पीड़ित ने घटना की शिकायत भीरा पुलिस से की है। थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वकर्मा पूजन में मशीनों की विधिवत पूजा

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल के वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा का पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से किया गया। मंदिर के पुजारी रामेंद्र मिश्र ने भगवान विश्वकर्मा सहित अन्य देवी-देवताओं का आवाहन कर पूजा-अर्चना कराई। मिल के प्रधान प्रबंधक इंजीनियरिंग विकास मलिक ने छोटी-बड़ी सभी मशीनों का पूजन



किया। हवन में यूनिट हेड ओपी चौहान, राजीव तोमर, मनोज मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, तनवीर अहमद सहित कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने आहुति दी। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

### लोहिया भवन में विश्वकर्मा जयंती मनाई

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के दिव्य शिल्पकार के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि उनकी पूजा से व्यापार में उन्नति और कार्यों में सफलता मिलती है। इस दिन मशीनों, औजारों और कारखानों में पूजा की परंपरा है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, रघुवीर सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह वर्मा, संजय वर्मा,



प्रवीन यादव, मनोज विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, गगन शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, रियाजुल्ला खां, अन्नू वर्मा, सुरेंद्र कुमार, रामनिवास निषाद, मदन गोपाल वर्मा, फैसल खां, रविशंकर वर्मा, अनुराग त्रिवेदी, प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, अभय प्रताप सिंह बन्टी, संदीप वर्मा, त्रिभुवन सिंह सेंगर, अंजली सिंह, मजिस्टर यादव, वारिस अली, कौशल वर्मा और राहुल सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### भाकियू ने की कार्रवाई की मांग

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भारतीय किसान यूनियन किरन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विवेक यादव के निर्देश पर प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में करीब एक दर्जन महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने महिला जिलाध्यक्ष मनजीत कौर पर हुए कथित अत्याचार और जानलेवा हमले तथा उनके बच्चों के हक को लेकर 16 और 25 जुलाई को दिए गए ज्ञापनों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में पूर्व में दिए गए नौ बिंदुओं पर 24 सितंबर तक कार्रवाई की मांग की गई। कार्रवाई न होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विवेक यादव की अगुवाई में लखीमपुर के धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू



करने की चेतावनी दी गई। संगठन ने कहा कि प्रदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। ज्ञापन प्राप्त करने वाले संबंधित अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। संगठन ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास और अश्लील हरकतों का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। परिवार के अनुसार घटना 10 सितंबर की रात की है। किशोरी धार्मिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रही थी। आरोप है कि सुनसान स्थान पर गांव के कुछ युवकों ने उसे रोककर खंडहर में खींच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची। आरोप है कि युवकों ने घटना बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने 112 पर सूचना देने के साथ भीरा थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। इसके बाद 16 सितंबर को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की गई।

## पीएम के जन्मदिन पर बांटे फल

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा मंडल बिजुआ की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए गए। मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने इलाज कराने पहुंचे मरीजों और तीमारदारों को फल देकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थना भी की गई। मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा



पखवाड़े के रूप में मना रही है। इसी क्रम में मरीजों की सेवा के लिए फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता नरेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर अवस्थी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा, स्वास्थ्यकर्मी कौशल राज, सुबोध कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रद्धा से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**बिजुआ-खीरी।** ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बिजुआ बिजलीघर, मूड़ा सवारन और पड़रिया तुला स्थित बालाजी धाम सहित कई स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और हवन किया गया। पूजा के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजलीघर में कर्मचारियों ने मशीनों और औजारों की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की गुलरिया इकाई के चीनी और आसवनी विभाग में भी विधि-विधान



से विश्वकर्मा पूजा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने मिल की तरक्की, कार्यस्थल की सुरक्षा और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। विभागों में लगी मशीनों और उपकरणों की भी पूजा की गई। इस दौरान परिसर में भक्तिमय माहौल रहा। प्रबंधन ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं।

## यादव समाज के लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**फत्तेपुर-खीरी।** कस्ता विधानसभा क्षेत्र के जहाननगर गांव में यादव समाज के सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने सभी नए सदस्यों को भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। सदस्यता लेने वालों ने भाजपा की नीतियों और विधायक के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने की बात कही। विधायक ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने नए सदस्यों को पार्टी की रीति-नीति की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## विद्यालय में युवती के डांस का वीडियो वायरल

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकास क्षेत्र के परिषदीय प्राथमिक/संविलियन विद्यालय मदनापुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवती विद्यालय परिसर में कक्षाओं के सामने कथित रूप से



अशोभनीय गानों पर डांस करती और रील बनाती नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में इस तरह की गतिविधि होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि स्कूल में बच्चों को अनुशासन और शिक्षा का वातावरण मिलना चाहिए। अभिभावकों और जागरूक नागरिकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने विद्यालय परिसर में ऐसी गतिविधि होने देने के लिए जिम्मेदार शिक्षकों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## शांति भंग की आशंका में छह पर कार्रवाई

**पलिया कलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दूबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शांति भंग की आशंका में छह लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की।

**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

पत्रांक :– 615/वि0पारे0ख0(लखी0)/ दिनांक : 17.09.2026

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु खुली ई0–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क सीधे अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या : 105405012212, आई0एफ0एस0सी0 कोड–ICIC0001054, बैंक का नाम–आई0सी0आई0सी0आई बैंक, शाखा लखीमपुर–खीरी, में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र etender.up.nic.in पर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है तथा उसी दिन समय 14:00 बजे खोले जायेंगे। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

अति अल्पकालिन खुली ई–निविदा सूचना सं0–05/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2026–27 दिनांक–24/09/2026 को निविदा खोली जायेगी।

विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के अन्तर्गत The fabrication, supply and installation of Bird Guards at R & Y phases disc insulator strings of all the 85 No. of suspention towers of 132 KV Nighasan- Khambarkhera D/C Transmission Line संबन्धी कार्य। धरोहर धनराशि रु0–2000.00/– मात्र निविदा शुल्क (रू0)–590.00/– मात्र।

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–262701

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें

## पीएम के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**बरवर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भाजपा बरवर मंडल अध्यक्ष अनुज सिंह चौहान ने पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा दिवस मनाया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और



जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने घरों, जन औषधि केंद्रों, गैस वितरण केंद्रों और राशन दुकानों पर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रकट कीं। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष नितिन द्विवेदी, मंडल कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, सभासद पवन आर्या, शक्ति केंद्र संयोजक सुनील अग्निहोत्री, राकेश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता और बरवर स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

## ई-रिक्शा की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा-बिजुआ मुख्य मार्ग पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से पैदल जा रहा युवक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने घायल को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिजुआ निवासी विनीत कुमार रोज की तरह सड़क किनारे पैदल जा रहा था। इसी दौरान भीरा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मारकर निकल गया। टक्कर लगने से विनीत उछलकर सड़क पर गिर गया और उसके सिर व पैर में गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने तत्काल उसे सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर बिजुआ चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर चौकी पहुंचाया। हादसे के बाद मार्ग पर कुछ देर अफरा-तफरी की स्थिति रही। ग्रामीणों ने तेज रफ्तार ई-रिक्शा पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## बझेड़ा में शारदा नदी का कटान जारी

**पड़रिया तुला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकासखंड बिजुआ के बझेड़ा गांव में शारदा नदी पर बनी बाढ़ निरोधक परियोजना की स्थिति सामान्य है, लेकिन नदी का कटान लगातार जारी है। बाढ़ खंड की टीम पिछले कई दिनों से परियोजना को बचाने में जुटी है और खराब हुए हिस्से को काफी हद तक दुरुस्त कर लिया है। अब नदी ने रास्ता बदलकर कृषि योग्य जमीन की ओर कटान शुरू कर दिया है। गुरुवार सुबह तक कई बीघा जमीन नदी में समा चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि टीम का ध्यान परियोजना को बचाने पर है, जबकि नदी अब फसलों की ओर बढ़ रही है। इससे किसानों में चिंता बढ़ गई है। रामनिवास, अशोक, जवाहर और फूलचंद समेत



किसानों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है। क्षेत्रीय लेखपाल राहुल कुमार ने बताया कि कटान से प्रभावित जमीन का सर्वे कराया जाएगा और रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर हिंसा

करीब तीन साल से अधिक समय से जातीय हिंसा और उससे उपजे सामाजिक तनाव से घिरा मणिपुर एक बार फिर समस्या ग्रस्त हो रहा है। यह सही है कि स्थितियों में कई बार सुधार के संकेत नजर आए लेकिन यह भी साफ है कि तनाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हो सका है। आज भी हिंसक घटनाओं का राज्य के सामान्य जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। राज्य के तामेंगलॉन्ग जिले के एक गांव में मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी और कुछ फार्म हाउसों को जला दिया। इसके कुछ ही देर बाद दूसरे गांव पर रात करीब 10:30 बजे हुए हमले में गोलीबारी शुरू हुई जो बुधवार तड़के तक चलती रही। इससे पहले रविवार को भी दो जिलों में हुए उग्रवादी हमले में चार लोग मारे गए थे। इस पर सरकार का औपचारिक संदेश एक बार फिर सामने आया कि राज्य में हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी लेकिन सवाल यह है कि अगर ऐसा सख्त रुख है तो उसका असर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। समस्या की तह में जाएं तो साफ होता है कि राज्य की समस्या केवल जाति संघर्ष तक सीमित नहीं है। इसके पीछे प्रशासनिक व्यवस्था, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों को लेकर समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे अविश्वास जैसे उलझाऊ कारण भी हैं। सामान्य स्थिति लाने के लिए इन कारणों को समझना भी जरूरी है जिनसे तनाव की पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अलावा राज्य में विस्थापन भी एक आम समस्या है। हिंसा के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर लंबे समय से राहत शिविरों में रह रहे हैं। इनका लौटना सुरक्षा का भरोसा आजीविका के साधन और संपत्ति तथा पुनर्वास को लेकर ठोस उपायों पर निर्भर करेगा। इसके लिए जरूरी है कि आम लोगों की सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त हो। हिंसा की आशंका वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा और संवेदनशील इलाकों में मजबूत प्रशासनिक पकड़ भी होनी जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि हिंसा या उकसावे की घटनाओं पर निष्पक्ष और सख्त कदम उठाए जाएं। इन तात्कालिक समस्याओं को हल करना ही होगा, दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रयास भी किए जाने चाहिए। यह तो बहुत सीधी बात है कि जिन लोगों ने हिंसा और बेघर होने का सामना किया है, उनके भीतर भय और असुरक्षा गहरे तक घर कर गई है और ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए सबसे बड़ी जरूरत राज्य सरकार, उसके प्रशासन तथा आम लोगों के बीच भरोसा बहाली की है। संदेह और वैमनस्य इसी से खत्म होगा जिसके बाद ही स्थिति के पूरी तरह समान होने की उम्मीद की जा सकती है। राज्य सरकार के साथ केंद्र को भी दिशा में प्रयास बढ़ाने होंगे तथा यह धारणा बनने से रोकना होगा कि मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

## स्वागतयोग्य निर्णय

अदालतों पर मुकदमों का बोझ इस समय एक बड़ी समस्या है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में अपराधों, विवादों तथा अन्य मामलों पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। त्वरित न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति में यह बहुत बड़ी बाधा है। इसका एक बड़ा कारण न्यायालय तथा न्यायिक अधिकारियों की कमी है जिसके कारण न्याय की अवधारणा पूरी तरह साकार नहीं हो पा रही है। एक आकलन के अनुसार प्रदेश के न्यायालयों में इस समय एक करोड़ बीस लाख छात्र हजार एक सौ पांच बाद लंबित हैं। कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में प्रदेश भर में कुल 9149 में न्यायालय के गठन का मामला आया था। इसके बाद राज्य सरकार ने 2024 में पहले चरण में नौ सौ अदालतों के गठन को सिद्धांत रूप में स्वीकृति दी थी। अब प्रदेश सरकार ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी जिलों में नौ सौ नई अदालतों के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नया कार्यक्रम के साथ न्यायिक एवं अंश संपर्कों के कुल 6656 नए पदों पर भारती का रास्ता भी साफ हो गया है। निश्चित रूप से पदार्थ की संख्या बढ़ने से मुकदमा की सुनवाई और विस्तरों की क्षमता बढ़ेगी। इसके शुरुआती चरण के लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि नई अदलतों के गठन के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी विशेष रूचि ली थी। इस तरह से प्रदेश में प्रदेश में त्वरित न्याय की प्रक्रिया को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठा लिया गया है। इससे बड़ी संख्या में छोटे वादकारियों और महिलाओं को बार-बार अदालतों के चक्कर लगाते हुए न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ यह प्रवृत्ति भी नियंत्रण में आएगी जिसमें दबंग और पहुंच वाले लोग न्यायालय में मामला लटके ने रहने के कारण सजा से लंबे समय तक बचे रहते थे। नई अदालतों के गठन से वास्तव में प्रदेश की न्याय व्यवस्था और गतिशील होगी तथा न्याय में विलंब की नौबत ही नहीं आएगी। प्रदेश सरकार का यह निर्णय जन कल्याणकारी और इसीलिए स्वागत योग्य है। इससे लोगों में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास में भी बढ़ोतरी होगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**यूपीआई शुल्क पर घमासान**
फ्री का चस्का छूटता नहीं, घमासान होगा ही!

**प्रदेश में बिजली संकट गहराया**
अंधेरों से उजालों का संघर्ष होता रहता है!

**हमारे विरुद्ध डिजिटल अभियान चला रही भाजपा : अखिलेश**
फिजिकल अभियान नहीं चला रही यही शुक्र कीजिए!

**केजीएमयू में अल्ट्रासाउंड के लिए 45 दिन इंतजार**
इतने दिनों में तो मरीज को भगवान का अपॉइंटमेंट मिल जाएगा!

**ऑनलाइन गेम में रकम गंवाने पर महिला ने फांसी लगाई**
जुआ जीवन का शत्रु है,महाभारत का कारण यही था!

**एआई से उत्पादकता और नौकरी जाने का खतरा बढ़ा**
श्रमजीवियों की सौत की तरह होती है मशीनी तरक्की!

♦♦♦

# यूपीआई की यात्रा का बदलता पड़ाव

> यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं।

यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब



– डॉ. शिवम भारद्वाज

यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं। यूपीआई के संचालन और विस्तार में खर्च होता है। तकनीक, सुरक्षा, रखरखाव और क्षमता बढ़ाने के लिए संसाधन चाहिए। सरकार भी इसे यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता से जोड़ती है। लेकिन किसी व्यवस्था की लागत होना और उसके उपयोग पर शुल्क लगाना एक ही बात नहीं है। हर भुगतान व्यवस्था की अपनी लागत होती है। नकदी को देखें तो नोट छापने, उनकी सुरक्षा, ढुलाई, भंडारण, वितरण, गिनती और खराब नोटों को वापस लेने तक पूरा तंत्र काम करता है। इसलिए केवल डिजिटल भुगतान के ढांचे की लागत का हवाला शुल्क लगाने का पूरा आधार नहीं बन सकता बल्कि यूपीआई ने भुगतान व्यवस्था के दूसरे हिस्सों का बोझ भी घटाया है। रकम सीधे खाते में पहुंचती है, लेन-देन का रिकॉर्ड बनता है और नकदी





रखने, गिनने तथा जमा कराने की जरूरत कम होती है। व्यापारी के लिए इसका अर्थ केवल सुविधा नहीं, बल्कि भुगतान से जुड़े समय और श्रम में कमी भी है। यानी जिस व्यवस्था की अपनी लागत है, उसने दूसरी ओर व्यवस्था पर पड़ने वाला कुछ खर्च भी कम किया है। इस बचत को नजरअंदाज करके केवल नई लागत देखना अधूरी तस्वीर होगी। नई लागत का असर व्यापारी तक ही रुक जाएगा, यह मान लेना भी कठिन है। वह लाभ में उसका असर समायोजित कर सकता है, कीमत में जोड़ सकता है या ग्राहक को दूसरे भुगतान माध्यम की ओर मोड़ सकता है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं रहेगा कि शुल्क कौन देगा; सवाल यह भी होगा कि भुगतान का तरीका कौन बदलेगा।

यूपीआई की बड़ी उपलब्धि लेन-देन की संख्या से आगे की है। उसने डिजिटल भुगतान को असाधारण से सामान्य बना दिया है। छोटी खरीदारी के लिए नकदी निकालने की जरूरत न रहना अब रोजमर्रा की आदत है। ऐसी आदतें बनाने में समय लगता है, लेकिन उन्हें बदलने के लिए हमेशा बड़ा आर्थिक झटका जरूरी नहीं होता। इसलिए 96 प्रतिशत लेन-देन के अप्रभावित रहने का आंकड़ा महत्वपूर्ण होते हुए भी पूरी तस्वीर नहीं बताता। वह दायरा बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि प्रभावित कारोबार अपने व्यवहार में क्या बदलाव करेंगे। सरकार का तर्क है कि नई व्यवस्था से बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं को यूपीआई के संचालन और विस्तार के लिए संसाधन मिलेंगे। यह तर्क व्यवस्था की वित्तीय जरूरत को सामने रखता है। लेकिन इसके साथ यह सवाल भी बना रहता है कि संसाधन जुटाने का रास्ता ऐसा हो सकता है या नहीं, जिसमें डिजिटल भुगतान को स्वीकार करने की लागत बढ़े बिना व्यवस्था को टिकाऊ बनाया जा सके। यही इस बदलाव की असली कसौटी है। 0.4 प्रतिशत की दर छोटी हो सकती है; लेकिन नीति का असर प्रतिशत में नहीं, व्यवहार में दिखाई देता है। जिस व्यवस्था ने नकदी से जुड़े कई खर्च और प्रक्रियाएं कम की हैं, उसकी लागत तय करते समय केवल वसूली नहीं, उससे पैदा होने वाले संभावित बदलाव को भी देखना होगा। छोटी कीमत से शुरू हुआ बदलाव कहीं भुगतान की पुरानी आदतों की वापसी का रास्ता न खोल दे–यूपीआई के अगले पड़ाव पर यही सवाल सबसे गंभीर है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यया तु धर्मकामार्थान्धृत्या धारयतेऽर्जुन । प्रसङ्गेन फलाकाङ्क्षी धृतिः सा पार्थ राजसी ।। 34।।

हे पार्थ ! फल की इच्छावाला मनुष्य अति आसक्ति से जिस धारणा के द्वारा केवल धर्म, अर्थ और काम को धारण करता है (मोक्ष को नहीं), वह धारणा राजसी है। इस धारणा में भी लक्ष्य वही है, केवल कामना करता है। जो कुछ करता है, उसके बदले में चाहता है। अब तामसी धारणा के लक्षण देखें-

शाह यया स्वप्नं भयं शोकं विषादं मदमेव च। न विमुञ्चति दुर्मेधा धृतिः सा पार्थ तामसी ।। 35।।

हे पार्थ ! दुष्ट बुद्धिवाला मनुष्य जिस धारणा के द्वारा निद्रा, भय, चिन्ता, दुःख और अभिमान को भी (नहीं छोड़ता इन सबको) धारण किये रहता है, वह धारणा तामसी है। यह प्रश्न पूरा हुआ। अगला प्रश्न है, सुख-

सुखं त्विदानीं त्रिविधं शृणु मे भरतर्षभ। अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति ।। 36 ।।

अर्जुन ! अब सुख भी तीन प्रकार का मुझसे सुन। उनमें से जिस सुख में साधक अभ्यास से रमण करता है अर्थात् चित्त को समेटकर इष्ट में रमण करता है और जो दुःखों का अन्त करनेवाला है तथा-

आयत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् । तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ।। 37।।

उपर्युक्त सुख साधन के आरम्भकाल में यद्यपि विष के सदृश लगता है (प्रह्लाद को शूली पर चढ़ाया गया, मीरा को विष मिला। कबीर कहते हैं-'सुखिया सब संसार है, खाये अरु सोवै। दुखिया दास कबीर है, जागे अरु रोवै।' अतः आरम्भ में विष-जैसा भासता है) परन्तु परिणाम में अमृततुल्य है, अमृत-तत्त्व को दिलाने वाला है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

♦♦♦

# मरीज ग्राहक नहीं, कैदी है – अस्पताल में विकल्पहीनता का सच

अस्पताल के दरवाजे तक आदमी बीमारी लेकर पहुंचता है, लेकिन लौटते समय अक्सर भारी बिल का बोझ साथ होता है। हैरानी यह कि इलाज का सबसे महंगा हिस्सा हमेशा दवा या ऑपरेशन नहीं होता; कई बार



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

कुछ रुपये की मामूली प्लास्टिक ट्यूब ही जेब पर सबसे बड़ा वार कर जाती है। महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंडे की सर्वे रिपोर्ट ने मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों पर भारी मार्कअप की यही चुभती हकीकत सामने रखी है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये (2,841 प्रतिशत मार्कअप), 6.75 रुपये की सिरिंज 57.20 रुपये और 29.41 रुपये का कैथेटर 310 रुपये में मरीज तक पहुंच सकता है। यानी बीमारी का इलाज विज्ञान करता है, लेकिन बिल का हिसाब ऐसा है कि मरीज को हर कदम पर अपनी जेब का इलाज करना पड़ता है। 2,841 प्रतिशत का मार्कअप यानी खरीद कीमत का लगभग 29 गुना–मामूली आंकड़ा नहीं। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में मरीज के बिल तक पहुंच सकता है, तो सवाल है कि कीमत इतनी क्यों बढ़ी? अस्पताल के अपने खर्च हैं–स्टाफ, मशीनें, बिजली-पानी और दूसरी व्यवस्थाएं। यह उचित है। लेकिन अस्पताल कोई धर्मशाला नहीं, तो मरीज भी बीमारी के नाम पर पैसा उगलने वाला एटीएम नहीं। दस-बीस प्रतिशत के सामान्य व्यापारिक मार्जिन और हजारों प्रतिशत के अंतर को एक तराजू में नहीं तौला जा सकता। 11.05 रुपये की वस्तु 325 रुपये में पहुंचे, तो सवाल सिर्फ मुनाफे का नहीं, पारदर्शिता का है। इलाज में कीमत का सच छिपेगा, तो भरोसा भी धीरे-धीरे भय में बदल जाएगा।

बाजार में ग्राहक के पास मोलभाव और विकल्प होते हैं; अस्पताल के बिस्तर पर पड़ा मरीज इनसे लगभग वंचित होता है। दुकान पर महंगी चीज छोड़कर दूसरी दुकान जा सकते हैं, लेकिन अस्पताल में बीमारी की तात्कालिकता, डॉक्टर की सलाह और परिवार की चिंता विकल्प सीमित कर देती है। वह चाहकर भी नहीं कह सकता–÷सिरिंज महंगी है, दूसरी जगह से ले आता हूं।÷ उस क्षण वह ग्राहक नहीं, अपनी मजबूरी के हवाले मरीज होता है। इसलिए मेडिकल आइटम की मनमानी कीमत केवल पैसे नहीं, अधिकार का सवाल है। मरीज को पता होना चाहिए कि वस्तु कितने में खरीदी गई, उसकी निर्धारित कीमत क्या है और उससे कितनी रकम ली जा रही है। इलाज में पारदर्शिता सुविधा नहीं, मरीज का अधिकार है। मरीज के हाथ में पहुंचा बिल कहानी का आखिरी पन्ना है; कीमत का खेल उससे बहुत पहले शुरू होता है। तुकाराम मुंडे की रिपोर्ट इसी परत को खोलती है। निर्माता से वितरक और आपूर्ति श्रृंखला के अलग-अलग पड़ावों तक कीमत बढ़ती है। मुंडे के अनुसार, एमआरपी अक्सर अस्पताल पहुंचने से पहले ही तय हो चुका होता है, जिसका अंतिम बोझ मरीज के बिल पर पड़ता है। दवाओं की कीमतों पर नियमन है, लेकिन अधिकांश मेडिकल उपभोग्य सामग्रियां लंबे समय तक ऐसी कठोर निगरानी से बाहर रहीं। नतीजा यह कि इलाज की जरूरी मामूली वस्तु भी कीमतों की ऐसी भूलभुलैया में पहुंच गई, जिसका रास्ता मरीज को दिखाई नहीं देता। अब उद्योग संगठन भी उचित मूल्य और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। यानी सवाल किसी एक अस्पताल का नहीं, पूरी व्यवस्था की जवाबदेही का है। बीमारी घर में आती है तो सबसे पहले बजट टूटता है। मध्यमवर्ग सबसे अधिक पिसता है–न पूरी सरकारी मदद मिलती है, न निजी इलाज का भारी खर्च आसानी से उठता है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने इलाज की पहुंच बढ़ाई है, फिर भी निजी अस्पतालों में मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों का खर्च बड़ा सवाल है। कई बार दवाओं से ज्यादा बिल उन छोटी चीजों का बनता है, जिन्हें मरीज बाजार में सस्ता समझता है। फिर परिवार सोचता है–कहां से उधार लें, क्या गिरवी रखें, कौन-सा खर्च रोकें। बीमारी मरीज को बिस्तर पर लिटाती है, भारी बिल पूरे परिवार की कमर तोड़ देता है। इसे सिर्फ व्यापार कहना इस पीड़ा को छोटा करना है। मरीज को इलाज चाहिए, सिफारिशों की फाइल नहीं। सरकार नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी और संबंधित विभाग को सिफारिश भेज चुकी है, लेकिन जरूरत अब कागज से आगे बढ़ने की है। जरूरी मेडिकल उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की कीमतों पर नियंत्रण हो, व्यापारिक मार्जिन की तार्किक सीमा तय हो और बिल में खरीद मूल्य व मरीज से वसूली गई रकम साफ लिखी जाए। मरीज को अपने इलाज का हिसाब समझने के लिए अर्थशास्त्र पढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उसे बस पता हो कि वस्तु कितने में आई और उससे कितने लिए गए। स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता कोई सुविधा नहीं, भरोसे की पहली शर्त है।

यह समस्या महाराष्ट्र की सीमा पर खड़ी कोई अकेली दीवार नहीं है। निजी स्वास्थ्य व्यवस्था में अस्पताल का बिल, इलाज की कीमत और बीमा खर्च एक-दूसरे से जुड़े हैं। आज बढ़ा इलाज खर्च कल बीमा प्रीमियम के रूप में आम आदमी की जेब पर लौट सकता है। सवाल सीधा है–स्वास्थ्य सेवा का मकसद मरीज को स्वस्थ करना है या उसकी मजबूरी से कमाई करना? अस्पतालों को खर्च निकालने और उचित लाभ कमाने का अधिकार है, लेकिन मुनाफे की भी सीमा और मर्यादा होती है। जिस मरीज के पास बीमारी के समय सौदेबाजी का विकल्प नहीं, उसकी मजबूरी कमाई का आधार बन जाए तो स्वास्थ्य सेवा का भरोसा ही कटघरे में खड़ा हो जाता है।

अस्पताल में इलाज के साथ भरोसा भी दांव पर होता है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में बिकना इसी भरोसे पर सवाल है। बीमारी में परिवार डॉक्टर, अस्पताल और व्यवस्था पर विश्वास करता है कि उसकी मजबूरी समझी जाएगी, उसका फायदा नहीं उठाया जाएगा। लेकिन मामूली मेडिकल वस्तु पर हजारों प्रतिशत का अंतर सामने आए तो चोट जेब और विश्वास, दोनों पर पड़ती है।

इस मूल्य-अंधेरे को दूर करना सरकार, नियामक संस्थाओं, निर्माताओं, वितरकों और अस्पतालों–सभी की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सेवा की पहचान महंगी मशीनों से नहीं, पारदर्शिता और ईमानदारी से होनी चाहिए। वरना सवाल रहेगा–बीमारी शरीर की थी, फिर इलाज के साथ मेरी जेब को सजा क्यों मिली?

## प्रेरक प्रसंग

### मन का पाप

एक साधु थे। जंगल में रहते थे। एक दिन घूमते हुए वह नदी के किनारे गये। बड़ा रमणीक स्थान था। चारों ओर प्रकृति का साम्राज्य फैला था। सघन वृक्षों पर पक्षी चहचहा रहे थे। संत ने देखा कि एकान्त स्थान पर एक पेड़ के नीचे एक युवक और युवती बैठे हैं। दोनों बड़े आनंदित थे। दोनों के हाथ में एक-एक गिलास था। संत ने सोचा कि इस निर्जन स्थान पर बैठकर ये लोग निश्चय ही मदिरापान कर रहे होंगे और गंदी बातें कर रहे होंगे। शराब पीकर आदमी का दिमाग फिर जाता है। वह बुरी बातें ही सोचता है, बुरे काम ही करता है। आदमी का कितना पतन हो गया है। वह यह सब सोच ही रहे थे कि सामने से एक नाव आती दिखाई दी। नदी की धारा बड़ी तीव्र थी। जोर की लहरें उठ रही थीं। अचानक नाव को लहरों का थपेड़ा लगा और वह उलट गई।

संत के मुंह से जोर की चीख निकली। उनकी आंखें बंद हो गई। जैसे ही आंखें खुलीं कि देखते क्या हैं कि जिस युवक को उन्होंने पापी समझ रखा था, वही युवक छलांग लगाकर पानी में कूदा और पांच आदमियों को निकालकर बाहर ले आया।

संत खड़े-खड़े देख रहे थे। युवक पास आकर बोला, महाराज,भगवान की कृपा से पांच आदमियों की तो जान बच गई। अब एक रह गया है। उसके प्राण आप बचा लीजिये।

संत को तैरना नहीं आता था। वह कूदने की हिम्मत कैसे कर सकते थे ? यह देखकर युवक ने कहा, स्वामीजी, इंसान के लिए इंसान से बढ़कर और कुछ नहीं है। इतना कहकर उसने एक छलांग फिर लगाई और अंतिम व्यक्ति को भी बचाकर बाहर ले आया।

साधु का लज्जा से सिर झुक गया। जिसे वह पापी समझ रहे थे, उससे बढ़कर पुण्यात्मा उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा था।

## आपका पत्र मिला

### बांग्लादेश की सामरिक दिशा के ठोस संकेत

पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला बांग्लादेश की नई सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

बांग्लादेश ने पुष्टि कर दी है कि वह चीन में बने 4.5वीं पीढ़ी के जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है। इसके अलावा वह चीनी लड़ाकू हेलीकॉप्टर, वीआईपी ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर, और ड्रोन्स की खरीदारी भी करेगा। इसका अर्थ है कि अब बांग्लादेश चीन अस्त्र प्रणाली का हिस्सा बनने जा रहा है। कुछ ही रोज पहले बांग्लादेश ने मक्का सुरक्षा समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई। हालांकि इस समझौते में शामिल देशों से बांग्लादेश को कोई न्योता नहीं मिला है, मगर संसद में विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कहा कि अगर आमंत्रण मिलता है, तो उस पर बांग्लादेश सकारात्मक नजरिए से विचार करेगा। मक्का समझौता पाकिस्तान, सऊदी अरब, और तुर्किये के बीच हुआ है। ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया में बदली सामरिक स्थितियों के बीच उस क्षेत्र में नई उभरती सुरक्षा व्यवस्था में पाकिस्तान की भूमिका ठोस ढंग से बढ़ रही है।

अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश के पाकिस्तान से आम संबंध गहरे हुए हैं। इसी बीच पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला उसकी सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# ब्रेन हेल्थ : उम्र बढ़ने पर भूलने की आदत सामान्य या डिमेंशिया का संकेत, कैसे करें पहचान

उम्र बढ़ने के साथ किसी का नाम याद न आना, सामान रखकर भूल जाना या किसी तारीख को याद करने में ज्यादा समय लगना आम बात है। 60 की उम्र होते-होते शरीर में कई तरह के बदलाव होने लगते हैं, दिमागी क्षमता भी उनमें से एक है। यही वजह है कि परिवार के लोग अक्सर बुजुर्गों की हर भूल को उम्र का असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि हर भूल सामान्य नहीं होती? 60 की उम्र के बाद अल्जाइर रोग और डिमेंशिया के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता इतनी प्रभावित हो जाती है कि इसका रोजमर्रा के कामों पर भी असर पड़ने लगता है। बार-बार एक ही सवाल पूछना, परिचित जगहों पर रास्ता भूल जाना, बिल या पैसों का हिसाब संभालने में परेशानी होना, बातचीत करने में दिक्कत होना ऐसे संकेत हैं जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। लेकिन याददाश्त में कमी का मतलब हमेशा डिमेंशिया भी नहीं होता। इसके कई और भी कारण हो सकते हैं, जिनकी पहचान जरूरी है।




**याददाश्त की समस्या और डिमेंशिया-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र बढ़ने पर दिमाग की काम करने की गति कुछ धीमी हो जाती है। कभी किसी का नाम तुरंत याद न आना, कोई चीज रखकर भूल जाना या तारीख याद करने में थोड़ा समय लगना सामान्य उम्र से जुड़ी भूल हो सकती है। याददाश्त से संबंधित ऐसी दिक्कतों के बावजूद लोग आमतौर पर रोज के काम कर लेते हैं। अगर कोई व्यक्ति बार-बार एक ही सवाल पूछता है, रास्ते भूल जाता है, बातचीत के दौरान सामान्य शब्द नहीं मिलते तो इसे केवल उम्र का असर नहीं मानना चाहिए। कई बार ये डिमेंशिया का संकेत हो सकता है। डिमेंशिया में याददाश्त के अलावा सोचने, निर्णय लेने, भाषा और ध्यान जैसी क्षमताएं भी प्रभावित हो सकती हैं। व्यक्ति के व्यवहार या व्यक्तित्व में बदलाव भी दिखाई दे सकता है। ऐसे लक्षण लगातार दिखें तो डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है।

**हर याददाश्त की समस्या डिमेंशिया नहीं-** याददाश्त कमजोर होने के पीछे कई ऐसे कारण हो सकते हैं जिनका इलाज संभव है। अध्ययनों में पाया गया है कि कई बार नींद की समस्या, तनाव, डिप्रेशन, थायरॉइड की बीमारी और विटामिन-बी12 जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। इसलिए बुजुर्ग में अचानक याददाश्त की दिक्कत को तुरंत डिमेंशिया मान लेना सही नहीं है। याददाश्त की कई समस्याओं को दिनचर्या में बदलाव करके भी सुधारा जा सकता है।

**सामान्य याददाश्त की दिक्कत और डिमेंशिया में अंतर-** कभी-कभार चीजें भूल जाना सामान्य हो सकता है, लेकिन डिमेंशिया में भूलने की समस्या लगातार बढ़ती जाती है और रोजमर्रा के काम प्रभावित होने लगते हैं। डिमेंशिया के कारण बार-बार एक ही बात पूछने, रास्ते न याद आने और सामान्य काम करने में दिक्कत होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामान्य भूलने में व्यक्ति बाद में याद कर सकता है, जबकि डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है।

# क्या आप सोते समय बोलते हैं, ऐसा होने के कारण

सोते समय बोलना एक आम समस्या है, जिसे अक्सर हल्के में लिया जाता है। हालांकि, यह समस्या कई लोगों के लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ प्रमुख कारण बताएंगे, जिनकी वजह से सोते समय बोलने की आदत पड़ सकती है और इससे कैसे निपटा जा सकता है। इसके अलावा हम यह भी जानेंगे कि कैसे इस समस्या से निजात पाया जा सकता है और इससे जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं।



**तनाव और चिंता-** तनाव और चिंता सोते समय बोलने का एक प्रमुख कारण हो सकता है। जब हम दिनभर किसी समस्या या चिंता में उलझे रहते हैं तो रात को हमारी नींद भी प्रभावित होती है। इस स्थिति में हमारा दिमाग शांत नहीं हो पाता और हम अनजाने में अपनी चिंताओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए दिनभर की चिंताओं को बिस्तर पर लाने से बचें और सोने से पहले कुछ देर ध्यान लगाएं।

**सपने देखना-** सपने देखना भी सोते समय बोलने का एक कारण हो सकता है। जब हम किसी सपने को बहुत गहराई से जीते हैं या उसका असर हमारे मन पर ज्यादा होता है तो हम अनजाने में उसे बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपने सपनों को समझने की कोशिश करें और अगर जरूरत हो तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

**मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं-** कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे उदासी और गहरे तनाव आदि भी सोते समय बोलने का कारण बन सकते हैं। इन समस्याओं का असर हमारे मन पर गहरा होता है, जिससे हम अनजाने में अपनी भावनाओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, नियमित रूप से योग और ध्यान करें और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

**शारीरिक असुविधा-** शारीरिक असुविधाओं, जैसे दर्द या असुविधाजनक गद्दे का असर भी हमारी नींद पर पड़ता है, जिससे हम अनजाने में अपनी असहजता को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपनी शारीरिक स्थिति का ध्यान रखें, आरामदायक गद्दे का उपयोग करें और नियमित रूप से व्यायाम करें, ताकि शरीर स्वस्थ रहे। इसके अलावा दर्द होने पर चिकित्सक से संपर्क करें और उचित उपचार कराएं, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# कफ और खांसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे







मौसम बदलते ही कई लोगों को खांसी, गले में खराश और जुकाम जैसी परेशानियां होने लगती हैं। कभी-कभी हल्की खांसी कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन लगातार खांसने से गले में दर्द, जलन और बेचैनी बढ़ सकती है। खासकर रात के समय खांसी होने पर नींद भी प्रभावित होती है।

ऐसे में लोग राहत के लिए घरेलू नुस्खों का सहारा लेते हैं। कुछ आसान उपाय गले को आराम देने और खांसी की तीव्रता कम करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, हर खांसी का कारण मौसम में बदलाव या सामान्य सर्दी-जुकाम नहीं होता। एलर्जी, संक्रमण, अस्थमा या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं भी इसके पीछे हो सकती हैं। इसलिए अगर खांसी लंबे समय तक बनी रहे, सांस लेने में दिक्कत हो या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। खांसी और कफ से राहत पाने के लिए दवाएं और सिरप उपलब्ध हैं लेकिन कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी खांसी से छुटकारा पाया जा सकता है। ये घरेलू नुस्खे काफी असरदार हो सकते हैं। हालांकि अगर समस्या तीन हफ्तों से अधिक समय तक बनी रहे तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इस लेख में कुछ घरेलू उपायों और प्राकृतिक औषधियों के बारे में बताया जा रहा है जिससे खांसी और कफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**गर्म पानी और नमक**

गुनगुने पानी से गरारे करना खांसी की शिकायत होने पर काफी असरदार हो सकता है। गरारा करने से गले की खराश और गले में जमा कफ दूर होता है। इसके लिए गर्म पानी में सेंधा नमक मिलाकर गरारे करना चाहिए। सुबह उठने पर गले में खराश की समस्या अधिक रहती है। इसलिए सुबह गरारे जरूर करें।

**अदरक का काढ़ा**

दादी-नानी के लोकप्रिय नुस्खों में से एक काढ़ा है जो सर्दी, खांसी और जुकाम में काफी असरदार होता है। खांसी से छुटकारा पाने के लिए अदरक का काढ़ा पीएं। इसके लिए अदरक को छोटे टुकड़ों में काटकर पानी के साथ उबाल लें। इसमें शहद मिलाएं और गर्म गर्म पीएं।

**भाप लें**

खांसी और जुकाम होने पर गर्म पानी की भाप भी ली जा सकती है। भाप लेने से नाक और गले की नलियां खुलती हैं और खांसी से राहत मिलती है।

**हल्दी दूध**

हल्दी बेहद फायदेमंद औषधीय गुणों से युक्त है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसके सेवन से खांसी से राहत मिलती है। गर्म दूध में एक टीस्पून हल्दी पाउडर मिलाकर रात में सोने से पहले इसका सेवन करें। खांसी की शिकायत दूर हो सकती है।

**तुलसी के पत्ते**

तुलसी स्वास्थ्यवर्धक औषधि है, जिसका सेवन कई तरह से शरीर को लाभ पहुंचा सकता है। तुलसी में विटामिन सी, जिंक और आयरन जैसे खनिज होते हैं। ये प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। अगर बहुत खांसी आ रही हो तो तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर उसमें शहद की कुछ बूंदें मिलाएं। इसका सेवन करें। चाहे तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

# 8 घंटे सोने के बाद भी सुबह रहती है थकान, क्या है इसके पीछे का कारण

सुबह आंख खुलते ही शरीर भारी-भारी सा लगता है, बिस्तर से उठने का मन नहीं करता और रातभर सोने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे सही से आराम ही नहीं मिला? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह उठने के बाद अक्सर माना जाता है कि आप फ्रेश और ऊर्जावान होते हैं, पर इसके विपरीत थके-थके से उठना कई बार सेहत में गड़बड़ी का संकेत भी हो सकता है। कभी-कभी देर रात तक जागने, नींद पूरी न होने या फिर तनाव जैसी समस्याओं के कारण सुबह उठने पर आपको ऊर्जा में कमी और थकान महसूस हो सकती है। लेकिन अगर पर्याप्त नींद लेने के बाद भी अक्सर यही शिकायत बनी रहती है, तो इसके पीछे के कारणों को समझना बहुत जरूरी हो जाता है। आइए समझते हैं कि आखिर किन वजहों से आपको ऐसी समस्याएं हो सकती हैं और कब अलर्ट हो जाना चाहिए?



**सुबह होने वाली थकान की दिक्कत-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर में आयरन की कमी या एनीमिया के कारण थकान के साथ कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। वहीं कुछ लोगों में थायरॉइड हार्मोन कम बनने की वजह से भी थकान के साथ वजन बढ़ने, ठंड ज्यादा लगने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। डायबिटीज में भी लगातार थकान हो सकती है। इसलिए सुबह की थकान को सिर्फ उम्र, काम या नींद की कमी मानकर लंबे समय तक नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

**नींद पूरी होने के बाद भी थकान रहे तो ध्यान दें-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कभी-कभार थकान होना सामान्य है, लेकिन अगर रोज सुबह उठने के बाद शरीर में ऊर्जा नहीं रहती और यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो इसके कारणों को समझना बहुत जरूरी है। आमतौर पर नींद की कमी, तनाव, खान-पान की गड़बड़ी और व्यायाम की कमी की वजह से ये दिक्कतें होती सकती हैं। इसी तरह स्लीप एपनिया जैसी समस्या के कारण सोते समय घुटन या हांफने के साथ बार-बार नींद टूटने की दिक्कत होती है। इस वजह से नींद पूरी नहीं हो पाती और आप थके-थके से लग सकते हैं।

**एनीमिया और थायरॉइड की समस्या-** सुबह ऊर्जा की कमी और थकान कई बार एनीमिया और थायरॉइड जैसी समस्याओं का संकेत हो सकती है। आयरन की कमी से होने वाली एनीमिया, शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसके कारण थकान, कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज महसूस होने जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसी तरह, हाइपोथायरॉइडिज्म यानी थायरॉइड हार्मोन कम बनने की समस्या के कारण भी कई लोगों को ज्यादा थकान के साथ, ठंड लगने, कब्ज और ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है। मसलन अगर आपको भी अक्सर सुबह उठने के बाद थकान बनी रहती है तो डॉक्टर से मिलकर एक बार एनीमिया और थायरॉइड की जांच करा लें। **कहीं आपको डायबिटीज तो नहीं-** ब्लड शुगर का स्तर अक्सर बढ़े रहने के कारण भी लोगों को लगातार थकान की शिकायत हो सकती है। अगर सुबह की थकान के साथ बहुत ज्यादा प्यास लगती है, बार-बार पेशाब आता है या बिना कोशिश के वजन कम हो रहा है, तो ब्लड शुगर की जांच जरूर करा लें।

# साइलेंट किलर है हार्ट अटैक

हृदय रोग एक बेहद गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो के आज कल के समय में बहुत आम हो गई है। एक समय था जब इस बीमारी को बढ़ती उम्र के साथ होने वाली समस्याओं में गिना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है क्योंकि अब छोटी उम्र के बच्चों में भी इसका खतरा देखा जा रहा है। कुछ हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक पता चला है कि पिछ्ले कुछ सालों से ये हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य की ओर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। इसी के साथ चलिए आज आपको इसके लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताते है। **हार्ट अटैक के लक्षण :-**

- हार्ट अटैक का पहला लक्षण है सीने में दर्द होना। इस से सीने में दबाव, हेवीनेस और टाइटनेस महसूस होने लगती है। इस से पेट के ऊपर दाएं, बाएं या बीच में दर्द होता है। भूलकर भी इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।
- हार्ट अटैक आने से पहले उल्टी, इनडाइजेशन, सीने में जलन, पेट में दर्द या मतली जैसी परेशानियां आती है। जरुरी तो नहीं है कि ये समस्याएं आए तो हार्ट की बीमारी ही पर हां अगर ये संकेत बार-बार मिलें तो डॉक्टर से संपर्क करें।
- छाती के बीच में दर्द या दबाव महसूस होते समय अगर ये दर्द आपके गले या जबड़े तक फैल जाए तो ये दिल का दौरा पड़ने का लक्षण हो सकता है।
- हार्ट अटैक आने से पहले कई बार शरीर के बाई ओर दर्द होता है ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। जिस वजह से कुछ लोगों को बांह में दर्द होता है, तो आपको यदि सीने से होकर बांह में दर्द महसूस हो रहा हो।

# चॉकलेट खाने के शौकीन हैं? इन चीजों के साथ इसका स्वाद लगता है बेहतरीन

चॉकलेट एक ऐसा फ्लेवर है, जो हर किसी को पसंद आता है। खासकर बच्चों में तो इसका क्रेज देखने लायक है। अगर आप भी चॉकलेट के शौकीन हैं और रोजाना इसका सेवन करते हैं तो आइए आज हम आपको 5 ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके साथ चॉकलेट का मेल खाने से इसका स्वाद और भी ज्यादा बढ़ जाता है। साथ ही ये कई सेहत से जुड़े फायदे भी दे सकती हैं।

**चॉकलेट और केले का मेल**

चॉकलेट और केले का मेल एक बढ़िया संयोजन है। केले में पोटेशियम और फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ केले को मिलाकर खाते हैं तो यह एक स्वादिष्ट और पोषक नाश्ता बन जाता है। केले की मिठास और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद एक साथ मिलकर एक खास अनुभव प्रदान करते हैं। इसे आप फलों के सलाद में भी शामिल कर सकते हैं और इसका आनंद ले सकते हैं।

**चॉकलेट और बादाम का मिश्रण**

चॉकलेट और बादाम का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। बादाम में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। जब आप चॉकलेट के साथ बादाम को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा होता है। इसे आप नाश्ते के रूप में खा सकते हैं या इसे मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं।

**चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी-** चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी का मेल किसी भी मौके को खास बना सकता है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। जब आप चॉकलेट के साथ स्ट्रॉबेरी को मिलाकर खाते हैं तो यह एक अनोखा अनुभव प्रदान करता है। इसे आप मिठाई के रूप में भी खा सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इस संयोजन का मजा लेना न भूलें।

**चॉकलेट और नारियल-** चॉकलेट और नारियल का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। नारियल में फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ नारियल को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। इसे आप मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इसका आनंद लें और अपने नाश्ते को खास बनाएं।

**चॉकलेट और कॉफी-** क्या आप जानते हैं कि कॉफी और चॉकलेट का मेल भी बहुत अच्छा होता है? कॉफी में कैफीन होता है, जो आपको ऊर्जा देता है और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद इसे खास बनाता है। इसे आप सुबह-सुबह नाश्ते में ले सकते हैं या शाम की चाय के साथ भी इसका आनंद ले सकते हैं।

# मानसिक तनाव लेने से शरीर में होते हैं नकारात्मक बदलाव

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या भविष्य की चिंता ये सब मिलकर हमें मानसिक रूप से थका देते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मानसिक तनाव सिर्फ हमारे दिमाग को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है। जब हम तनाव में होते हैं तो हमारा शरीर %फाइट या फ्लाइट% मोड में चला जाता है, जिससे कुछ खास हार्मोन, जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालाईन, रिलीज होते हैं। इन हार्मोनों के कारण दिल की धड़कन तेज हो जाती है, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और शरीर की ऊर्जा आपकी समस्या से लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। अगर यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। यह न केवल हमारे मूड को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। आइए इस लेख में इसी के बारे जानते हैं कि मानसिक तनाव से शरीर में क्या-क्या प्रमुख बदलाव होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है।



**पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर**

तनाव का सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। तनाव के दौरान कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ाते हैं, जिससे एसिडिटी, पेट में जलन और अपच की समस्या हो सकती है। यह पाचन क्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे कब्ज या दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**ब्लड प्रेशर और हृदय पर प्रभाव**

लगातार तनाव में रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जिससे हृदय संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। तनाव की वजह से हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

**नींद की गुणवत्ता में कमी**

तनाव और नींद का गहरा संबंध है। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारा दिमाग लगातार सक्रिय रहता है, जिससे सोने में दिक्कत होती है। दरअसल तनाव की वजह से रात में भी कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ा रह सकता है, जिससे नींद नहीं आती है और अगर आती भी है तो नींद की गुणवत्ता खराब होती है। पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर और दिमाग दोनों थके रहते हैं, जिससे और भी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**इम्यून सिस्टम का कमजोर होना**

लंबे समय तक तनाव में रहने से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है। मानसिक तनाव की वजह से शरीर में बन रहा है कॉर्टिसोल हार्मोन संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम कर सकता है, जिससे आप आसानी से बीमार पड़ सकते हैं। कई बार अधिक तनाव लेने से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से हमें बार-बार सर्दी-जुकाम या वायरल इंफेक्शन जैसी बीमारियां हो सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 18 सितंबर 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते शरद ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे सप्तमी तिथौ शुक्र वासरे 13/02/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 22/45/ प्रीति योग 13/35/ वणिज करणे 13/02/ धनु राशिगत चन्द्रमा 22 घं. 45 मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं. 13 मि. 02 से घं. 26 मि. 15 तक। मंगल कर्क राशि में घं. 16 मि. 36 पर।

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते हैं। किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

# प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिये- सुरेश राही

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर । सेवा संकल्प अभियान (१७ सितंबर २०२६ से १७ अक्टूबर २०२६) के प्रथम दिवस पर जनपद में जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने स्वयं रक्तदान कर आमजनों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी डा० दीक्षा जोशी के दिशा निर्देशन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस आर समद्दर की उपस्थित मे शिविर में ०१ बजे तक २४ दानदाताओं ने पंजीकरण कराकर रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० इन्दर सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अनूप श्रीवास्तव, डी०टी०ओ० डा० श्याम सुंदर, डा० पूजा यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा,



डी०पी०एम० सुजीत व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। शहर के उत्सव गेस्ट हाऊस में १ बजे तक जिला चिकित्सालय टीम द्वारा १३ रक्तदाताओं से रक्तदान में सहयोग प्रदान किया गया। जनपद में तीन स्थानों पर कुल ६६ रक्तदान हुये।

# भाजपाइयों ने सेवा कार्यों के साथ मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिवस

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७६वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सीतापुर द्वारा जिलेभर में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए सेवा कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाया। इसी क्रम में एक निजी गेस्ट हाउस में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित १०१ लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७६वें जन्मदिवस को कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना के साथ मना रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता उनके विजन को साकार करने और वर्ष २०४७ तक भारत



को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। जन्मदिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री अवधेश कटियार एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पीके वर्मा उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं निजी अस्पतालों में भी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उनका हालचाल भी जाना। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर गुरुद्वारा में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री की दीर्घायु, स्वस्थ जीवन तथा देश की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। वहीं शाम को भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं लाभार्थी वर्ग द्वारा एक दिया आशीर्वाद का अभियान के तहत अपने-अपने घरों के द्वार पर दीप प्रज्वलित किए गए।

कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण की भावना के प्रति अपना आशीर्वाद एवं समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर कारागार राज्य मंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, अभियान संयोजक सुधाकर शुक्ल, नैमिष रतन तिवारी, विश्राम सागर राठौर, पटेल रेखा वर्मा, विपुल प्रताप सिंह, सचिन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, कामेश शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा, प्रखर जायसवाल, अमन विक्रम सिंह, राम प्रताप सिंह, प्रतीक पांडे, ऋषभ त्रिवेदी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रक ने बछड़े को मारी जोरदार टक्कर, गंभीर रूप से घायल चालक ट्रक समेत मौके से फरार, अटरिया पुलिस जांच में जुटी

(स्वतंत्र भारत)
अटरिया-सीतापुर। थाना अटरिया क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर चौराहे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर जा रहे बछड़े को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की रफ्तार तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते बछड़ा उसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अटरिया पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस द्वारा ट्रक तथा फरार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुंवरपुर चौराहा व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां तेज रफ्तार वाहनों से हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन से वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने तथा पशुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। मामले में अटरिया पुलिस की जांच जारी है।

## चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के आदेशानुसार जनपद में



अपराध एवं अपराधियों तथा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी बिसवां हर्षित चौहान के कुशल निर्देशन में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ०२ शातिर अपराधियों को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा ३१५ बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस ३१५ बोर के साथ मधवापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

## देश ही नहीं संपूर्ण विश्व की पहली पसंद बने नरेंद्र मोदी : अचिन मेहरोत्रा

### भाजपा नेताओं ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश से नहीं बल्कि पूरा विश्व विश्वास करता है। यही वजह है कि हर देश भारत से मित्रता करना चाह रहा है। वहीं भारत देश का तो हाल यह है कि, देश के लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास करके सब का विश्वास जीता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते हुए कही। उन्होंने अपने कैंप कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र को तिलक लगाया। वही कार्यकर्ताओं को मिठाई बताकर हर्ष का इजहार किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की पहली पसंद बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने तमाम मुसीबत का सामना करते हुए भारत को नंबर वन रखने का प्रयास किया है। चाहे बेरोजगारों को रोजगार देने का



मामला हो, चाहे बेघर को घर देने का मामला हो, या फिर महिलाओं के उत्थान की बात हो। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बाधाओ को पार करते हुए विकास के पहिए को तेजी से घुमाया है। कोरोना काल जैसे संकट में भी देश को भूख नहीं सोने दिया। कोरोना काल से फ्री राशन वितरण की जो प्रक्रिया शुरू हुई वह आज भी जारी है। गरीबों को सरकार फ्री राशन प्रतिमाह उपलब्ध करवा रही है। यही वजह है कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर राजेंद्र यादव, अजय मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, अनमोल पाल, महेश वर्मा, राजा श्रीवास्तव, अविरल अवस्थी, राजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबकर बालक की मौत

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। सदरपुर के पोखराकलां



के आठ वर्षीय धैर्य वर्मा पुत्र आशीष कुमार तालाब के किनारे बने मंदिर परिसर में गुरुवार की सुबह खेल रहा था। अचानक धैर्य का खिलौना मंदिर के किनारे स्थित तालाब में जलकुंभी में गिर गया। धैर्य खिलौना उठाने के लिए आगे बढ़ा और पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। दूसरी घटना सदरपुर के लोनि समशाबाद में हुई। यहां के प्रेमचंद (१५) सुमेरी लाल गुरुवार की सुबह घर से निकले थे। उसके बाद सड़क के किनारे गहरी खंती में फिसलकर गिर गए और उसी में डूबकर प्रेमचंद की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने बताया कि घटनाओं की जानकारी मिली है, जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## कल कारखानों में धूमधाम से की गयी भगवान विश्वकर्मा पूजा

(स्वतंत्र भारत)
महमूदाबाद-सीतापुर। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्कूल-कालेजों, कल कारखानों, यांत्रिक



प्रतिष्ठानों के साथ राजगीरों के द्वारा देव-शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। दि किसान सहकारी चीनीमिल के वर्क्स शाप में भगवान विश्वकर्मा का चित्र स्थापित कर मिल के मुख्य अभियंता सौरभ गौड़, मुख्य गन्ना अधिकारी प्रदीप शुक्ल चीफ केमिस्ट जय प्रकाश, केमिस्ट मनीष कुमार, ओंकार नाथ सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूजन-अर्चन व हवन किया। जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक में संस्था के प्राचार्य सीपी त्रिपाठी ने अनपे सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ हवन-पूजन किया। सीता ग्रुप आफएजूकेशन की सभी शाखाओं के कम्प्यूटर कक्षों में डिप्टी मैनेजर आजंनेय आशीष, वागीश दिनकर, शिक्षक वीरेंद्र मिश्र, आशीष मौर्य, ओपी पाठक सहित अन्य शिक्षकों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन-पूजन किया। सेठ राम गुलाम मुनेश्वर प्रसाद आईआईटी में भी विश्वकर्मा जंयती के अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। मौलाना आजाद कालेज में संस्थापक डा. अम्मार रिजवी, प्राचार्या विभा मिश्रा, कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, राहुल सिंह, श्रीकांत द्विवेदी, मनोज शुक्ल, अंकुर शुक्ल द्वारा भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा की गयी। नगर पालिका कार्यालय में भी वाहनों का पूजन अर्चन किया गया। क्षेत्र के बाबाकुटी, सेमरी चौराहा, चांदपुर, बांसुरा, गोडैचा, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज, सदरपुर, सरैंया, बिलौली बाजार स्थित कल कारखानों के साथ राजगीरों ने विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमलापुर निवासी रेनू देवी के पति सतीश की बीमारी के चलते इलाज चल रहा था। गांव के ही मनोज पुत्र देवीदीन द्वारा सतीश के बीमार होने पर मनोज द्वारा इलाज किया जा रहा था। जानबूझकर कोई गलत दवाई दे दी जिससे पति की तबियत खराब



परिजनों ने झोलाछाप डाक्टर पर गलत दवाई देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कई घंटे तक गोड़ैचा चौराहे पर हंगामा चलता रहा। पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। सदरपुर के का इलाज किया जा रहा था। सोमवार की देर रात सतीश की मृत्यु हो गई। पत्नी का आरोप है कि एक माह पूर्व शराब पिलाकर मनोज ने मेरे पति से ३ बिस्वा जमीन बैनामा करा लिया था। पति हुई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ग्रामीणों संग गोड़ैचा चौराहे पर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर मामले की शांत कराया।

## शातिर चोर लाखों की सम्पत्ति पर हाथ साफ कर हुये फरार

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। सदरपुर के नीबा डेहरा में मंगलवार की रात बदमाशों ने धावा बोलकर करीब पांच लाख रुपए की संपत्ति उठा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य संकलित करते हुए कार्रवाई शुरू की। सदरपुर के नीबा-डेहरा के अजय मिश्र पुत्र राममूर्ति मिश्र के घर मंगलवार की रात बदमाश खिड़की के सहारे दाखिल हो गए। बदमाशों ने यहां से सोने के एक जोड़ी झाला, एक जोड़ी बाला, एक माला, एक अंगूठी, एक बुंदा और चांदी के एक जोड़ी हंथफूल, एक कमरबंद, एक बिछुआ, बिछिया और पायल, बर्तन समेत करीब पांच लाख रुपए की संपत्ति उठा ले गए। जाते समय चोर पीड़ित के घर में अपना ताला



डालकर चले गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य संकलित करते हुए जांच शुरू की। एसएसआई हरि प्रसाद चौहान ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए हैं। जांच कराई जा रही है। घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

## जमीन कब्जाने के विरोध में हुई मारपीट में दो लोग घायल

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। जमीन कब्जाने के विरोध में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। महिलाओं के साथ अभद्रता करने व जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में पीड़ित ने प्रार्थनापत्र दिया है। पुलिस पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। महमूदाबाद के सरावगी टोला के आकाश यादव ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनकी जमीन मिश्रिखा गांव में है। आरोप है कि उपरोक्त भूमि पर गांव के सर्वेश, मकरंद, विनोद, कुलदीप, करन आदि मंगलवार की शाम जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने मेरे रिश्तेदार विजय कुमार के सिर पर बांका मार दिया जिससे वह घायल हो गए।

आरोप है कि हमलावरों ने अनुसूचित जाति की महिला के सीने पर मुक्का मारा और निर्वस्त्र कर दिया। एक अन्य महिला के बुरी नियति से कपड़े फाड़ दिए गए। कोतवाल सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर बीएनएस की धाराओं तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्जकर विवेचना सीओ महमूदाबाद द्वारा की जा रही है।

## हत्याकांड के दोषी को सुनाई गई आजीवन कारावास व 15,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस को एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में थाना मिश्रिख पुलिस एवं अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय ने एक हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास व १५,०००/- रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ७जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वारा मुकदमे की गुणवत्तापूर्ण विवेचना और ठोस साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त शैलेन्द्र पुत्र स्व० अवधेश कुमार पासी निवासी ग्राम इमलिया, थाना मिश्रिख, को दोषी करार देते हुए निम्नलिखित सजा सुनाई गई। थाना मिश्रिख क्षेत्रान्तर्गत वादी गिरधारी पुत्र सीताराम राठौर (निवासी ग्राम इमलिया, थाना मिश्रिख, सीतापुर) द्वारा थाने पर तहरीर दी गई थी कि पुरानी रंजिश के चलते अभियुक्त शैलेन्द्र पुत्र स्व.अवधेश कुमार पासी (निवासी ग्राम इमलिया, थाना मिश्रिख) द्वारा उनके बड़े भाई कन्हई उर्फ कन्हड्या लाल राठौर व अन्य रिश्तेदारों की बाइक में अचानक डंडा डालकर उन्हें गिरा दिया गया था। इसके बाद अभियुक्त शैलेन्द्र उपरोक्त द्वारा बांके से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई तथा बीच-बचाव करने आए रिश्तेदारों को घायल करने व जान से मारने की धमकी दी गई थी। थाना मिश्रिख पर पंजीकृत मु.अ.सं. २७/२५, धारा १०३(१)/३५१(३)/११५(२)/११७(२) की विवेचना पुलिस द्वारा अत्यंत वैज्ञानिक और पेशेवर तरीके से पूर्ण करते हुए ०४.०५.२०२५ को चार्जशीट संख्या ।-८८/२५ प्रेषित की गयी। अभियोजन पक्ष और पुलिस की प्रभावी पैरवी द्वारा न्यायालय में समयबद्ध तरीके से गवाहों को प्रस्तुत किया गया और सशक्त साक्ष्य रखे गए। इसी प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप घटना के लगभग डेढ़ वर्षों के भीतर अपराधी को उसके किए की कठोरतम सजा दिलाई जा सकी। पुलिस अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुँचाने और आम जनमानस को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है।

## अघोषित विद्युत कटौती से आमजन काफी त्रस्त

(स्वतंत्र भारत)
महमूदाबाद-सीतापुर। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बीती मंगलवार की रात हुई आठ से १० घंटे की अघोषित विद्युत कटौती से आमजन काफी त्रस्त रहा। लोग पूरी रात घरों से बाहर, छतों और सड़कों पर हांथ के पंखे, पेपर व अन्य चीजों से हवा करते नजर आए। नगर के तीन प्रमुख स्थानों सहित क्षेत्र में कई जगह गणेश उत्सव के कार्यक्रम चल रहे हैं, जहां नगर व आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दशकों के रूप में पहुंच रहे हैं। लेकिन शाम होते ही हो रही अघोषित विद्युत कटौती के कारण प्रमुख मार्गों व गलियों में घोर अंधेरा छा जा रहा है। अंधेरे के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए परेशान होना पड़ रहा है, कई भक्त तो अधिक अंधेरा होने से पंडालों तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं। पिछले कई दिनों से शाम के समय लगातार कटौती की जा रही है, जिससे गणेश पंडालों में भीड़ कम हो रही है। बिजली कटौती से आम जनमानस त्रस्त है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। मंगलवार रात करीब ६ से ७ घंटे बिजली गुल रहने से लोग भीषण गर्मी में हाथ पंखा, पेपर से हवा करते सड़कों पर टहलते नजर आए। क्षेत्र के लोगों ने निर्बाध आपूर्ति की मांग की है।



# सेवा संकल्प अभियान में मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया रक्तदान

## रक्तदान कर दिया सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को 300 बेड अस्पताल में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में मंडलायुक्त शंभु कुमार और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्वयं रक्तदान कर अभियान में सहभागिता की। दोनों अधिकारियों ने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व बताते हुए लोगों से ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने रक्तदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया और अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने का माध्यम बन सकता है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सेवा भावना को मजबूत करना और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। मंडलायुक्त और डीएम के रक्तदान करने से कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भी उत्साह नजर आया। अधिकारियों ने रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों को अभियान से जोड़ने पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, सीएमएस डॉ. रमेश दीक्षित, सीएमएस डॉ. त्रिभुवन सिंह, एसीएमओ डॉ. लईक अंसारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की भावना को प्रमुखता दी गई।




# अवैध बसों के हो रहे संचालन पर कमिश्नर ने कसे जिम्मेदारों के पेंच

## सिटी बस सेवा को रफ्तार देने की कवायद, सभी 25 ई-बसें सड़क पर उतारने के निर्देश

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मंडलायुक्त शम्भु कुमार ने सिटी बस सेवा की परिचालन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी 25 ई-बसों का नियमित और शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट की 11वीं बोर्ड बैठक में उन्होंने ऑफ रोड खड़ी बसों की मरम्मत में किसी तरह की देरी नहीं करने को कहा। मंडलायुक्त शंभु कुमार ने ऑपरेटर को निर्देशित किया कि तकनीकी कारणों से बंद बसों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कर जल्द सड़क पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध बसों की पूरी क्षमता का उपयोग होने से यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिल सकेगी।




बैठक में ई-बसों के लोड फैक्टर की भी समीक्षा हुई। यात्रियों की संख्या बढ़ाने और रूटों के बेहतर उपयोग के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही नगर सीमा में संचालित अवैध ई-रिक्शा, ट्रैवल एजेंसियों द्वारा संचालित प्राइवेट बसों और ऑटो के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए गए।

बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा, बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के एमडी मो. अजीम और कंपनी सचिव दिलीप दीक्षित मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन पर पुलिस की 'थ्री-लेयर' चौकसी

## जुलूस, संवेदनशील इलाके और सोशल मीडिया—हर मोर्चे पर निगरानी

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। गणेश मूर्ति विसर्जन को लेकर बरेली पुलिस ने सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है। गुरुवार को एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक कर जुलूसों, मूर्ति स्थलों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि छोटी घटना को भी नजरअंदाज न किया जाए और किसी भी स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना दी जाए।

विसर्जन जुलूसों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बॉक्स फॉर्मेशन में लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस के आगे, पीछे और दोनों तरफ पुलिस का सुरक्षा घेरा रहेगा। भीड़भाड़ और संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। मूर्ति स्थलों पर 12-12 घंटे की शिफ्ट में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर 24 घंटे निगरानी रखने को कहा गया है।



थाना प्रभारी विसर्जन मार्गों का पहले से निरीक्षण कर संवेदनशील स्थान और यातायात संबंधी समस्याएं चिन्हित करेंगे। डायल-112, पीआरवी और थाना पुलिस को लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं। अराजक तत्वों पर नजर रखने के साथ जरूरत पड़ने पर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगाह रहेगी। भ्रामक, भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट मिलने पर कार्रवाई होगी। एसएसपी ने पुलिस संवाद कार्यक्रम फिर शुरू करने, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों से नियमित संवाद तथा अपराध नियंत्रण और जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के भी निर्देश दिए।

# टंकण परीक्षा ने छीनी कनिष्ठ लिपिक की कुर्सी तीन बार असफलता के बाद पद बदला

## कनिष्ठ लिपिक पद से चतुर्थ श्रेणी में भेजे गए रेहान

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। मृतक आश्रित कोटे के तहत कनिष्ठ लिपिक नियुक्त किए गए रेहान खान को हिंदी टंकण परीक्षा में लगातार तीन बार असफल रहने के बाद चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्त किया गया है। शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 16 सितंबर को इस संबंध में आदेश जारी किया। रेहान खान वर्तमान में तहसील मीरगंज में कार्यरत हैं।

रेहान की नियुक्ति पांच जुलाई 2021 को मृतक आश्रित के रूप में कनिष्ठ लिपिक पद पर हुई थी। नियुक्ति के बाद उन्हें निर्धारित अवधि में हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य था। पहली परीक्षा 25 सितंबर 2023 को हुई, जिसमें वह सफल नहीं हो सके। इसके बाद दूसरा अवसर दिया गया, लेकिन 21 जून 2024 को आयोजित परीक्षा में भी वह निर्धारित मानक पूरा नहीं कर पाए।



आठ सितंबर 2026 को उन्हें तीसरा और अंतिम अवसर मिला। इस परीक्षा में भी असफल रहने पर प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई की और कनिष्ठ लिपिक पद से हटाकर चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। इस बीच, टंकण परीक्षा में असफल अन्य मृतक आश्रित कर्मचारियों को भी अवसर दिया गया है। राहुल कुमार और लक्ष्मी सक्सेना को तीसरा एवं अंतिम मौका, जबकि कचित चौधरी और नेहा जोशी को दूसरा अवसर दिया गया है।

# वैज्ञानिक कार्यों में हिंदी का दखल बढ़ाएगा आईवीआरआई का हिंदी पखवाड़ा

## भाषा प्रतियोगिताओं के साथ शोध-पत्र व पोस्टर में हिंदी प्रस्तुति को मिलेगा प्रोत्साहन

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान(आईसीएआर-आईवीआरआई), इज्जतनगर में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा- का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संस्थान के वैज्ञानिक, प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्मिकों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच उपलब्ध कराना है। राजभाषा अनुभाग के प्रभारी डॉ. केएन काण्डपाल ने बताया कि पखवाड़े के दौरान हिंदी शुद्धिकरण लेख, निबंध, कंप्यूटर हिंदी टाइपिंग, अनुवाद, शोध-पत्र, शुद्ध हिंदी भाषण, शोध पोस्टर, वाद-विवाद, कविता पाठ और प्रश्नमंच समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। हिंदी कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। शोध-पत्र और शोध पोस्टर प्रतियोगिताओं के जरिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों को हिंदी में प्रस्तुत करने के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। संस्थान प्रशासन ने अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को नियमानुसार पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।




# उद्योगों की राह आसान करने को बीडीए वीसी ने सुनीं अड़चनें

## मानचित्र स्वीकृति, प्लॉट उप-विभाजन और तकनीकी दिक्कतों पर हुआ मंथन

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी से लेकर निर्माण पूरा होने तक की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ विकास संवाद किया। बीडीए उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में हुए संवाद में करीब 10 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपनी व्यावहारिक समस्याएं व सुझाव रखे। बैठक में ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृति, कंपाउंडिंग मैप और प्लॉट के उप-विभाजन से जुड़ी दिक्कतें प्रमुखता से उठीं। औद्योगिक प्रतिनिधियों ने जेई की कमी के कारण निरीक्षण और मानचित्रों की जांच में होने वाली देरी का मुद्दा भी रखा। अधिकारियों ने संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए।



औद्योगिक भवनों, एमएसएमई, फ्लैटेड फैक्ट्री और डाटा सेंटर के मानकों के साथ न्यूनतम सड़क चौड़ाई व सेटबैक पर भी चर्चा हुई। फायर एनओसी, एसटीपी-डब्ल्यूडब्ल्यूटी, विमानन सुरक्षा, कंप्लीशन/ऑक्यूपेशन प्रमाणपत्र और मॉर्गेज प्लॉट के अनुपातिक रिलीज की प्रक्रिया समझाई गई। आईआरए रिकॉर्ड और स्वीकृत मानचित्र में सामंजस्य रखने पर भी जोर दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## विश्वकर्मा जयंती पर पायनियर इंस्टीट्यूट में भव्य आयोजन



स्वतंत्र भारत, भुता। चेयरमैन डॉ. डीपी गंगवार ने पीएम मोदी जन्मदिन भुता इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. डीपी गंगवार ने भगवान विश्वकर्मा के पूजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मनाया। आयोजन में कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अध्यापकगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संस्थान परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल नजर आया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भगवान विश्वकर्मा के योगदान और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर बृजेश गंगवार, अहिबरन गंगवार, सत्यपाल, अंजली, उपासना, मुजाहिद मलिक, शिवम गंगवार, बबलू कुमार, हिमांशु सहित कॉलेज स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## हाईवे पर टेंपो ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत, फरीदपुर। नकटिया मेले से साइकिल से घर लौट रहे युवक को हाईवे पर टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए बरेली के अस्पताल भेजा गया। ग्राम नौगवां निवासी बिशुन लाल गुरुवार को साइकिल से नकटिया मेले से वापस घर लौट रहे थे। ग्राम जेड से पहले दीपमाला कॉलेज के पास हाईवे पर सामने से गलत दिशा में आ रहे टेंपो संख्या यूपी25 एफटी 0437 के चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बिशुन लाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों को सूचना देने के साथ घायल को निजी एंबुलेंस से बरेली के अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## रामगंगा नदी में डूबे युवक का शव बरामद, पोस्टमार्टम को भेजा



स्वतंत्र भारत, फरीदपुर। बृहस्पतिवार को रामगंगा नदी में मछली पकड़ने गए युवक की पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। कई घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद गोताखोरों ने युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम रायपुर हंस निवासी कौशल (35) पुत्र ओमपाल गुरुवार को ग्राम दीपपुर के पास रामगंगा नदी में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान नदी किनारे अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। देखते ही देखते कौशल पानी में समा गया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना फरीदपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। नदी में पानी की गहराई और बहाव के कारण तलाश अभियान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद गोताखोरों को बुलाया गया। नायब तहसीलदार फरीदपुर भी मौके पर मौजूद रहे और बचाव अभियान की जानकारी लेते रहे। कई घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने नदी के गहरे पानी से कौशल का शव बरामद कर लिया। शव बरामद होते ही मौके पर मौजूद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सेवा संकल्प अभियान 2026 : भुता ब्लॉक में 4,840 दीपों से जगमगाए गांव, जनभागीदारी का दिखा उत्साह

-स्वतंत्र भारत-

भुता। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत विकास खंड भुता में व्यापक स्तर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत ब्लॉक कार्यालय परिसर, अमृत सरोवर, ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अन्नपूर्णा भवनों तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर हजारों दीपक जलाकर जनसेवा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। दीपों की रोशनी से पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कार्यालय परिसर में 500 दीपक प्रज्वलित किए गए। इसके अलावा अमृत सरोवर भगवंतपुर तथा ढकनी राजपुरी में 100-100 दीपक जलाए गए। विकास खंड की 92 ग्राम पंचायतों में 25-25 दीपक प्रज्वलित किए गए, जिससे कुल 2,300 दीपक जलाए गए। ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इसी क्रम में विकास खंड के 212 आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुल 1,060 दीपक प्रज्वलित किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने महिला एवं बाल विकास से जुड़े संदेशों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं 10 अन्नपूर्णा भवनों पर 250 दीपक जलाकर सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े 33 स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर 330 दीपक प्रज्वलित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

पूरे विकास खंड भुता में कुल 4,840 दीपकों की रोशनी से गांव, सार्वजनिक भवन और सरकारी संस्थान जगमगा उठे। शाम ढलते ही दीपों की मनमोहक छटा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता, जनसहभागिता और विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम ने न केवल क्षेत्र को रोशन किया, बल्कि जनसेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। लोगों ने उम्मीद जताई कि इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित होते रहेंगे।

# आशीर्वाद के दीयों से रोशन हुआ फरीदपुर

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर नगर पालिका ने कराया 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम, आतिशबाजी से गूंजा माहौल

-स्वतंत्र भारत-

फरीदपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार शाम नगर पालिका परिषद की ओर से सत्संग भवन के मुख्य गेट पर 'सेवा दिवस' के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सत्संग भवन परिसर दीपों से जगमगा उठा। नगर पालिका के अधिकारियों, सभासदों, भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार,सफाई निरीक्षक सुरजीत सिंह, बड़े बाबू आदेश शुक्ला, गोपाल चौधरी, दिलीप चौधरी, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, प्रतुल अग्रवाल, छत्रपाल सिंह, दिवाकर, सभासद संजीव शुक्ला समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।



**मोदी के जन्मदिन पर गूंजे जय श्रीराम के जयकारे**

**भाजपा नगर इकाई ने कराया सामूहिक सुंदरकांड पाठ, कार्यकर्ताओं ने की दीर्घायु की कामना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की नगर इकाई की ओर से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल के संयोजन में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड का पाठ किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। मुख्य अतिथि एमएलसी कुंवर महाराज सिंह प्रभु श्री राम के आगे दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया इस दौरान विधायक स्व. डॉ. श्याम बिहारी लाल के पुत्र एवं भाजपा नेता ईशान ग्वाल तथा भाजपा नेत्री सोनम ग्वाल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में छत्रपाल दिवाकर, रामेश्वर प्रसाद,अनिल राणा,अमिताभ सिंह,ओमवीर गुर्जर, पुष्पेंद्र यादव,संजीव शुक्ला,सत्येंद्र सिंह,लवी,अंबर पांडेय समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रात में चोरी, खंडहर में ठिकाना और ग्राहक मिलते ही सौदा, किला पुलिस ने खोला बाइक चोरी का राज

## चार चोरी की बाइक समेत तीन गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस और तीन मोबाइल बरामद

-स्वतंत्र भारत-



बरेली। 17 सितंबर की रात करीब 2:43 बजे किला पुलिस बाकरगंज से रघुवरपुर दयाल रोड पर गश्त कर रही थी। गंगा मंदिर से करीब 100 मीटर पहले पुलिस टीम ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान करन कश्यप पुत्र अशोक उर्फ बाबा, विजय मौर्या पुत्र स्वर्गीय गोविंद मौर्या और मनोज प्रजापति पुत्र मंगली प्रजापति के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से चार बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। इनमें एक स्प्लेंडर प्लस, एक ब्लैक-ग्रीन पैशन प्रो, एक काले रंग की स्प्लेंडर प्लस और एक ग्रे-ब्लैक पैशन प्रो शामिल है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बरेली और अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें खाली और खंडहरनुमा जगहों पर छिपा देते थे। इसके बाद ग्राहक तलाश कर चोरी की बाइक 10 से 12 हजार रुपये में बेचते थे और रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस ने इस मामले में थाना किला पर मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध/प्रभारी सुरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक वकार अहमद, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक जाकिर अली, हेड कांस्टेबल 231 विजयपाल सिंह, कांस्टेबल 2760 दीपक कुमार और रिजर्व कांस्टेबल 2294 गरवित कुमार शामिल रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर कारीगरों को मिला हुनर का नया औजार

## टूलकिट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिले

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को पंडित राधेश्याम कथावाचक ऑडिटोरियम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, मेयर डॉ उमेश गौतम, महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी यादव, जिला अध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह आदि ने टूलकिट का वितरण किया। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से हुए कार्यक्रम में योजना के पात्र लाभार्थियों को उनके पारंपरिक कार्य से जुड़े आधुनिक उपकरणों की टूलकिट वितरित की गई। टूलकिट मिलते ही लाभार्थियों में उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उनके हुनर को बाजार की जरूरतों के अनुरूप मजबूत किया जा रहा है। लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी और स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उन्हें योजनाओं का लाभ लेकर अपना कारोबार शुरू करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत हुआ। अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प से नागरिकों को जोड़ना है।



# स्वच्छता से ही स्वस्थ और सुंदर समाज की राह, हर नागरिक निभाए अपनी जिम्मेदारी


-स्वतंत्र भारत-

बरेली। स्वच्छता को केवल अभियान या औपचारिक गतिविधि तक सीमित रखने के बजाय इसे जीवनशैली और संस्कार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। स्वच्छ और सुंदर शहर की तस्वीर तभी साकार होगी, जब हर नागरिक अपने स्तर से जिम्मेदारी निभाए। कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन ने गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से नागरिकों को यही संदेश दिया। डॉ. जैन ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत किसी बड़े प्रयास से नहीं, बल्कि हमारी रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतों से होती है। घर, कार्यालय और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के साथ कूड़े का निर्धारित स्थान पर निस्तारण करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। गीले और सूखे कचरे को अलग रखने की आदत से कचरा प्रबंधन को भी प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने जलस्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण को भी जरूरी बताया। कहा कि स्वच्छ पानी और हरियाली स्वस्थ जीवन की बुनियाद हैं। जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने और अधिक से अधिक हरित क्षेत्र विकसित करने की दिशा में सामूहिक प्रयास भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। सीईओ ने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता का संस्कार केवल विशेष अभियानों तक सीमित न रहे। इसे दैनिक व्यवहार में उतारकर समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल कायम की जा सकती है। उन्होंने कहा, "स्वच्छता सेवा भी है और संस्कार भी।" उनका संदेश था कि जब प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास की सफाई की जिम्मेदारी उठाएगा, तो स्वच्छ, स्वस्थ और हरित बरेली का सपना और मजबूत होगा।



## किला में तूफानी बारिश का कहर पेड़ गिरने से लगा जाम

### छत की बाउंड्री गिरने से मां-बेटी समेत बच्चे घायल



स्वतंत्र भारत,बरेली। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे तेज हवाओं के साथ आई तूफानी बारिश ने किला क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। किला पुल पर तेज हवा के झोंके से एक पेड़ रेलिंग तोड़ता हुआ सड़क पर जा गिरा। पेड़ गिरने से पुल पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर किला पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से पेड़ को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। वहीं, किला क्षेत्र के सुवाले नगर में मकान की छत की बाउंड्री गिरने से हादसा हो गया। यहां रहने वाले होरीलाल के घर के पीछे बने मकान की छत की बाउंड्री अचानक टूटकर गिर गई। इसके कारण होरीलाल के घर की छत पर लगी सीमेंट की चादरें भी टूटकर नीचे गिर गईं। हादसे में होरीलाल की पत्नी पान देवी, उनकी बेटी लकी और लकी के बच्चे घायल हो गए, जबकि होरीलाल सुरक्षित रहे। सूचना पर पहुंची किला पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पड़ोसियों के मुताबिक, सुबह करीब नौ बजे तेज हवा के साथ आई तूफानी बारिश के दौरान छत की बाउंड्री गिरने से यह हादसा हुआ।





# लाभार्थी को प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजन उपकरणों का हुआ वितरण

● सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों की अविरल जनसेवा के सम्मान में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा श्रीश चन्द्र बारात घर में अन्तर्विभागीय लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री आबकारी नितिन अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष, हरदोई अजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, सहायता सामग्री एवं दिव्यांगजन सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की गई। दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत 10 नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के 5 लाभार्थियों को आवास की चाबी तथा 15 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के 5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र अथवा प्रमाण पत्र तथा जिला पूर्ति विभाग द्वारा 5 पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड वितरित किए गए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 50 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं सामान्य ट्राइसाइकिल सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। सहायक उपकरण प्राप्त करने के उपरान्त लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता दिखाई दी। मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल ने सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों से संवाद किया तथा उनके अनुभवों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें अधिक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# संडीला में गणेश उत्सव की धूम, अद्भुत सजावट और मनमोहक गणेश बने आकर्षण का केंद्र



**संडीला (स्वतंत्र भारत)।।** नगर के शीतला मंदिर के पीछे स्थित रामलीला मैदान में चल रहा गणेश उत्सव इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। समिति द्वारा की गई भव्य सजावट और भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमा हर किसी का मन मोह रही है मंदिर प्रांगण और पंडाल को रंग-बिरंगी रोशनियों, आकर्षक सजावटी झांकियों और फूलों से सजाया गया है। शाम होते ही रोशनी से जगमगाता पूरा परिसर भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पंडाल में विराजमान भगवान गणेश की अत्यंत सुंदर प्रतिमा की भव्यता और श्रृंगार देख श्रद्धालु ठहर कर दर्शन कर रहे हैं उत्सव में चंडीगढ़ से पधारे आचार्य पंडित पंकज शुक्ला ने प्रवचन दिया। उन्होंने भगवान गणेश को बुद्धि, विवेक और शुभता का प्रतीक बताते हुए श्रद्धालुओं से धर्म और संस्कारों को जीवन में उतारने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने का आह्वान किया प्रवचन के बाद भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। 'श्याम आएंगे जरूर, मेरी कुटिया के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे' जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे इस मौके पर गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा पत्रकारों संडीला प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद चौरसिया आशीष गुप्ता उर्फ आशु रामानुज यादव रितेश लकी सिंह को सम्मानित भी किया गया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर हरियावां ब्लॉक में दीप प्रज्वलन, रोशनी से जगमगाया परिसर

स्वतंत्र भारत



**हरियावां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को हरियावां ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख रामदयाल की अध्यक्षता में शाम करीब छह बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीपों की रोशनी से ब्लॉक परिसर जगमगा उठा। इस दौरान ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों के आपसी समन्वय से गांवों में विकास कार्यों को और गति दी जा सकती है।दीप प्रज्वलन के दौरान ब्लॉक प्रमुख रामदयाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह, खंड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव व उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद मीडिया कर्मियों ने भी आयोजन को कवर किया।

# केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का 76वां जन्मदिन

स्वतंत्र भारत



**माधोगंज---कटरा** बिल्हौर हाईवे मार्ग पर मुस्कान आटो वर्कशॉप के सामने सहारा इंडिया फ्रेन्जाइजी बिल्डिंग में स्थित एस के डायग्नोस्टिक सेंटर पर केक काटकर देश के लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।संचालक सन्दीप कुमार ने देश के लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के चित्र पर रोली चंदन का तिलक लगाकर आरती उतारी और सामूहिक रूप से केक काटकर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की प्रार्थना करते हुए जन्मोत्सव उपलक्ष्य में राहगीरों को मिठाईयां बांटी। संचालक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के76वें जन्मदिवस पर मानव सेवा सर्वोपरि धर्म की भावना को साकार करते हुए गरीबों की निःशुल्क ब्लड जांचें की। इस दौरान एस के डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक सन्दीप कुमार ने कहा कि इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आनन्द सैनी, मनीष तिवारी गौरव कश्यप राकेश अर्कवंशी रामनरेश आर्य, शिवानी, संगीत कुमार इमरान, सोनू समेत आदि मौजूद रहे।

# गणेश महोत्सव में भजन-नृत्य संध्या ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

स्वतंत्र भारत



**शाहाबाद।।राम** वाटिका में चल रहे 15वें भव्य श्री गणेश महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को प्रातःकाल गणपति बप्पा की मूर्ति का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। पूजन के उपरांत गणपति बप्पा की आरती की गई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। सायंकाल 8बजे से सुरजीत आर्ट ग्रुप एवं प्रजापति ब्रदर्स द्वारा विशेष धार्मिक भजन एवं नृत्य संध्या प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में श्री गणेश जी, श्रीहरि विष्णु अवतार, श्री हनुमान जी, श्री भैरव जी, श्री राधा-कृष्ण जी, भगवान जगन्नाथ जी, भगवान श्रीनाथ जी एवं भगवान तिरुपति बालाजी महाराज की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम के दौरान बाल स्वरूप भगवान जगन्नाथ जी का पूजन, बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती जी के विवाह की मनमोहक प्रस्तुति, गोरिल्ला नृत्य तथा अघोरियों द्वारा महाकाल की पूजा एवं आरती ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय कांतारा कला प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब प्रशंसा प्राप्त की। पंडाल में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी जी एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज जी, जिला मंत्री गोपाल त्रिपाठी जी, नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू जी, हाकिम सिंह जी, वरिष्ठ पत्रकार श्री कमलेश मिश्र जी ने गणपति बप्पा के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया।।

# लखनौर गांव में पिछले 5 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, आपूर्ति बहाली के प्रयास जारी



**पचदेवरा, हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** अनंगपुर फीडर के लखनौर गांव के दक्षिणी हिस्से में लगा ट्रांसफार्मर पिछले 5 दिनों से खराब होने से आधे गांव की बिजली आपूर्ति प्रभावित है। गर्मी और उमस के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से रात में मच्छरों और गर्मी से दिक्कत हो रही है, बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के स्थानीय जिम्मेदार अमन शुक्ला ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई है, संभवतः ओवरलोड और स्थानीय स्तर पर हस्तक्षेप के कारण यह समस्या हुई है। विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# शाहबाद में मॉल का राज्य मन्त्री ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत



**शाहाबाद ढ्ढ** अल्लापुर स्थित फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक्स ड्ढ3 मॉल का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को लेकर क्षेत्रवासियों एवं व्यापारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी जी का आयोजकों एवं उपस्थित लोगों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर ड्ढ3 मॉल × ग्रॉसरी स्टोर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि ने मॉल परिसर का भ्रमण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# माधौगंज गल्ला मंडी समिति की नई कमेटी गठित

**माधौगंज (स्वतंत्र भारत)---सामाजिकता,** व्यवहारिकता एवं व्यापारी एकता में अग्रणी भूमिका निभाने के कारण कृषि उत्पादन मंडी समिति से संबद्ध उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के गल्ला मंडी अध्यक्ष सूरज प्रसाद राठौर की संस्तुति पर माधौगंज गल्ला मंडी की कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में महेश कुमार माहेश्वरी को संरक्षक बनाया गया है। उनके साथ राकेश वर्मा, मूलचन्द्र गुप्ता, पुष्कर वर्मा और खेलन सिंह को सदस्य बनाया गया है। वहीं रामकिशोर तिवारी, अनुज सिंह, पंकज गुप्ता और कमलेश गौतम को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। हरिशरण कश्यप और सर्वेन्द्र शर्मा को सलाहकार बनाया गया है। सुरेन्द्र त्रिपाठी और रामवीर सक्सेना को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वही मंत्री पद के लिए राम शंकर कुशवाहा अंबर लाल हीरालाल गुप्ता संजय सिंह को बनाया. राम शंकर सक्सेना को कोषाध्यक्ष बनाया गया. अमन राठौर मोहम्मद अकरम महेंद्र कुमार गौतम को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई. नई कमेटी के गठन पर व्यापारियों ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की बात कही।

## विश्वकर्मा जयंती पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष ने पूजन कर जनकल्याण की कामना

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सीतापुर रोड स्थित पेनी पूर्वा के भगवान विश्वकर्मा मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन किया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा से सभी के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा विनोद राठौर की ओर से भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजन के दौरान अजीत सिंह बब्बन ने भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण और कौशल का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के आदर्श श्रम, हुनर और निर्माण के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने श्रम और कौशल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में निर्माण एवं तकनीकी कार्यों से जुड़े लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में लोगों ने सहभागिता करते हुए भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और सामाजिक सद्भाव एवं जनकल्याण की कामना की।

## राजनैतिक प्रतिनिधियों ने देखा ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की एफएलसी का खुलना बंदहोना

**हरदोई।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने बताया है, कि वेयर हाउस कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड में 17.09.2026 को ईवीएम,वीवीपैट की एफएलसी के प्रयोजन हेतु वीडियोग्राफी के तहत खोला एवं बन्द किया गया। ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस को खोलने एवं बन्द होने के समय राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि दीपमाला मिश्रा, उपाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी, वीरेन्द्र पाल गौतम, विधानसभा अध्यक्ष 156-हरदोई, सत्यम शुक्ला, जिलामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, राम नरेश राठौर, सचिव, कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया, विक्रम पाण्डे, जिलाध्यक्ष, इण्डियन नेशनल कांग्रेस, अजय सिंह पाल, जिला उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, राहुल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष, अपना दल उपस्थित थे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में बीएन इंटर कॉलेज विजेता

स्वतंत्र भारत

**माधोगंज--** भारत युवा कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में बीएन इंटर कॉलेज भगवंत नगर की टीम ने 32 अंक हासिल कर विजेता का खिताब जीता, जबकि बीजीआर इंटर कॉलेज बिलग्राम की टीम 19 अंक प्राप्त कर उपविजेता रही। प्रतियोगिता में पंडित नेहरू इंटर कॉलेज सदरपुर, नरपति सिंह इंटर कॉलेज माधौगंज, बीजीआर इंटर कॉलेज बिलग्राम, बीएन इंटर कॉलेज भगवंत नगर तथा फूलमती मां सरस्वती इंटर कॉलेज माधौगंज की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशीष कुमार सिंह 'आशू' ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान प्रधानाचार्य सतीश कुमार मिश्रा सहित शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होने के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस मौके पर क्रीड़ा शिक्षक संजीव कुमार, संतोष मिश्रा, रोहित कुमार, सरोज कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।




# विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में विश्वकर्मा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला 2026 पर आधारित प्रदर्शनी एवं मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया गया। जनपद हरदोई से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 100 लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं टूलकिट वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण स्वामी विवेकानन्द सभागार, हरदोई में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र राहुल राज रस्तोगी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, द्वारा उक्त कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की टूलकिट एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की चेक वितरित की गई। उपायुक्त उद्योग द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 की जानकारी उपलब्ध करायी गयी, जिसमें कारीगरों के लिए विस्तृत अवसर और उन्नत सहायता हेतु 5 नये परम्परागत ट्रेड मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा एवं मछुआरा एवं 9 नये आधुनिक ट्रेड मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल्स मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक सामन की मरम्मत, विद्युत सामान की मरम्मत, प्लम्बर, कम्प्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टोलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी एवं सौदर्य एवं वेलनेस की जानकारी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में रू0 10.00 तक का परियोजना ऋण बिना गारंटी एवं बिना ब्याज ऋण सुविधा एवं साथ ही 15 प्रतिशत मार्जिन मनी उपलब्ध कराये जाने की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र राहुल राज रस्तोगी ने सभी को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व मे सर्वागीण विकास हुआ है।

# ससुराल में पति की संदिग्ध मौत का खुलासा पत्नी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** ससुराल में हुई दामाद की संदिग्ध मौत के मामले में कासिमपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। तीन अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। मामला 14 सितंबर 2026 का है। कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सतावन कुटी मजरा रामपुर भटौली निवासी पप्पू के घर पर उनके दामाद रामदीन पुत्र टिकई, निवासी गुलाबी खेड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के परिजनों ने बाद में पुलिस को तहरीर देकर मौत को हादसा नहीं बल्कि हत्या बताते हुए आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर कासिमपुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 374/26 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में आशा पुत्री पप्पू सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य नामजद आरोपी मृतक की पत्नी आशा देवी पत्नी स्वर्गीय रामदीन, निवासी सतावन कुटी मजरा रामपुर भटौली को गिरफ्तार कर लिया।

# मेडिकल कॉलेज से चोरी हुई दो बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



**हरदोई** शहर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल कॉलेज परिसर से चोरी हुई दो मोटरसाइकिलों के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, पिहानी थाना क्षेत्र के अभिमता निवासी श्रीपाल 15 सितंबर को दवा लेने जिला अस्पताल आए थे। इसी दौरान अस्पताल परिसर से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दिन पिहानी थाना क्षेत्र के बाउमी निवासी अरुण गुप्ता की मोटरसाइकिल भी जिला अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। उनकी शिकायत पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य माध्यमों से जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस ने आशीष उर्फ मोनू पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम काशीपुर, कोतवाली शहर, हरदोई को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर ली गईं।

## पोक्सो एक्ट के दोषी को 7 वर्ष की सजा

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी अभियुक्त को न्यायालय ने सात वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार थाना बेहटा गोकुल में दर्ज मु0अ0सं0 53/17, धारा 376 भादवि एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त अवधेश पुत्र शिवराम, निवासी पीलापुर, थाना बेहटा गोकुल, जनपद हरदोई को दोषसिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, हरदोई द्वारा 17 सितंबर 2026 को सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी अभियोजन अधिकारी अनूप श्रीवास्तव द्वारा की गई। पुलिस के मुताबिक तत्कालीन क्षेत्राधिकारी हरपालपुर प्रीति सिंह तथा थाना बेहटा गोकुल के पैरोकार कांस्टेबल अर्जुन सिंह का भी सराहनीय योगदान रहा।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर खेत मजदूर यूनियन ने किया रूट मार्च

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को खेत मजदूर यूनियन कार्यकर्ताओं ने रूट मार्च निकालकर राजगढ़ ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर धरना करते हुए, मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्री मांगों को लेकर राजगढ़ खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा को सौंपा।



मांग की गई कि मनरेगा को बहाल करने, ग्रामीण मजदूरों को वर्ष में 200 दिन रोजगार देने, मजदूरी की दर 700 रुपये प्रतिदिन घोषित करने और साप्ताहिक मजदूरी भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की गई। भूमिहीनों को आवास एवं खेती के लिए भूमि आवंटित करने, सभी गरीबों को आवास देने तथा वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों को पांच हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग भी शामिल रही।इसके अलावा भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों की दुर्घटना में मृत्यु पर 25 लाख और घायल होने पर 10 लाख रुपये मुआवजा, राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 10 किलो खाद्यान्न के साथ चीनी, दाल, साबुन व नमक उपलब्ध कराने, ग्रामीण गरीबों को प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने तथा बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की मांग की गई।कार्यकर्ताओं ने समायोजन के बाद बंद किए गए प्राथमिक विद्यालयों को पुनः खोलने और शिक्षकों की भर्ती, ग्रामीण मजदूरों को निशुल्क इलाज व शिक्षा की गारंटी, दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के विरुद्ध अपराधों पर रोक तथा वनाधिकार कानून के तहत पात्र लोगों को पट्टा देने की मांग उठाई। आदिवासियों को जंगल से विस्थापित किए जाने पर रोक लगाने की भी मांग की गई। जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा ने मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया। खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने मांग पत्र को उच्चाधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन मंत्री सुभाष विन्द, राजनाथ यादव, शिवकुमार, मुन्नी लाल, सोनी देवी, मन्जू देवी अन्य रहे।



स्वतंत्र भारत कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई

## पीएचसी बढ़नी में विधायक ने मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बढ़नी में जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

## बैरहर गांव में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने किया माल्यार्पण




**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज ब्लॉक के बैरहर गांव स्थित खेलकूद मैदान में गुरुवार को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया।प्रतिमा का अनावरण सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अनावरण के बाद विधायक ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लौह पुरुष को नमन किया। इस अवसर पर कीर्ति कोल, श्याम बहादुर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।

## बरौंधा बांध की सरिया पर दिनदहाड़े डांका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** बेलन नदी पर बरौंधा में बने बांध और उसके बीयर में लगी सरकारी सरिया की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। आरोप है कि बांध में लगी लाखों रुपये कीमत की सरिया को बेखौफ होकर काटा जा रहा है और सरकारी संपत्ति कबाड़ियों के हाथों खपाई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि बांध की रखवाली के लिए तैनात विभागीय कर्मियों और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को सरिया काटे जाने का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस की नींद टूटी और मौके पर पहुंचकर कुछ लोगों को सरिया काटते हुए पाया। बताया गया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण मेजा डैम के 12 और अदवा डैम के आठ गेट खोले गए। जिससे तेज धारा और पानी के दबाव से बांध में लगी सरिया बाहर निकल आई। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर सरिया काटने का सिलसिला शुरू हो गया।


## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना
मैंने अपने पुत्र मोहद कैफ के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मो. उमर पुत्र स्व. महमूद अली, नि.-ग्रा.- अरम्बा, थाना-इटौंजा प.-महोना, तहसील-बख्शी का तालाब लखनऊ।
सी.आर.- 1311/L-40

### सूचना
मैं अपने पुत्र बृजभान सिंह व पौत्र उपेन्द्र यादव पुत्र बृजभान सिंह के अनैतिक कृत्यों से परेशान हो कर समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा इनसे कोई सम्बंध नहीं रहा,ये दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। छोटेलाल पुत्र शिवराम निवासी ग्राम तिलसुवा , थाना व परगना व तहसील मलिहाबाद ,लखनऊ।
सी.आर.- 1310/L-43

### सूचना
सूचित हो कि मैं अजीत सिंह सीनियर सिटिजन पुत्र स्व. मोहन सिंह निवासी 279/83/1 पानदरीबा, चारबाग, लखनऊ का निवासी हूँ, मैंने अपने पुत्र सुखमन सिंह को उसके कृत्यों व अपराधिक कार्यकलापों से परेशान होकर उससे अपने सभी संबंधों को समाप्त करके अपनी व परिवार की सुरक्षा कारणों से बेदखल करता हूँ। उनके किसी भी प्रकार के लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सी.आर.- 1301/L-46

### NAME CHANGE
I NASRUDDIN S/o Babu R/O 110 Bawan Paschim Hardoi Uttar Pradesh -241001 have changed my name and shall hereafter be known as NURUDDEEN.
सी.आर.- 1307/D-25

### सूचना
मैं अब्दुल कुददूस खान पुत्र जब्बार खान निवासी महरथा परगना तहसील नानपारा बहराइच मेरे इंडियन बैंक शाखा मटेरा एकाउंट न 50179233643 में मेरा नाम युसुफ खान गलती से दर्ज हो गया। समस्त कागजात में मेरा सही नाम अब्दुल कुददूस खान है। अब्दुल कुददूस खान व युसुफ खान दोनों एक ही व्यक्ति हैं।
सी.आर.- 1305/D-42

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम GHULAM ASKARI था जो अब बदलकर SYED GHULAM ASKARI ZAIDI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SYED GHULAM ASKARI ZAIDI, S/o SYED SAFDAR ABBAS ZAIDI -427/776 KAMAL KHAN KA TEKRA DARIYABAD PRAYAGRAJ. 211003
सी.आर.- 1302/D-38

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAM KESHARWANI था जो अब बदलकर RAMBABU KESHARWANI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। RAMBABU KESHARWANI S/o CHIRAOJI LAL KESHARWANI -442 RAJAPUR PRAYAGRAJ. 211001
सी.आर.- 1302/D-29

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम AYUSH KUMAR KESHARWANI था जो अब बदलकर AYUSH KUMAR KESARWANI हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । AYUSH KUMAR KESARWANI S/o- RAMBABU KESHARWANI- 442 RAJAPUR PRAYAGRAJ. 211001
सी.आर.- 1302/D-31

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Mohammad Asim था जो अब बदलकर Mohd. Asim हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । Mohd. Asim S/o Mohd. Saleem 19 A /2B आजाद नगर करामत की चौकी करैली प्रयागराज -211016
सी.आर.- 1302/D-32

### सूचना
मेरी पोलिसी संख्या-216159536 में त्रुटिवश मेरा नाम मुस्कान वर्मा दर्ज हो गया था, जबकि मेरा वास्तविक नाम आस्था पटेल है। जो मेरे आधार कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। कृपया LIC में सुधार कर मान्य किया जाये। आस्था पटेल पुत्री स्व. अरविंद कुमार निवासी ग्राम- मवईया, पोस्ट-पिण्डोली, जिला- रायबरेली।
सी.आर.- 1308/D-43

### सूचना
मेरी पोलिसी संख्या-226702840 में त्रुटिवश मेरा नाम अरुणेश कुमार दर्ज हो गया था, जबकि मेरा वास्तविक नाम अरुण कुमार है। जो मेरे आधार कार्ड सहित समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है। कृपया LIC में सुधार कर मान्य किया जाये। अरुण कुमार पुत्र स्व. हरिसरन वर्मा, निवासी ग्राम- शहजादे पुर, पोस्ट-हसनापुर, गोसाईगंज, लखनऊ।
सी.आर.- 1309/L-44

### बेदखली सूचना
मेरा बड़ा बेटा तीरथ लाल व उसकी पत्नी संजू देवी के गलत आचरण, झगड़ालू प्रवृत्ति के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया हूं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। भाई लाल पुत्र राजपाल नि. पूरेअलीनकी न.पं. मानिकपुर, कुंडा, प्रतापगढ़।
सी.आर.- 1306/D-37

### सूचना/गजट
सोनपाल के स्थान पर आधारकार्ड में मेरा नाम सोनू त्रुटिवश लिख गया वास्तव में मेरा नाम सोनपाल (SONPAL) पुत्र रामपाल है इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. सरदारनगर जलालाबाद शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-25

### संबंध विच्छेद
मैने पुत्र हिमांशु गुप्ता को दुर्व्यवहार के कारण समस्तसंपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। लल्ली पत्नी स्व.पप्पू गुप्ता नि.मो. सरायकाईया, आरसीमिशन, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-26

अदालती सूचना ता.पेशी 26.10.2026 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 668 वर्ष 2026 आशुतोष शुक्ला बनाम श्रीमती बविता आदि बनामः-1-श्रीमती बविता पत्नी स्व.अंशुमान शुक्ला निवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर 2-पावनी पुत्री स्व.अंशुमान शुक्ला 3-अक्षत शुक्ला पुत्र स्व.अंशुमान शुक्ला सर्वनिवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा कस्बा व तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर....प्रतिवादीगण। अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि. सन 1925ई. दरख्वास्त मुसम्मी आशुतोष शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. श्रीमती निर्मल विमल सुन्दरी पत्नी स्व.रमाकान्त शुक्ला निवासी मोहल्ला रामनगर हरदयाल कूंचा पर.व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम सन 1925ई. हरगाह मुसम्मी आशुतोष शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुमुल सर्टीफिकेट वतारीख 26.10.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की उजर हो तो स्वंय या वकील व तारीख 26.10.2026 को पेश होकर दरख्वास्त हाजा की उजर पेश करें। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 17-09-2026 का मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानसार मुंसरिम सिविल जज सी. डि. शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-CN

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि० पुवायाँ (शाहजहाँपुर) उ० प्र०**
Email : powayan.sugar@gmail.com
पत्रांक: 209/GM/2026-27 दिनांक: 17.09.2026
**निविदा सूचना**
पेराई सत्र 2026-27 में इस मिल समिति में ई.टी.पी. अपग्रेडेशन, प्रेसमड विक्रय के साथ ही अन्य सिविल कार्य, सामग्री आपूर्ति एवं जॉब वर्क हेतु ई-निविदा एवं जेम बिड आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा को ई-टेण्डर एवं संघ की बेबसाइट www.etender.up.nic.in / www.upsugarfed.org एवं जेम बिड को जेम पोर्टल पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है।
प्रधान प्रबन्धक
सी.आर.- 1303/L

**ग्राम्यॉंचल विधि महाविद्यालय, हैदरगढ़-बाराबंकी**
(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय)
(बार कौन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
सहायक आचार्य के निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में योग्य एवं अर्हित उम्मीदवारों के आवेदन वांछित है।
एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम- 06 पद (विषय-विधि)
बी.ए. एलएल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम-06 पद (विषय-विधि) एवं 01 पद (विषय-अंग्रेजी)
**योग्यता:** मास्टर डिग्री के साथ नेट/पी.एच.डी.।
**वेतनमान :-** यू.जी.सी. एवं बार कॉउन्सिल ऑफ इंडिया परिनियमावली के अनुरूप
इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक बायोडाटा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर Email Id-office.gvm@gmail.com पर प्रेषित करें।
**दूरभाष : 9792999068, 9415459629**
सी.आर.- 1295/D

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–ऑक्शन नोटिस**
**सं0—LJN-PRKG-33-26**
मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई–ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है– **क्र०सं:– 1, लॉट सं०:– PARKING-LJN-BST-TW-163-26-1 (Parking-Two Wheeler), कार्य का विवरण:–** बस्ती स्टेशन के मेनगेट साईड दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दि०– 30.09.2026, 11:00 बजेप्रारंभ होकर 30.09.2026, 11:30 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चौक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एंव निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक
मुजाधि/वाणिज्य–141 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**अदालती नोटिस**
माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित प्रथम अपील सं० 606/2026
राम चन्द्र चन्द
बनाम
गीता चन्द्र
में पारित आदेश दिनांक 13–08–2026 के अनुपालन में गीता चन्द्र पत्नी रामचन्द्र चन्द निवासिनी ग्राम – चिलवा, थाना– गोला, जनपद गोरखपुर वर्तमान निवास–दाउदपुर (समाजघर), पोस्ट न्यू० शिवपुरी कालोनी, जिला–गोरखपुर 273016, मो० नं०. 8136041651 को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में आपको विपक्षी की तरफ से मा० उच्च न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिये दिनांक 24.09.2026 तिथि मा० उच्च न्यायालय में नियत की गयी है। बदस्त दिनांक 25.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी।
ह0 डिप्टी रजिस्ट्रार
उच्च न्यायालय इलाहाबाद
सी.आर.- 1312/D-CN

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण–II, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर **खुली ई–निविदाएँ एक पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में "जौनपुर–जफराबाद दोहरीकरण" के संबंध में जफराबाद यार्ड का री–मॉडलिंग, B.G. ट्रैक एवं टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट एवं SEJ का प्रावधान, बैलास्ट की हैंडलिंग, लिफ्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं फैलाव, P-way सामग्री को पहुँचाना, Cess में बैलास्ट की सप्लाई तथा अन्य संबंधित कार्य।" |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 08 (आठ) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 959.40 लाख |
| | घटक 'ए'–पी. वे कार्य+लीडिंग कार्य (बैलास्ट को छोड़कर) (कोई भी ट्रैक कार्य) | रु. 567.29 लाख |
| | घटक 'बी'–बैलास्ट की आपूर्ति (रेलवे/सड़क कार्य हेतु मशीन से क्रश किए गए पत्थर के बैलेस्ट/एग्रीगेट की आपूर्ति) | रु. 392.11 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 19,18,800/– मात्र |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 09.10.2026 को 15.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 09.10.2026 को समय 15.00 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 18.09.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 25.09.2026 से 09.10.2026 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या–16–टेण्डर/उपमुइंजी/नि०–।।/वाराणसी दिनांक: 17.09.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3210/26

**कार्यालय ग्राम पंचायत मालूपुर विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत मालूपुर में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 24/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, हयूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेबिल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
प्रशासक सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढका ता. उजेरा विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत ढका ता. उजेरा में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 24/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, हयूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेविल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
प्रशासक सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत रुस्तमपुर चक विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**निविदा आमन्त्रण सूचना (ग्राम पं./मेमो/2026-27)**
**6वां राज्य वित्त आयोग/16वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत**
आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता कि ग्राम पंचायत रुस्तमपुर चक में वर्ष 2026-27 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 18/09/2026 से 23/09/2026 को समय दोपहर 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- विद्यालय में कायाकल्प, बाउन्ड्रीवाल, हरीशंकरी ट्री-गार्ड, रास्ता व जल भराव, वि. शौचालय, पंचायत घर/सामुदायिक शौचालय मरम्मत, आंगनवाड़ी कायाकल्प हेतु ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, स्टेषनरी, हैन्डपम्प मरम्मत/रिबोर, इण्टरलॉक ईंट, फर्नीचर, हयूम पाइप, टायल्स, सफाईकर्मी किट, वॉल पेन्टिंग, सैनेटाइजर, ठेली, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत, समरसेविल, विधुत फिटिंग, बाल मैत्रिक मूत्रालय, दिव्यांग षौचालय, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्डवेयर/प्लंबिंग सम्बन्धी मॉल, सेनिट्रीवेयर, ठोस एवं तरल अवषिष्ट प्रवन्धन हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट- विस्तृत जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
प्रशासक सचिव

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.10.2026** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या : 00932026 dated 17.09.2026 |
| 2 | निविदा संख्या : 11-Sr.DEN-II/LKO/2026-27, 12-Sr.DEN-II/LKO/2026-27 and 13-Sr.DEN-II/LKO/2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम : For S.no.1 : ADEN/MBDP के अधीन SSE/W/MBDP के अनुभाग में Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार की स्वयं की मिट्टी का उपयोग करते हुए सैस की मरम्मत एवं तटबंध को सुदृढ़ करने का कार्य प्रस्तावित हैं। For S.no.2 : Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ADEN/RBL के अधीन SSE/W/RBL के अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार की स्वयं की मिट्टी का उपयोग करते हुए सैस की मरम्मत एवं तटबंध को सुदृढ़ करने का कार्य प्रस्तावित हैं। For S.no.3 : Sr.DEN-II/LKO के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ADEN/RBL के अनुभाग में RBL एवं AME में कॉलोनी की सड़कों का उन्नयन एवं सुधार कार्य प्रस्तावित हैं। |
| 4 | अनुमानित लागत : For S.no.1 : Rs. 4,65,07,184.33, For S.no.2 : Rs. 2,73,89,668.40, For S.no.3 : Rs. 1,69,10,203.00 |
| 5 | धरोहर राशि : For S.no.1 : Rs. 9,30,200.00, For S.no.2 : Rs. 5,47,800.00, For S.no.3 : Rs. 3,38,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : For S.no.1, 2 and 3 : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 08 माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ : 28.09.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 12.10.2026 |
| 9 | बेबसाईट : www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3225/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई– ऑक्शन सुचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स० | Catering-11-26 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-09-2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 24-09-2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 24-09-2026 at 11:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UGRASENPUR | Catg-LKO-URPR-GMU-80-24-2 | URPR/PF-1/100/ADDL | 24.09.2026 at 11:30 hrs | GMU | Women |
| 2 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 24.09.2026 at 11:40 hrs | GMU | WOMEN |

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-16-09-2026 3224/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अदालती सूचना**
**इत्तिला नाम बनाम रेस्पाडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख (बाबत आवाम फरोख्त के लिये)**
**के जो समाउत अपील के लिए मुकर्रर की जायं।**
**बअदालत न्यायालय जनपद न्यायाधीश मीरजापुर।**
**अपील संख्या 11 सन् 2026**
**राजेन्द्र प्रसाद दूबे व अन्य बनाम कैलाश नाथ दूबे व अन्य**
श्रीमती वृजावती देवी उम्र लगभग 85 वर्ष पत्नी विजय शंकर द्विवेदी, राकेश कुमार द्विवेदी उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र विजय शंकर द्विवेदी, सुरेश कुमार द्विवेदी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र विजय शंकर द्विवेदी समस्त निवासीगण ग्राम बैसुखिया, तप्पा 84 परगना कंतित, तहसील सदर, जिला-मीरजापुर हाल मुकाम पाण्डेयपुर षहर पो0-सदर तहसील सदर जिला-मीरजापुर। श्रीमती रेखा देवी उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी देवव्रत तिवारी पुत्री विजय शंकर द्विवेदी ग्राम व पो0-कछवॉं तहसील सदर जिला -मीरजापुर हाल मुकाम पक्के पोखरा शहर पो0-सदर जिला-मीरजापुर सुनीता देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी श्याम मुरारी दूबे पुत्री रूद्र प्रसाद ग्राम सहसेपुर पो0-औराई जिला-संतरविदास नगर भदोही मुत्तिला अपील हो अपील बनाराजी डिग्री राजेन्द्र प्रसाद दूबे व अन्य बनाम कैलाश नाथ दूबे व अन्य मुकदमा मुन्दराजावाल मे मुसम्मी ने पेश किया और इस न्यायालय मे दर्ज हुआ। अदालत से तारीख 25.09.2026 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से हाजा मे सवाल जवाब करने का मजाज हो हाजिर न आवेगा जो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैर हाजीर मे की जायेगी।
तारीख 02.09.2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर व अदालत के जारी किया गया।
**तारीख पेशी 25.09.2026**
**न्यायालय जनपद न्यायाधीश**
सी.आर.- 1313/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 18.09.2026 सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय उपजिलाधिकारी पुवायां शाहजहांपुर। वाद सं. टी202512610212705 धर्मेन्द्र सिंह बनाम हरजीत सिंह आदि बनामः-1-प्रभदीप सिंह 2-गुरशरन सिंह पुत्रगण स्व.इकबाल सिंह 3-श्रीमती हरजिन्दर कौर पत्नी स्व.इकबाल सिंह सर्वनिवासी ग्राम मैनिया मु.मैना पर.खुटार तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर। तह0सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं. 4, 5 व 6 हरगाह धर्मेन्द्र सिंह वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश अंतर्गत धारा 116 उ.प्र.राजस्व संहिता भूमि स्थित ग्राम मैनिया मु.मैना पर.खुटार तह.पुवायां जिला शाहजहांपुर के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 18 माह 09 सन 2026ई. ववक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 16 माह 09 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार पेशकार/अहलमद माल उपजिलाधिकारी पुवायां शाहजहांपुर।
सी.आर.- 1304/D-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14
लखनऊ, शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026

# रूस पर शिकंजा कसने वाला बिल अमेरिकी संसद से पास



भारत पर असर : रूस से लगातार डिस्काउटेड क्रूड ऑयल खरीद रहे भारत के निर्यात पर इस फैसले से बड़ा संकट आ सकता हैं

भारत-चीन पर 100% तक टैरिफ का खतरा

वॉशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को रूस और ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। 262 सांसदों ने इसके पक्ष में और 159 ने विरोध में मतदान किया। 61 पन्नों वाले इस विधेयक को अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पिछले महीने अमेरिकी सीनेट में भी 86-11 वोटों से पारित हो चुका है। इसका नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 रखा गया है। यह नाम जुलाई में अप्रत्याशित रूप से दिवंगत हुए सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में रखा गया है, जो रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के प्रमुख समर्थकों में रहे थे। विधेयक का सबसे अहम निशाना रूस का ऊर्जा क्षेत्र है। इसका मकसद रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर आर्थिक दबाव बनाकर उसकी ऊर्जा से होने वाली कमाई घटाना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों के सामान पर शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। इनमें चीन और भारत जैसे देश भी प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का घोषित उद्देश्य रूस की उन आय के स्रोतों को कम करना है, जिनसे यूक्रेन के खिलाफ 2022 से जारी युद्ध को फंड किया जा रहा है। राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह प्रावधान 2025 के विधेयक में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क के मुकाबले अधिक सीमित है। रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करने वाले और रूसी ऊर्जा पर निर्भरता घटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले देशों के लिए छूट का प्रावधान है। अटलांटिक काउंसिल के अनुसार, चीन अगर रूसी तेल खरीदना जारी रखता है तो उसके सामान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है।

## अब श्रद्धांजलि भी देने लगा एआई, डिजिटल शोक से अकेलेपन का खतरा

# 'मां को एआई से बनाया है, उनसे बात करता हूं'



लंदन। पिछले महीने मशहूर गायिका डॉली पार्टन के निधन के बाद दुनिया भर से उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लग गया था। जैक व्हाइट ने लंदन के एक संगीत कार्यक्रम में उनका प्रसिद्ध गाना जोलिन गाया। लेकिन, सबसे अजीब और वायरल होने वाली श्रद्धांजलि किसी सेलिब्रिटी ने नहीं दी, बल्कि वह किसी इंसान द्वारा दी ही नहीं गई थी। रन जोलिन नाम का लगभग पांच मिनट का यह गाना देश-दुनिया के संगीत का एक अनूठा उदाहरण है। वीडियो में डॉली पार्टन स्वर्ग में उन मशहूर हस्तियों के बीच दिखाई देती हैं जो इस दृश्य को देखकर हैरान या आनंदित हो रहे हैं। वीडियो में दिवंगत माइकल जैक्सन, व्हिटनी ह्यूस्टन केनी जैसे सितारे नजर आते हैं।

टकटॉक, यूट्यूब, स्पॉटिफाई पर गाना 'कंट्री माइल' नाम से एक क्रिएटर ने जारी किया है। रॉबिन विलियम्स, एल्विस प्रेस्ली, कोबे ब्रायंट और मार्टिन लूथर किंग जैसे कई दिवंगत दिग्गजों को इस 'डेथस्लॉप' का सामना करना पड़ा है, जिससे उनके परिवार अक्सर सहम जाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के छात्र जैक मैनिंग कहते हैं, जो एआई-आधारित जनरेटिव घोस्ट पर शोध कर रहे हैं। मैनिंग ने जब अपनी बहन को खोया था, तब जनरेटिव एआई का दौर नहीं था।

यही वजह है कि आज वह इस बात का अध्ययन करते हैं कि लोग कैसे डिजिटल रूप से शोक मना रहे हैं, जिसमें अब एआई ग्रीफबॉट्स भी शामिल हो चुके हैं। ग्रीफबॉट्स की मदद से यूजर्स अपने दिवंगत प्रियजनों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करते हैं, साथ ही उनके व्यक्तित्व और मूल्यों का विवरण देते हैं ताकि वे उनके साथ एक वर्चुअल और जीवित उपस्थिति महसूस कर सकें। सेएंस, री-मेमोरी वर्सोना जैसी कंपनियां इसके लिए भारी फीस वसूलती हैं। इसके अलावा लोग चैटजीपीटी या अन्य भाषा मॉडल का उपयोग करके भी अपने किसी मृत दादा-दादी या दोस्त की नकल करने के लिए कह सकते हैं। मैं मज़ाक में कहता हूं कि मेरी मां का वर्सोना बॉट मुझे वह बुरा बेटा बनने की अनुमति देता है, जो जीवित रहते हुए मैं कभी नहीं बन सका, वर्सोना के संस्थापक जस्टिन हैरिसन कहते हैं, जिन्होंने अपनी मां के कैंसर से पीड़ित होने के दौरान उनका एआई प्रतिकृति तैयार किया था।

## रिपोर्ट : ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की, अमेरिकी जहाजों पर हमला नहीं करेंगे हूती लड़ाके

वॉशिंगटन। अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे। इसके बदले में अमेरिका यमन में हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य मदद नहीं करेगा। अमेरिकी अधिकारियों और हूती नेताओं के बीच यह बातचीत पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका हूतियों के सीधे संपर्क में है। हूतियों ने कहा है कि लाल सागर में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2025 में अमेरिका और हूतियों के बीच हुआ सीजफायर कायम है।

# फलस्तीनी नेताओं पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती जारी

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने लगातार दूसरे वर्ष संयुक्त राष्ट्र में विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए एक उच्च स्तरीय फलस्तीनी

■ वीजा देने से किया इनकार

प्रतिनिधिमंडल को वीजा देने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित फलस्तीनी अधिकारी, इस्राइल के साथ शांति स्थापित करने के लिए पिछले समझौतों के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं। विभाग ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में इस्राइल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रखी है। इसके साथ ही इस्राइलियों पर हमलों के दोषी कैदियों के परिवारों को भत्ता देना जारी रखा है। इसमें फलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) से जुड़े अधिकारियों का भी जिक्र किया गया है। विभाग ने कहा, 'अमेरिका से किए गए वादों के बावजूद सुधार न करने और शांति की संभावनाओं को कमजोर करने वाली गतिविधियों के कारण, अमेरिका पीएलओ सदस्यों और पीए अधिकारियों को वीजा न देने वाले प्रतिबंधों को आगे भी जारी रखेगा।' जो मौजूदा अमेरिकी कानून के अनुसार है।

# अफगानों के साथ जबरदस्ती पर भारत ने उठाई आवाज

यूएन। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर तिमाही बैठक में भारत ने अफगान लौटने वालों की मानवीय स्थिति पर चिंता जताई। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि 30 लाख से अधिक लोगों की ऐसी जबरन वापसी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बड़े स्तर पर मानवीय मदद और लोगों के बेहतर पुनर्वास के प्रयास होने चाहिए। भारत ने कहा कि अफगान लोगों की वापसी स्वैच्छिक, सुरक्षित और सम्मानजनक होनी चाहिए।

हरीश ने कहा कि वापस लौटने वालों के पुनर्वास और समाज में दोबारा शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह की प्रतिक्रिया ऐसी स्थिति में अपेक्षित थी, वह नहीं दिखना मौजूदा समय की चिंताजनक तस्वीर है।

■ यूएन में लश्कर-जैश पर भी चेताया

राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि अलकायदा ने अफगानिस्तान से बाहर भी अपने सहयोगी संगठनों के जरिए आतंक का नेटवर्क फैलाया। उन्होंने 9/11 हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इन हमलों की योजना बनाने और उन्हें निर्देशित करने वाले अलकायदा नेताओं को किसी दूर-दराज के, बिना शासन वाले इलाके में छिपे लोग समझना सही नहीं होगा। उनके मुताबिक इन लोगों ने लंबे समय तक अपनी पहचान और गतिविधियों को छिपाए रखा था। हरीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसे सुरक्षित ठिकानों की निरंतरता से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। भारत ने कहा कि 9/11 के साजिशकर्ताओं को जिस माहौल में काम करने का अवसर मिला था, उसी तरह का वातावरण बाद के वर्षों में अलका यदा से जुड़े संगठनों के लिए भी जगह और समर्थन देता रहा है। हरीश ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद का नाम लेते हुए कहा कि ऐसे संगठन अलग-अलग पहचान अपनाकर सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध व्यवस्था से बचने की कोशिश करते रहे हैं।

## जन्मदिन पर पुतिन ने पीएम मोदी को भेजा बधाई संदेश

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और हाल ही में दोनों नेताओं के बीच हुई उच्च-स्तरीय मुलाकातों का भी जिक्र किया। इस संदेश में आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री की सीधी भूमिका का जिक्र किया गया। इसके साथ ही नई दिल्ली और मॉस्को के बीच औपचारिक संबंधों की गहराई को रेखांकित किया गया। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, 'आपको अपने देशवासियों से गहरा सम्मान और वैश्विक मंच पर बड़ा रुतबा हासिल है। यह बिल्कुल सही भी है।

# 'ईरान के हितों की रक्षा के लिए चीन तैयार'

## अराघची ने अपने बीजिंग दौरे को बताया सफल

तेहरान। चीन के दौरे पर पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बताए शांति के चार सिद्धांतों को बहुत ही अहम बताया। अपनी चीन यात्रा के दौरान उन्होंने वहां के सहयोगियों के साथ हुई बातचीत को भी सफल बताया। अराघची ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'चीन में हमारे सहयोगियों के साथ सफल बातचीत हुई। ईरान उस रणनीतिक साझेदारी को अहमियत देता है जो हमने समय के साथ बनाई है। आज लिए गए फैसले इस क्षेत्र में भविष्य के रणनीतिक संतुलन को तय करेंगे और इनके दूरगामी असर होंगे। राष्ट्रपति शी की ओर से शांति के लिए बताए गए चार सिद्धांत बहुत अहम हैं।' इससे पहले चीन के विदेश मंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की सेंट्रल कमेटी के पॉलिटिकल ब्यूरो सदस्य वांग यी ने बुधवार को अराघची से मुलाकात की। चीनी विदेश मंत्रालय के हवाले से ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर ने बताया कि चीन की राजधानी में अराघची से मुलाकात के दौरान वांग ने कहा, 'ईरान के साथ बातचीत और सहयोग को मजबूत करने और ईरान के जायज अधिकारों और हितों की रक्षा करने को चीन तैयार है।'

# 'खुद कानून तोड़ने वाली ताकतें सुरक्षा परिषद में'

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि जो वैश्विक शक्तियां खुद अंतरराष्ट्रीय कानून का

■ यूएन में सुधार पर बोले गुटेरेस- बिना सजा नियम तोड़ रहे देश

उल्लंघन करती हैं। वे ही सुरक्षा परिषद में बैठी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 15 देशों वाले इस वैश्विक संगठन में सुधार सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।

महासचिव गुटेरेस ने सत्ता के पुनर्वितरण की जरूरत पर भी जोर दिया। गुटेरेस ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, 'साफ बात यह है कि हमारे बीच भू-राजनीतिक मतभेद हैं। इन मतभेदों के बीच ऐसी ताकतें हैं जो खुद अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करती हैं और सुरक्षा परिषद में शामिल हैं। जैसा कि हम जानते हैं, इसी वजह से सुरक्षा परिषद ठप पड़ी है। यही कारण है कि सुरक्षा परिषद में सुधार को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसी सुरक्षा परिषद को स्वीकार नहीं किया जा सकता जिसका स्वरूप आज की दुनिया के बजाय कई दशक पुरानी दुनिया को दर्शाता हो।' यूएन प्रमुख



ने यूएम जनरल असेंबली के 81वें सेशन के हाई-लेवल वीक की शुरुआत से पहले वर्ल्ड हेडक्वार्टर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'और यह एक तरह का 'पैरालिसिस' (ठहराव या बेअसर होने की स्थिति) है।' गुटेरेस ने कहा कि यूएन सुरक्षा परिषद के ठप पड़ने से ऐसी स्थिति बन गई है कि दुनिया भर के हर देश को लगता है कि उन्हें अपनी मर्जी का कुछ भी करने का हक है।' क्योंकि सबसे बड़ी ताकतों का उदाहरण अच्छा नहीं है। वे जानते हैं कि वे बिना किसी सजा के ऐसा कर सकते हैं क्योंकि सिक्योरिटी काउंसिल खुद बेअसर हो चुकी है।

# यूरोपीय संघ : 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर लगे रोक

## सख्त नियमों का रखा प्रस्ताव

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। 27 सदस्यीय देशों के संघ ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन बुधवार को स्ट्रासबर्ग में स्टेट ऑफ द यूरोपियन यूनियन पर अपने सालाना भाषण के दौरान 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और चैटबॉट इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा। इससे बड़ी उम्र के किशोरों के लिए भी कड़े नियम प्रस्तावित किए हैं। लेयेन ने कहा कि कई लोग बड़ी टेक कंपनियों की ताकत को बहुत अधिक मानते हुए उसे कम करना नामुमकिन मानते हैं, लेकिन हम इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि कि बच्चों को लत लगाने वाले फीचर्स, अत्यधिक उग्र सामग्री, लड़कियों की फोटो का इस्तेमाल, एआई से बनाई गई यौन तस्वीरों के खतरे से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने इस तरह के प्रतिबंधों का चरणबद्ध खाका पेश किया।

उन्होंने कहा कि 13 से 15 साल के बच्चों को समय-सीमा के साथ अभिभावकों की देखरेख वाले मिनी अकाउंट्स दिए जाएंगे, जबकि 15 से 18 साल के किशोरों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को सुरक्षित डिजाइन उपलब्ध कराना होगा। इस प्रस्ताव को लेकर अधिक जानकारी गुरुवार को आने की उम्मीद है।

# गोरों के खिलाफ भेदभाव के आरोपों पर होगा एक्शन

केप टाउन। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एक नई घोषणा की। प्रशासन का कहना है कि वे उन अधिकारियों के यात्रा पर प्रतिबंध

■ ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अफ्रीकी अफसरों पर लगाया बैन

लगाएगा, जिनके बारे में यह दावा है कि वे दक्षिण अफ्रीका में गोरों और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ भेदभाव के लिए जिम्मेदार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि वह उन विदेशी नागरिकों के अमेरिकी वीजा रद्द कर देंगे या वीजा आवेदनों को अस्वीकार कर देंगे, जो दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक जातीय और नस्लीय समूहों के खिलाफ बिना मुआवजे के भूमि अधिग्रहण,



नस्ल-आधारित भेदभाव और हिंसा भड़काने की अनुमति देने वाले कानूनों और नीतियों को लागू करने या उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल पाए जाते हैं। रुबियो ने कहा, 'अमेरिका इस तरह के व्यवहार को बेरोकटोक नहीं चलने देगा। ये कार्रवाइयां सीधे तौर पर शांति, आर्थिक स्थिरता और कानून के शासन को कमजोर करती हैं। ये अमेरिका की विदेश नीति के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं।' दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने श्वेत लोगों के खिलाफ भेदभाव के अमेरिकी आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल सत्ता में लौटने के बाद से प्रशासन की ओर से किए गए दावे निराधार और गलत सूचना का परिणाम हैं।

रुबियो ने उन अधिकारियों की पहचान नहीं की जिन्हें यात्रा प्रतिबंधों के तहत निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक श्वेतों के एक लॉबी समूह ने पहले अमेरिका से अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था, जो दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा की पार्टी है और दक्षिण अफ्रीका की संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

बदलाव

## ईरान में हिजाब नियमों पर क्यों थम रही सख्ती?

# बिना सिर ढके निकल रहीं महिलाएं, कट्टरपंथी चाह रहे कार्रवाई

दुबई। ईरान की राजधानी तेहरान में महिलाएं बिना सिर ढके खुले कैफे में बैठ रही हैं और छोटे टॉप पहन रही हैं। पार्कों में पुरुष शॉर्ट्स और महिलाएं लेगिंग पहनकर साथ में व्यायाम कर रही हैं। सड़क किनारे होने वाले संगीत कार्यक्रमों में महिलाएं नाचती दिखाई दे रही हैं और खुले बालों के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए तेहरान के इन दृश्यों से पता चलता है कि इस्लामी गणराज्य में सामाजिक पाबंदियों को लागू करने में हाल के वर्षों में काफी ढील आई है। इस बदलाव की एक बड़ी वजह 16 सितंबर 2022 को 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद भड़के बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शन हैं। अमीनी को कथित तौर पर सही तरीके से सिर पर स्कार्फ नहीं पहनने के आरोप में नैतिकता पुलिस ने हिरासत में लिया था। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनों को सख्ती से दबाया था। इस कार्रवाई में 500 से अधिक लोग मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, शांति बनाए रखने के लिए





अधिकारियों ने महिलाओं के हिजाब और शालीन कपड़ों से जुड़े नियमों को लागू करने में पीछे हटना शुरू कर दिया। अब सवाल यह है कि क्या इस ढील को फिर से खत्म किया जा सकता है। ईरान के सत्ता प्रतिष्ठान में कट्टरपंथी नेता महिलाओं के पहनावे पर फिर सख्ती की मांग कर रहे हैं। लेकिन शीर्ष नेता ऐसे समय में जनता की नाराजगी भड़काने से बचने की चेतावनी दे रहे हैं, जब युद्ध, अमेरिका के हमलों, प्रतिबंधों और नौसैनिक नाकाबंदी के कारण पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के ससुर और राजनेता गुलाम अली हद्दाद आदेल ने पिछले सप्ताह हिजाब को लेकर सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, 'युद्ध की परिस्थितियों के कारण हम उस मोर्चे में उस तरह प्रवेश नहीं कर सकते, जिस तरह हमें करना चाहिए।' तेहरान में रहने वाली कार्यकर्ता और पूर्व राजनीतिक कैदी पूरन नाजेमी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद हिजाब को लेकर मतभेद और गंभीर हो गए हैं। उन्होंने फोन पर कहा, 'वे प्रदर्शनों से डरते हैं।' राजधानी के एक समृद्ध उत्तरी इलाके में रहने वाली 20 साल के शुरुआती दशक की एक विश्वविद्यालय छात्रा ने बताया कि वह सिर पर स्कार्फ नहीं पहनती, लेकिन ऐसे कपड़े पहनती है जो उसके हाथ और पैर का अधिकांश हिस्सा ढकते हैं।


उसने कहा, मुझे लगता है कि मैंने बहुत ज्यादा कपड़े पहन रखे हैं। उसने बताया कि उसकी सहेलियां ऐसे टॉप पहनकर बाहर जाती हैं जिनमें उनके कंधे खुले रहते हैं और घुटने तक के शॉर्ट्स पहनती हैं। सुरक्षा कारणों से उसने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर एपी से बात की। ईरान में सबसे सख्त स्थिति में महिलाओं के लिए बाल ढकने वाला स्कार्फ और पूरे शरीर को छिपाने वाले ढीले कपड़े पहनना जरूरी है। सड़कों पर धार्मिक पुलिस इन नियमों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं पर जुर्माना लगा सकती है, उन्हें परेशान कर सकती है या गिरफ्तार कर सकती है।पिछले एक दशक में कई महिलाओं ने इन सीमाओं को चुनौती दी है। उन्होंने स्कार्फ को पीछे खिसकाकर अधिक बाल दिखाने शुरू किए और शरीर से चिपके कपड़े पहनने लगीं। 2022 के बाद कई महिलाओं ने पूरी तरह सिर ढकना बंद कर दिया। हाल के समय में तेहरान के कुछ हिस्सों में महिलाएं हाथ, पैर और यहां तक कि पेट भी खुला रखती दिखाई दी हैं।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089